सूर्योदय 06.19AM | सूर्यास्त 06.35PM
चंद्रोदय 04.14AM | चंद्रास्त 02.12PM
चैत्र- कृष्ण पक्ष
सूर्य राशि : मकर
तिथिः एकादशी 03:45AM
नक्षत्रः श्रवण 03:39AM
योगः शिव 02:53PM
करणः बव 04:30PM



वर्ष : 6 अंक: 168 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 25 मार्च 2025

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## राज्यसभा में सरकारी टेंडरों में अल्पसंख्यक को 4 फीसदी आरक्षण देने पर हंगामा

### नड्डा ने कहा- धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता



नई दिल्ली,, एजेंसी। राज्यसभा में सोमवार को कर्नाटक आरक्षण मुद्दे पर जोरदार हंगामा हुआ। दरअसल, कर्नाटक में सरकारी टेंडरों में अल्पसंख्यक ठेकेदारों को 4 फीसदी आरक्षण दिया गया है। इसे लेकर बीजेपी का कहना है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आरक्षण की धज्जियां उड़ा दी हैं। राज्यसभा में बीजेपी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सफाई मांगी गई। उधर हंगामा बढ़ने पर राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

हंगामे के बीच खड़गे ने कहा कि कोई भी बाबा साहेब आंबेडकर के संविधान को नहीं बदल सकता। हम हर हाल में संविधान की रक्षा करेंगे। हालांकि, कर्नाटक में मुस्लिमों को आरक्षण देने पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और किरेन रिजिजू ने खड़गे से कांग्रेस का रुख साफ करने को कहा। नड्डा ने कहा कि कर्नाटक के डेप्युटी सीएम बोल रहे हैं कि इसके लिए जरूरत पड़ी तो संविधान में बदलाव करेंगे। नड्डा ने कहा कि संविधान में ये लिखा है कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता, लेकिन कर्नाटक सरकार ने ऐसा बिल पास किया है। वहीं केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारे नोटिस में ये अहम मामला आया है कि कांग्रेस के एक सीनियर लीडर ने बयान दिया है कि वह संविधान में संशोधन करेंगे जिससे कि मुस्लिम समुदाय को आरक्षण दिया जा सके। ये बयान संविधान पर हमला है। हम ये बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे इस बात को स्पष्ट करें। इस मामले पर संसद में आगे भी हंगामे के आसार हैं।

## इंडिया गठबंधन के छात्र संगठनों के प्रदर्शन में पहुंचे राहुल गांधी ने कहा- शिक्षा तंत्र को खत्म करने में तुला हुआ है आरएसएस

### केंद्रीय विश्वविद्यालयों में संघ के लोग बने वाइस चांसलर



नई दिल्ली,, एजेंसी। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को इंडिया गठबंधन के छात्र संगठनों के प्रदर्शन में शिरकत की। उन्होंने जंतर मंतर में एकत्रित हुए छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर शिक्षा तंत्र को खा जाने का आरोप लगाया और संघ को अपने निशाने पर लिया।

सांसद राहुल गांधी ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आरएसएस शिक्षा-तंत्र को खत्म करने पर तुला हुआ है। उन्होंने कहा कि आज हिंदुस्तान के तमाम केंद्रीय विश्वविद्यालयों में आरएसएस के लोग वाइस चांसलर बने बैठे हैं। इसके बाद बहुत जल्द ही राज्यों की यूनिवर्सिटीज में भी आरएसएस के ही वाइस चांसलर नियुक्त होंगे। अब यदि एजुकेशन सिस्टम ही इनके हाथ में चला गया तो सब खत्म हो जाएगा। उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार तो बेरोजगारी पर खामोश है। देश की युवा पीढ़ी को बेरोजगार बनाया जा रहा है। देश के अंदर किसी को भी रोजगार उपलब्ध नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में हम छात्रहितों पर समझौता हरगिज नहीं करेंगे। छात्रों का आव्हान करते हुए राहुल ने कहा कि हम सभी को एक-साथ मिलकर इन ताकतों से लड़ना है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को देश में व्याप्त बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा प्रणाली पर बात करनी चाहिए, लेकिन उनका सिस्टम तो अंबानी-अडानी तक ही सीमित है। इस दौरान उन्होंने इंडिया अलायंस पर भी अपनी बात रखी और कहा कि इंडिया अलायंस के तौर पर हमारे मध्य विचारधारा को लेकर थोड़ा-बहुत मतभेद हो सकता है, लेकिन हम सब का उद्देश्य एक ही है। हम सब मिलकर देशहित में आरएसएस और उनकी विचारधारा के खिलाफ लगातार काम करते रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार से ओडिशा के दो दिवसीय दौरे पर हैं। राष्ट्रपति के दौरे की जानकारी दे रहे अधिकारियों ने बताया कि इस दौरे के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू नयागढ़ के कालियापल्ली में भारतीय विश्वबासु सबर समाज के स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेंगी। इससे पहले आज वो रायपुर से भुवनेश्वर पहुंच रहीं हैं, जहां से हेलीकॉप्टर के द्वारा नयागढ़ के कांतिलो जाएंगी। वहां वो कांतिलो नीलामाधव मंदिर जाएंगी और उसके बाद मुख्य अतिथि के तौर पर कालियापल्ली समारोह में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू शाम को भुवनेश्वर लौटकर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को वे नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

### लेह में कांपी धरती, घबराकर लोग आए घरों से बाहर, नुकसान की जानकारी नहीं

लेह लद्दाख,, एजेंसी। लेह लद्दाख की धरती कांप गई यहां 3.6 तीव्रता का भूकंप आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक यह भूकंप सोमवार सुबह 4 बजकर 32 मिनट 58 सेकंड पर आया। भूकंप का केंद्र लेह लद्दाख में 34.35 उत्तरी अक्षांश और 78.06 पूर्वी देशांतर पर स्थित था, जिसकी गहराई 10 किलोमीटर मापी गई। धरती कांपने से डर कर लोग घरों से बाहर आ गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्थानीय लोगों ने बताया कि भूकंप के झटके महसूस होते ही लोग नींद से जाग गए और घरों से बाहर आ गए। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों ने स्थिति पर नजर रखी हुई है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। लद्दाख हिमालय पर्वत श्रृंखला के पास स्थित है और इस कारण भूकंप के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस क्षेत्र में छोटे-मोटे भूकंप आना सामान्य बात है, लेकिन बड़े भूकंप का खतरा भी रहता है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.6 होने के कारण इसे हल्का माना जा रहा है, जिससे आमतौर पर नुकसान की संभावना कम ही होती है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत अधिकारियों से संपर्क करें। भूकंप के बाद मौसम विभाग और भूकंप विज्ञानियों की टीम क्षेत्र में स्थिति का जायजा लेने वहा पहुंच गई। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भविष्य में भी इस क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधियां संभव हैं, इसलिए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। फिलहाल, स्थिति नियंत्रण में है और लोग अपने दैनिक कार्यों को अंजाम दे रहे हैं।

## भारतीय साहित्य अकादमी द्वारा प्रकाशित 'संतविभूति प्रमुखस्वामी महाराज' पुस्तक का भव्य लोकार्पण समारोह अहमदाबाद में संपन्न



अहमदाबाद। भारत सरकार की साहित्यिक संस्था 'साहित्य अकादमी' और बीएपीएस स्वामिनारायण रिसर्च इंस्टिट्यूट, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 'संतविभूति प्रमुखस्वामी महाराज' पुस्तक का लोकार्पण बीएपीएस स्वामिनारायण मंदिर, अहमदाबाद में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस पुस्तक के लेखक महामहोपाध्याय स्वामी भद्रेशदास जी हैं, जिन्होंने भारतीय संस्कृति के वैश्विक उत्थान के लिए परम पूज्य प्रमुखस्वामी महाराज के जीवन तथा उनके द्वारा संचालित सामाजिक और आध्यात्मिक अभियानों के विविध पहलुओं को सहज रूप में प्रस्तुत किया है। सात प्रकरणों के माध्यम से यह पुस्तक प्रमुखस्वामीजी के निःस्वार्थ योगदान को उजागर करती है, जो करुणा, सेवा और श्रद्धा जैसे मूल्यों की प्रेरणा देती है। विश्वशांति और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को प्रोत्साहित करते हुए, यह पुस्तक प्रमुखस्वामीजी के आध्यात्मिक जीवन को एक प्रेरक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करती है।

समारोह का आरंभ परिचयात्मक उद्बोधन से हुआ। मंच पर उपस्थित महानुभावों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इसके बाद ह्यप्रमुख स्वामी महाराजः मेरी दृष्टि में, मेरा अनुभवह्न नामक विशेष सत्र में स्वामी भद्रेशदास जी और अन्य महानुभावों ने अपने अनुभव साझा किए।

प्रख्यात विद्वानों जैसे पद्म श्री गौतम भाई पटेल, गुजरात के प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान; माधव रामानुज, प्रसिद्ध गुजराती कवि, साहित्यकार और समीक्षक; तरुण विजय, पांचजन्य के पूर्व संपादक और पूर्व सांसद; श्रीनिवास वरखेड़ी, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति; हरेकृष्ण सतपथी, संस्कृत के प्रख्यात विद्वान; मुरलीमनोहर पाठक, लाल बहादुर शास्त्री विश्वविद्यालय के कुलपति; और जी.एस.आर. कृष्णमूर्ति, तिरुपति संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति; सुकांत सेनापति, श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति, आई.आई.टी. खड़गपुर के पूर्व निर्देशक श्री वीरेंद्रकुमार तिवारी आदि महानुभावों ने इस पुस्तक को एक अभूतपूर्व कृति के रूप में सराहा। उन्होंने परम पूज्य प्रमुख स्वामी महाराज के वैश्विक योगदान की प्रशंसा की और उनके बारे में हृदयस्पर्शी संस्मरण साझा किए। साथ ही, इस विशिष्ट पुस्तक के लेखन के लिए लेखक महामहोपाध्याय पूज्य भद्रेश दास स्वामी के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की।

साहित्य अकादमी के सचिव श्री डॉ. के. श्रीनिवास राव द्वारा पुस्तक के प्रकाशन पर संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई और प्रमुख स्वामी महाराज के जीवन पर एक विशेष वीडियो भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्री माननीय गजेन्द्र सिंह शेखावत ने पुस्तक का लोकार्पण किया। उनके साथ गुजरात साहित्य अकादमी के अध्यक्ष श्री भाग्येश झा और कई विश्वविद्यालयों के कुलपति व विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में मंत्री महोदय ने कहा कि परम पूज्य प्रमुख स्वामी महाराज जी को उनकी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उनकी सेवाओं और योगदान ने वैश्विक स्तर पर अनगिनत लोगों को प्रेरित किया है।

**ब्रह्मस्वरूप प्रमुखस्वामी महाराज (1921-2016)**

प्रमुखस्वामी महाराज एक विलक्षण संत विभूति थे, जिन्होंने 'दूसरों की भलाई में ही अपनी भलाई है' इस जीवनसूत्र के साथ लाखों लोगों को स्नेह और प्रेरणा प्रदान की। भगवान स्वामिनारायण की गुणातीत गुरु परंपरा के पाँचवे आध्यात्मिक गुरु के रूप में, इस विश्ववंदनीय संत ने बच्चों, युवाओं, वृद्धों, शिक्षित-अशिक्षित, देश-विदेश के लोगों को अपार वात्सल्यवर्षा से कृतार्थ किया।

बीएपीएस स्वामिनारायण संस्था की विविध अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों के सूत्रधार के रूप में, उन्होंने कठोर पुरुषार्थ से एक विराट चारित्र्यवान समाज की स्थापना की। 17,000 से अधिक गाँवों का आध्यात्मिक विचरण, 2,50,000 से अधिक घरों में व्यक्तिगत मुलाकात, 7,00,000 से अधिक पत्रों का लेखन, लाखों लोगों से प्रत्यक्ष संवाद झ इन सबके माध्यम से इस महान संत ने असंख्य जीवनों को उज्ज्वल दिशा दी।

अक्षरधाम जैसे विश्वप्रसिद्ध संस्कृति-धाम के साथ-साथ विश्वभर में 1,100 से अधिक मंदिरों का निर्माण कर उन्होंने भारतीय संस्कृति के चिरस्थायी स्मारकों की स्थापना की। भारत सहित विश्व के कई देशों में प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित लोगों के लिए उनकी करुणा सदैव प्रवाहित हुई। इसी कारण, अंतरराष्ट्रीय नेताओं से लेकर आदिवासी क्षेत्रों के लोगों तक, असंख्य व्यक्तियों ने उन्हें अपने हृदय में स्थान दिया। साधुता की पराकाष्ठा समान इस महापुरुष की महान उपलब्धियों का रहस्य उनके ईश्वर-साक्षात्कार में निहित था। असंख्य व्यक्तियों ने उनके सान्निध्य में परब्रह्म की दिव्य अनुभूति प्राप्त की और उच्चतम आध्यात्मिक शिखर को प्राप्त किया।

## अभिमन्यू की तरह छल कपट से केजरीवाल को हराया गया: सौरभ भारद्वाज



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली आम आदमी पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली सीट पर केजरीवाल की हार की तुलना महाभारत में अभिमन्यु के वध से की। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से अरविंद केजरीवाल की नई दिल्ली का चुनाव हुआ है। मैं तो जब सुनता हूं मुझे ऐसा लगता है कि जैसे चक्रव्यू के अंदर अभिमन्यु को घेरकर छल-कपट के साथ वध किया गया था, वैसे ही हमारे केजरीवाल जी को नई दिल्ली में घेरा गया। यह सबने देखा है।

विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार के करीब डेढ़ महीने बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल दिल्ली में किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम में अरविंद केजरीवाल के सामने दिल्ली के नए प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज नई दिल्ली सीट के चुनाव परिणाम का भी जिक्र किया। सौरभ भारद्वाज ने मुस्कुराहट के साथ कहा कि केजरीवाल की किस्मत ऐसी ही है, वह कभी नीचे जाते हैं और कभी ऊपर। हम सब की किस्मत इनके साथ है। ये जितना नीचे जाते हैं, बॉल को नीचे मारो तो वह उतनी ऊपर जाती है, मेरा तजुर्बा है कि अरविंद जी जब जब नीचे गए हैं ये दोगुनी स्पीड से ऊपर गए हैं। पूरी पार्टी और एक-एक कार्यकर्ता की किस्मत इनके साथ जुड़ी है।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जब आप की सरकार बनी थी तो लोगों को चेहरों पर खुशी नजर आती थी, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद लोग खुश नहीं हैं। हमारे हारे हुए विधायक जहां जाते हैं वहां लोग पकड़कर खड़े हो जाते हैं गले लगकर रोने लगते हैं। आप कैसे हार गए हमने तो वोट दिया था। यह हमारी बहुत बड़ी जीत है कि हमारी हार का चर्चा उनकी जीत से ज्यादा है। पुलिस का इस्तेमाल, चुनाव आयोग का इस्तेमाल, पैसे का इस्तेमाल, प्रशासन का इस्तेमाल, गुंडागर्दी का इस्तेमाल, सब करके भी यदि आप मान लें कि रिजल्ट सही भी है तो आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच दो फीसदी वोट शेयर का ही फर्क है।

## बांग्लादेश में छपे 500 के नकली नोट, भारत में खपाते थे पुलिस ने दबोचा

### नकली नोट गिरोह के सरगना समेत 3 गिरफ्तार, महंगे मोबाइल व घड़ी बरामद



अलीगढ़,, एजेंसी। यूपी के अलीगढ़ जिले की पुलिस और क्रिमिनल इंटेलीजेंस विंग की संयुक्त टीम ने बांग्लादेश से 500 रुपए के नकली नोट लाकर भारत में चलाने वाले एक गिरोह के सरगना समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग असली नोट दिखाकर नकली नोटों को दुकानदारों को बेचते थे। गिरफ्तार आरोपियों में 2 लोग कासगंज के और 1 अलीगढ़ का रहने वाला है। पुलिस ने इनके पास से 77 हजार रुपए के नकली नोट और 29 हजार रुपए के असली नोट बरामद किए हैं।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है पुलिस को इन आरोपियों के पास से 500 रुपए के 154 नकली नोट और 58 असली 500 रुपए के नोट बरामद किए हैं। इसके अलावा, पुलिस ने इनसे 5 मोबाइल फोन, एक रोलेक्स घड़ी, पैन कार्ड और आधार कार्ड भी बरामद किया है। ये नकली नोट को पहचान पाना मुश्किल था क्योंकि यह बिल्कुल असली की तरह थे। जांच में खुलासा हुआ है कि इन नकली नोटों पर आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के हस्ताक्षर थे।

पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना जिकरुल हसन था, जो बांग्लादेश के जलाल नामक व्यक्ति के संपर्क में था। जलाल बांग्लादेश से नकली नोटों की सप्लाई करता था। यह गिरोह बांग्लादेश के मालदा से दिल्ली होते हुए भारत में आता था और यहां दुकानदारों को एक असली नोट दिखाकर नकली नोटों से धोखाधड़ी करता था। इन नकली नोटों की सीरीज और आकार असली नोटों जैसे थे, जिससे पहचान पाना मुश्किल था।

बताया जा रहा है कि पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने एक स्कूटी को रोका जिस तीन लोग सवार थे, लेकिन वे भागने लगे, जिसके बाद पुलिस ने उनका पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। पुलिस का कहना है कि गिरोह के सदस्य असली नोट दिखाकर दुकानदारों को नकली नोट देकर धोखा देते थे, और यह काम वे बांग्लादेश से लाए गए नकली नोटों के जरिए करते थे। इन नकली नोटों की पहचान के लिए इन्हें लैब जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और इस रैकेट का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन करेगी एआईएमपीएलबी



नई दिल्ली , एजेंसी। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की घोषणा की, इसके तहत विरोध के पहले चरण के तहत 26 और 29 मार्च को पटना और विजयवाड़ा में राज्य विधानसभाओं के सामने बड़े पैमाने पर धरना देने की योजना है। एआईएमपीएलबी के प्रवक्ता एसक्यूआर इलियास ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित जेडी (यू), आरजेडी, कांग्रेस और लोक जनशक्ति पार्टी के नेताओं को पटना में आमंत्रित किया है।

इलियास ने कहा, अल्लाह की कृपा और इन समूहों के एकजुट समर्थन के बिना, दिल्ली प्रदर्शन की सफलता संभव नहीं होती। एआईएमपीएलबी की 31 सदस्यीय कार्य समिति ने विधेयक का विरोध करने के लिए सभी 'संवैधानिक, कानूनी और लोकतांत्रिक साधनों' का उपयोग करने का संकल्प लिया है।

आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस और वामपंथी दलों को निमंत्रण दिया गया है। इलियास ने कहा कि इन विरोध प्रदर्शनों का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गठबंधन सहयोगियों को संदेश देना है कि 'या विधेयक से समर्थन वापस ले लें या फिर हमारा समर्थन खोने का जोखिम उठाएं।' अपने राष्ट्रव्यापी आंदोलन की योजना के तहत, एआईएमपीएलबी ने हैदराबाद, मुंबई, कोलकाता, बेंगलुरु, मलेरकोटला (पंजाब) और रांची में बड़ी रैलियाँ आयोजित करने की योजना बनाई है।

वहीं वक्फ संयुक्त समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि वे देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इमरान मसूद हों या एआईएमपीएलबी, वे अल्पसंख्यकों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। वे अपने विरोध प्रदर्शनों के जरिए देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

# के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा जिला युवा संसद का सफल आयोजन सम्पन्न

» विजय गौड़ ब्यूरो चीफ





के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा 22-23 मार्च 2025 को जिला युवा संसद (ऊढ) का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय ह्लएक राष्ट्र, एक चुनावः विक्षित भारत की ओर मार्गदर्शनह्व रहा, जिसमें तीन जिलों–रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरुग्राम के प्रतिभागियों का चयन स्क्रीनिंग प्रक्रिया के पश्चात किया गया। छात्र-छात्राओं ने पूरे जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। इस आयोजन के लिए एनएसएस के प्रमुख अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर समन्वय किया। कार्यक्रम में तीन जिलों - रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरुग्राम से कुल 200 छात्रों ने ट८ ईँ१३ पोर्टल पर पंजीकरण कराया, जिनमें से स्क्रीनिंग के बाद 150 विद्यार्थियों का चयन किया गया। छात्रों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम में श्री नरेंद्र आहुजा विवेक (पूर्व राज्य औषधि नियंत्रक हरियाणा), श्री टी.आर. केम (पूर्व यूजीसी सचिव), श्री नवीन गुलिया (जिला युवा अधिकारी), प्रोफेसर मेहराजुद्दीन मीर (मोतीलाल नेहरू चेयर), डॉ. राहुल शर्मा (रजिस्ट्रार, के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय), अधिवक्ता माण सिंह (जूरी सदस्य), सीनियर अधिवक्ता तेजपाल, अधिवक्ता करण चौधरी, अधिवक्ता नवीन गर्ग, डॉ. अंजलि शेखरवाट और श्री शिवम अरोरा जैसी गणमान्य हस्तियों की उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र के उपरांत गुरुग्राम जिले के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो अपराह्न 4:00 बजे समाप्त हुई। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे हुआ, जिसमें रेवाड़ी और फरीदाबाद जिलों के प्रतिभागियों की प्रतियोगिता दोपहर 1:00 बजे तक चली। तत्पश्चात के. आर. मंगलम विश्वविद्यालय के एनएसएस छात्रों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं।

यूनिवर्सिटी के मीडिया प्रमुख लोकेश जैन ने ब्यूरो चीफ विजय गौड़ को बताया कि अंत में जूरी सदस्यों द्वारा दोनों दिनों के कुल 10 विजेताओं (पिंकी, तमन्ना दयाल, चरण सिंह, तुषार कालरा, अभिमन्यु यादव, प्रिय, तरुण शर्मा , विष्णु मिश्रा, सात्विक मुखर्जी, दमन सुनेजा) की घोषणा की गई और सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन और अतिथियों ने युवाओं की भागीदारी की सराहना की और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

- आयोजन के लिए एनएसएस के प्रमुख अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने मिलकर समन्वय किया ह्रियाणा के तीन जिलों - रेवाड़ी, फरीदाबाद और गुरुग्राम से कुल 200 छात्रों ने My Bharat पोर्टल पर पंजीकरण कराया

# कैश कांड में फंसे जस्टिस यशवंत वर्मा ने पांच कारण गिनाकर अपनी सफाई पेश की

## जिस कमरे में कैश मिला, वहां स्टोर रुम

नई दिल्ली , एजेंसी। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय को पत्र लिखकर कैश कांड पर अपनी बात रखी है। जस्टिस वर्मा ने अपने पत्र में सभी आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि छवि को खराब करने के लिए इसतरह के आरोप लगाए जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा हुआ था कि जस्टिस वर्मा के घर आग लगने की खबर पर पहुंचे दमकलकर्मियों को एक कमरे में बड़े पैमाने पर कैश मिला था। इतना ही नहीं बताया जा रहा है कि कैश जलने के वीडियो भी दिल्ली पुलिस कमिश्नर की ओर से हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को दिए गए हैं।

अग्निकांड वाले दिन जस्टिस वर्मा और उनकी पत्नी दिल्ली में नहीं थे बल्कि मध्य प्रदेश की यात्रा पर थे। उनकी बेटी और मां ही घर पर थे। 15 मार्च की शाम को जस्टिस वर्मा घर लौटे थे। मामले में चीफ जस्टिस के निर्देशन में जांच जारी है और दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने मामले में स्पष्टीकरण मांगा था। इसके अलावा तीन सदस्यीय एक समिति भी जांच के लिए गठित हुई है। वहीं जस्टिस वर्मा ने अपना जवाब दिया है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने प्रकाशित भी किया है। जस्टिस वर्मा ने कैश जलने वाले वीडियो पर ही हैरानी जाहिर की है, इस वीडियो को पुलिस कमिश्नर ने चीफ जस्टिस को सौंपा। उन्होंने कहा कि जो वीडियो शेयर किया गया था और उसमें जो दिखाया गया है, वैसा कुछ भी मौके पर नहीं था।

उन्होंने दूसरी दलील में बताया कि जब अग्निकांड के बाद घर लौटे, परिवार के किसी सदस्य या फिर स्टाफ मेंबर ने उन्हें ऐसी किसी रिकवरी की बात नहीं बताई। उन्होंने कहा कि यह बात हैरान करने वाली है कि दावा किया जा रहा है, वैसा कुछ भी नहीं है। जिस कमरे में आग लगी थी, वहां से कोई कैश बरामद नहीं हुआ। साथ ही जले हुए नोट भी बरामद नहीं हुए, जबकि कैश जलने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवार के किसी भी सदस्य ने उस कमरे में कोई कैश नहीं देखा, जहां 14 और 15 मार्च की रात को आग लगी थी। जस्टिस वर्मा ने कहा कि पुलिस उस दिन रात को लौट गई, लेकिन यह नहीं बताया कि वहां से कोई कैश बरामद हुआ है।

जस्टिस वर्मा ने कहा कि मैंने या फिर मेरे परिवार के किसी भी सदस्य ने स्टोर रूम में कोई कैश नहीं रखा था। हम जो भी कैश निकालते हैं, उसकी पूरी डिटेल है। हम बैंक से ही ऐसा करते हैं या फिर यूपीआई का इस्तेमाल होता है। या फिर कार्ड भी यूज करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं फिर से दोहरा रहा हूं कि मुझे या परिवार के किसी सदस्य को उस कमरे से कोई कैश नहीं मिला, जहां का दावा किया जा रहा है। उन्होंने अपने बचाव में फायर सर्विस के चीफ का बयान ही दोहराया है कि मौके से कोई कैश नहीं मिला था।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रियंका गांधी वाड्रा का आरोप, सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने देने की मंशा बना ली

नई दिल्ली , एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध को लेकर कहा कि लगता है कि सत्तापक्ष ने सदन नहीं चलाने देने की मंशा बना ली है। कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे को लेकर हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही बाधित हुई। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, ऐसा लगता है कि उन्होंने (सत्तापक्ष ने) मन बना लिया है कि सदन नहीं चले। अब कई दिन हो गए हैं और वे हंगामा खड़ा करने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ ही लेते हैं।' कर्नाटक विधानसभा ने विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कड़े विरोध के बीच सरकारी ठेकों में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित किया। इस मुद्दे पर उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के बयान पर सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में गतिरोध की स्थिति बनी रही। इन मुद्दों पर हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही सुबह शुरू होने के कुछ मिनट बाद ही दोपहर 12 बजे तक और फिर अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

### आईटीबीपी ने छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में स्थापित किया नया कैंप

नई दिल्ली , एजेंसी। मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने के केंद्र सरकार के संकल्प को ध्यान में रखते हुए भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले कुतुल से करीब 5 किलोमीटर आगे बेडमाकोटी में नया कैंप स्थापित किया है। बेडमाकोटी का इलाका नक्सल प्रभावित है और यहां जवानों की जान को हर कदम पर खतरा बना रहेगा। इस इलाके में नए कैंप की स्थापना को सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

### बजट से पहले दिल्ली सरकार की खीर सेरेमनी

नई दिल्ली , एजेंसी। दिल्ली विधानसभा का दूसरा सत्र 24 मार्च से शुरू हो रहा है, सरकार इस सत्र में अपना पहला बजट पेश करेगी। इससे पहले खीर सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें सभी वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया गया। जनता को बजट से यमुना सफाई, रोजगार, प्रदूषण नियंत्रण और पार्किंग समस्या के समाधान जैसी उम्मीदें हैं। दिल्ली की आठवीं विधानसभा का दूसरा सत्र 24 मार्च से शुरू होने जा रहा है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने विधानसभा सत्र बुलाने का आदेश दिया है। यह सत्र सुबह 11 बजे शुरू होगा और इसमें बीजेपी सरकार अपना पहला बजट पेश करेगी। इस बजट को लेकर जनता और व्यापारियों को खासी उम्मीदें हैं। सरकार ने बजट पेश करने से पहले खीर सेरेमनी का आयोजन किया। इसमें शामिल होने के लिए पहुंचे ऑटो ड्राइवर, सफाई कर्मचारी, टीचर्स, एडवोकेट, महिलाएं छात्र खीर सेरेमनी के लिए आज सभी को आमंत्रित किया गया है। दिल्ली के हर वर्ग के लोगों को आज इस खीर सेरेमनी के लिए आमंत्रित किया गया है। आज से दिल्ली विधानसभा के बजट सत्र की शुरूआत हो रही है, कल दिल्ली सरकार अपना का बजट पेश करेगी।

# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय का 14वाँ दीक्षांत समारोह-2025 25 मार्च 2025 को

- 14 वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे तथा सम्माननीय अतिथि के रूप में गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो रमा शंकर दुबे करेंगे शिरकत
- 14वें दीक्षांत समारोह में 9521 डिग्रियों, 1 कुलाधिपति एवं 1 कुलपति स्वर्ण पदक एवं सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 36 पीएचडी डिग्री का होगा वितरण* *अकादमिक उत्कृष्टता और प्रौद्योगिकी के वैश्विक माहौल के निर्माण के साथ प्रदेश में तकनीकी शिक्षा की सर्वांगीण उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है आरटीयू:
- राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय (आरटीयू), कोटा का 14वाँ दीक्षांत समारोह 25 मार्च 2025 को केडीए ऑडिटोरियम, कोटा में आयोजित किया जाएगा।




राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. सिंह ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं अनुसंधान को बढ़ावा देकर अकादमिक उत्कृष्टता स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय न केवल तकनीकी शिक्षा को सशक्त बना रहा है, बल्कि प्रदेश और देश में उच्च शिक्षा के वैश्विक मानकों को भी बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के 9521 विद्यार्थियों को डिग्रियाँ प्रदान की जाएंगी। समारोह के दौरान कुलाधिपति स्वर्ण पदक, कुलपति स्वर्ण पदक तथा विभिन्न पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले कुल 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त 36 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। इस समारोह की अध्यक्षता माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे करेंगे, जबकि गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रमा शंकर दुबे सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रबन्ध मण्डल एवं विद्या परिषद के सदस्यगण राजस्थान राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों के कुलपति, राजभवन के अधिकारी, विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, कुलसचिव, विभिन्न संबद्ध महाविद्यालयों के चेयरमैन, निदेशक, प्राचार्य, विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी, संकाय सदस्य, शिक्षक, विभिन्न शिक्षाविद, विद्यार्थी व उनके अभिभावक, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि एवं आमंत्रित विशिष्ट अतिथिगण भी शामिल होंगे। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा, प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार का प्रतीक बन चुका है। उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षण, अनुसंधान और उद्योगोन्मुखी पाठ्यक्रमों के माध्यम से यह संस्थान विद्यार्थियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रहा है। आरटीयू ने तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने के साथ-साथ नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और शोध के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। अपनी स्थापना से लेकर अब तक विश्वविद्यालय ने हजारों मेधावी इंजीनियर, प्रबंधक और शोधार्थी तैयार किए हैं, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। 14वें दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफल विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की जाएंगी। इनमें पीएचडी के 36, एमटेक के 212, एमआर्क के 1, एमबीए के 745, एमसीए के 595, बीटेक के 7817, बीआर्क के 113 और बीएचएमसीटी के 2 विद्यार्थी सम्मिलित हैं। इस वर्ष कुल 7487 छात्र और 2034 छात्राएँ उपाधि प्राप्त करेंगे। इस समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक कौटिल्य इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग, जयपुर के एमटेक (ट्रांसपोर्टेशन इंजीनियरिंग) पाठ्यक्रम के छात्र आदित्य शर्मा को प्रदान किया जाएगा, जबकि कुलपति स्वर्ण पदक आर्या इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जयपुर की बीटेक पाठ्यक्रम की छात्रा रश्मि कुमारी को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें एमटेक के 4, एमबीए के 1, एमसीए के 1, बीटेक के 13 और बीआर्क के 1 विद्यार्थी शामिल हैं। इन 20 विद्यार्थियों में 11 छात्र एवं 9 छात्राएँ हैं। 14 वें दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न पाठयक्रमों में अभियांत्रिकी संकाय के 28, प्रबंधन संकाय में 03 एवं कम्प्युटर एप्लीकेशन संकाय के 05 सहित कुल 36 विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्रियां प्रदान की जाएगी। जिसके अंतर्गत 24 छात्र एवं 12 छात्राएं सम्मिलित है।

यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की मेहनत, संकल्प और सफलता का उत्सव है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। दीक्षांत समारोह के उपरांत, विश्वविद्यालय के समस्त संबद्ध महाविद्यालयों में भी डिग्री वितरण समारोह आयोजित किए जाएंगे, जिससे सभी विद्यार्थियों को उनकी उपाधियाँ सुव्यवस्थित रूप से प्रदान की जा सकें। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय का यह प्रयास प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को नई ऊँचाई प्रदान करने और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के 14वें दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में पूर्व संध्या पर विश्वविद्यालय परिसर में गोल्डन प्राइड कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति पूर्व संध्या पर आयोजित इस कार्यक्रम में 14वें दीक्षांत समारोह में प्रदान किये जाने वाले स्वर्ण पदक और पीएचडी उपाधि प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों के सम्मान में रात्रि भोज ह्लगोल्डन प्राइड डिनरह्व का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आरटीयू कोटा के संघटक अभियांत्रिकी महाविद्यालय यूनिवर्सिटी डिपार्टमेंट के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को भामाशाहो के प्रायोजित मेडल द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. एस के सिंह और पंजाब सरकार की शासन सचिव सुमेर सिंह गुर्जर, आईएएस और भामाशाह, विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे।

# बिजनेस के लिए 50 लाख तक का लोन

## पीएम एम्पलॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम में बिना गारंटी 10 लाख तक का कर्ज



नई दिल्ली, एजेंसी। यदि आप खुद का छोटा बिजनेस शुरू करना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं तो प्रधानमंत्री एम्पलॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम लोन योजना की मदद ले सकते हैं। प्रधानमंत्री एम्पलॉयमेंट जेनरेशन प्रोग्राम एक क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी स्कीम है। इसके तहत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 50 लाख रुपए तक और सर्विस सेक्टर में 20 लाख रुपए तक की लागत वाले प्रोजेक्ट के लिए लोन दिया जाता है। इसमें प्रोजेक्ट की कुल लागत का 5 प्रतिशत का इंतजाम व्यवसाय शुरू करने वाले को खुद करना पड़ता है। शेष राशि बैंक लोन के तौर पर मिलती है। 5 वित्त वर्षों (2021-22 से 2025-26) के लिए के लिए 13,554 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं।

इस प्रोग्राम के तहत ग्रामीण इलाकों के लाभार्थी को 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में 25 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है। 10 लाख रुपए तक के लोन के लिए किसी भी तरह की गारंटी की जरूरत नहीं होती है। इस स्कीम का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी इलाकों में पारंपरिक कारीगरों और बेरोजगार युवाओं को एक साथ लाना और छोटे बिजनेस की स्थापना के माध्यम से स्वरोजगार के मौके पैदा करना है, ताकि ग्रामीण युवाओं का शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन रोकने में मदद मिल सके। राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना को खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) लागू कर रहा है। यह एमएसएमई मंत्रालय के तहत काम करने वाला एक वैधानिक संगठन है, जो एकमात्र नोडल एजेंसी के रूप में काम करता है।

# संसदीय नियम में केंद्र को लोकसभा की गुप्त बैठक बुलाने की अनुमति

## अब तक नहीं बुलाई गई इस तरह की कोई बैठक



नई दिल्ली , एजेंसी। संसदीय नियम केंद्र सरकार को संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा के लिए लोकसभा की गुप्त बैठक बुलाने की अनुमति देता हैं, लेकिन इस प्रावधान का अब तक उपयोग नहीं हुआ है। मामले पर एक संवैधानिक विशेषज्ञ का कहना था कि 1962 के चीनी आक्रमण के दौरान कुछ विपक्षी सांसदों ने इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सदन की गुप्त बैठक बुलाने का प्रस्ताव रखा था। हालांकि तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू इसके लिए सहमत नहीं हुए थे।

ह्यलोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन संबंधी नियमह्व के अध्याय 25 में सदन के नेता के अनुरोध पर गुप्त बैठक बुलाने का प्रावधान है। नियम 248, उपखंड एक के अनुसार, सदन के नेता के अनुरोध पर अध्यक्ष सदन की गुप्त बैठक के लिए एक दिन या उसका एक भाग निश्चित करेगा। उपधारा 2 में कहा गया है कि जब सदन गुप्त रूप से बैठेगा तब किसी भी अजनबी को चैंबर, लॉबी या गैलरी में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी। लेकिन कुछ इसतरह के लोग भी हैं जिन्हें ऐसी बैठकों के दौरान अनुमति दी जाएगी।

अध्याय का एक अन्य नियम कहता है कि अध्यक्ष यह निर्देश दे सकता है कि गुप्त बैठक की कार्यवाही की रिपोर्ट उस तरीके से जारी की जाए, जैसा कि अध्यक्ष उचित समझें। किन्तु कोई अन्य उपस्थित व्यक्ति किसी गुप्त बैठक की कार्यवाही या निर्णयों का, चाहे वह आंशिक हो या पूर्ण, नोट या रिकॉर्ड नहीं रखेगा, या ऐसी कार्यवाही की कोई रिपोर्ट जारी नहीं करेगा, या उसका वर्णन करने का अभिप्राय नहीं रखेगा।

इतना ही नहीं संसदीय नियमों में चेतावनी दी गई है कि किसी भी व्यक्ति की ओर से किसी भी तरीके से गुप्त कार्यवाही या बैठक की कार्यवाही या निर्णयों का खुलासा करना सदन के विशेषाधिकार का घोर उल्लंघन माना जाएगा। संविधान विशेषज्ञ और लोकसभा के पूर्व महासचिव पी डी टी आचारी ने कहा कि सदन की गुप्त बैठक आयोजित करने का कोई मौका नहीं आया है। उन्होंने पुराने लोगों से बातचीत का हवाला देकर कहा कि 1962 में चीन-भारत संघर्ष के दौरान कुछ विपक्षी सदस्यों ने संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा के लिए गुप्त बैठक का प्रस्ताव रखा था, लेकिन नेहरू इससे सहमत नहीं हुए थे और कहा था कि जनता को पता होना चाहिए।

# वक्फ संशोधन बिल अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करने की बीजेपी की कोशिश : जयराम रमेश



नई दिल्ली , एजेंसी। कांग्रेस ने वक्फ संशोधन बिल को संविधान पर हमला करार देकर आरोप लगाया कि यह प्रस्तावित कानून सामाजिक सद्भाव के सदियों पुराने बंधनों को नुकसान पहुंचाने के लिए लाया जा रहा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह दुष्प्रचार और पूर्वाग्रह पैदा करके अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करने की बीजेपी की कोशिशों का भी हिस्सा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि वक्फ संशोधन बिल अत्यंत दोषपूर्ण है।

उन्होंने कहा, ह्यवक्फ संशोधन बिल विधेयक 2024 हमारे विशिष्ट बहु-धार्मिक समाज में सदियों पुराने सामाजिक सद्भाव का नुकसान पहुंचने का बीजेपी की रणनीति का हिस्सा है। कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि यह झूठा प्रचार करके और पूर्वाग्रह पैदा करके अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करने का भाजपा का प्रयास है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विधेयक का उद्देश्य उन संवैधानिक प्रावधानों को कमजोर करना है, जो हर धर्म के नागरिकों को समान अधिकार और सुरक्षा की गारंटी देते हैं। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि यह अल्पसंख्यक समुदाय की परंपराओं और संस्थाओं को बदनाम करने की सोची समझी रणनीति का हिस्सा है, ताकि चुनावी लाभ के लिए समाज को स्थायी ध्रुवीकरण की स्थिति में रखा जा सके।

कांग्रेस महासचिव रमेश ने आरोप लगाया कि पुराने कानूनों के तहत वक्फ प्रबंधन के लिए बनाए गए सभी संस्थानों की स्थिति, संरचना और अधिकार को सुनियोजित तरीके से कम करने का प्रयास किया गया है, ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को अपनी धार्मिक परंपराओं और धार्मिक संस्थाओं के प्रशासनिक अधिकार से वंचित किया जा सके। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन बिल 2024 पांच कारणों से गंभीर रूप से दोषपूर्ण है। अपनी भूमि को कौन वक़्फ उद्देश्यों के लिए दान कर सकता है, इस तय करने में जानबूझकर अस्पष्टता है। इस वजह से वक़्फ की परिभाषा ही बदल गई है। लंबे समय से निर्बाध जारी परंपरा के आधार पर देश की न्यायपालिका द्वारा विकसित किए गए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त किया जा रहा है। यह बिल उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को हटाता है, जिसमें संपत्तियों को केवल धार्मिक उद्देश्यों के लिए लंबे समय तक उपयोग के आधार पर वक्फ माना जा सकता है। वक़्फ प्रशासन को कमजोर करने के लिए मौजूदा कानून के प्रावधानों को बिना किसी कारण के हटाया जा रहा है। साथ ही, वक़्फ की जमीनों पर अतिक्रमण करने वालों को बचाने के लिए अब कानून में और अधिक सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। वक्फ संपत्तियों से जुड़े विवादों और उनके पंजीकरण से जुड़े मामलों में जिलाधिकारी और राज्य सरकार के अन्य नामित अधिकारियों को व्यापक अधिकार दिए गए हैं।

# एनडीए के सामने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को 'एकजुट' दिखना चाहिए: सिब्बल



नई दिल्ली , एजेंसी। राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को सार्वजनिक तौर पर 'एकजुट' दिखना चाहिए, न कि बिखरा हुआ जैसा कि वह आम तौर पर दिखाई देता है। सिब्बल ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दलों को भविष्य के लिए एक सुसंगत नीति, वैचारिक ढांचे और कार्यक्रम पर काम करने की जरुरत है।

हाल में राज्य विधानसभा चुनावों में 'इंडिया' के सहयोगी दलों के बीच हुई तकरार पर सिब्बल ने कहा कि मेरा मानना है कि इस दौरान (इंडिया) एकजुट दिखना चाहिए, न कि बिखरा हुआ जैसा कि यह आम तौर पर दिखाई देता है। 'इंडिया' में शामिल दलों को एक सुसंगत नीति, एक सुसंगत वैचारिक ढांचा और भविष्य के लिए एक सुसंगत कार्यक्रम की आवश्यकता है।

राज्यसभा सांसद सिब्बल ने कहा कि मैं राज्य या राष्ट्रीय स्तर की बात नहीं कर रहा हूं। राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सोचने के तरीके में एकरूपता आनी चाहिए और जब तक वह तंत्र स्थापित नहीं हो जाता और जब तक गठबंधन के प्रवक्ता नहीं होने वाले, जो इसके विचारों को सामने रख सकें, मुझे नहीं लगता कि यह बहुत प्रभावी ढंग से आगे बढ़ सकता है। सिब्बल ने हालांकि विपक्षी गठबंधन के भविष्य को लेकर भरोसा जताया।

बात दें कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों ने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का गठन लोकसभा चुनाव से पहले किया था। मौजूदा बजट सत्र के दौरान पेश किए जा सकने वाले वक्फ (संशोधन) विधेयक और विपक्ष के पास मौजूद विकल्पों के बारे में पूछे जाने पर सिब्बल ने कहा कि यह देखना होगा कि एनडीए गठबंधन के सहयोगी इस मामले में क्या करते हैं क्योंकि बीजेपी के पास बहुमत नहीं है।

सिब्बल ने कहा कि देखते हैं कि उनका रुख क्या है। बिहार में चुनाव होने वाले हैं। मुझे लगता है कि अगर वे विधेयक पेश करते हैं तो उन्हें इस बात की चिंता हो सकती है कि इसका बिहार में चुनाव पर क्या असर पड़ेगा। इसलिए मुझे नहीं पता कि इसका क्या नतीजा होगा। इसलिए हमें इंतजार करना चाहिए और देखना चाहिए। यदि विधेयक पारित हो जाता है तो निश्चित रूप से इसे चुनौती देने के इच्छुक लोगों के पास विकल्प मौजूद हैं।

विवादित परिसीमन मुद्दे पर सिब्बल ने कहा कि देश की राजनीति के लिए इसके बहुत गंभीर निहितार्थ हैं, इसीलिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बैठक बुलाई और कांग्रेस सहित कई दलों के नेताओं ने इसमें भाग लिया।

संक्षिप्त समाचार

## सड़क एवं सीवर लाइन का पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने किया लोकार्पण



मदरलैंड संवाददाता, हाथरस ।नगर के नये मिल पर श्री यशपाल भाटियाजी वाली गली में सड़क एवं सीवर लाइन का फीता काटकर पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी जी द्वारा लोकार्पण किया गया भाटिया परिवार द्वारा पालिकाध्यक्ष जी का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री राजेश दिवाकर जी, सभासद श्रीमती वीना जैन जी, श्री यशपाल भाटिया जी, श्री दीपक भाटिया जी, श्रीमती कोमल अग्रवाल जी, श्री कपिल अरोडा जी, श्रीमती पूजा कालरा जी, श्री केत्तन मिश्रा जी, श्री धीरज जैन जी, अवध टेंट वाले, श्री श्याम अग्निहोत्री जी, श्री मिलन अग्निहोत्री जी, श्री कृष्णा चौधरी जी, आदि लोग उपस्थित रहें !

## व्यापार मण्ड़ल के शपथ ग्रहण को लेकर हुई बैठक



मदरलैंड संवाददाता, हाथरस। नगर के सरक्यूलर रोड पर उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल की एक आवश्यक बैठक प्रदेश महामंत्री एवं प्रभारी अलीगढ मंडल विजय वार्ष्णेय के नेतृत्व में यश मैटल पर आहूत हुई। बैठक का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अजय राघव ने किया, संचालन जिला महामंत्री दीपक वार्ष्णेय ने किया। बैठक में अप्रैल माह में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह एवं हाथरस में होने वाले विशाल व्यापारी सम्मेलन के संबध में चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए युवा जिलाध्यक्ष विपिन वार्ष्णेय ने आगामी कार्यक्रमों को भव्यता प्रदान करने हेतू समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आग्रह किया। बैठक में मुख्य रूप से पंकज अग्रवाल युवा नगर अध्यक्ष, संयुक्त महामंत्री अनुज मित्तल, नगर महामंत्री मयंक वार्ष्णेय ,वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विवेक वार्ष्णेय, जिला संगठन मंत्री शेखर वार्ष्णेय, युवा कोषाध्यक्ष तुषार अग्रवाल, युवा नगर मंत्री भरत बाबू ,युवा नगर उपाध्यक्ष प्रशांत गोयल आदि प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छोटी उम्र में बड़ी उड़ान,,,पालमपुर पंचरुखी की आशवी धीमान ने की छोटे पर्दे पर धमाकेदार एंट्री



रमेश कँवर, मदरलैंड संवाददाता, (पालमपुर- कांगड़ा) हिमाचल। पालमपुर पंचरुखी की रहने वाली आशवी धीमान (उम्र 7 साल) अब छोटे पर्दे पर अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाएंगी। वह अब छोटे पर्दे पर आने वाले टीवी सीरियल में काम कर रही है। *वह देव आंचल की प्रेम कहानी सीरियल में छोटी देवी मां की भूमिका में नजर आएंगी* ।यह सीरियल डीडी नेशनल और जी टीवी में आएगा। आशवी धीमान इसके साथ-साथ अपने पहाड़ी डांस और हिमाचल की संस्कृति को भी प्रमोट करती है। यह छोटी सी बच्ची हिमाचल और हिमाचल के बाहर छोटे बड़े बच्चों पर अपनी प्रस्तुति दे चुकी है। आशवी धीमान पालमपुर पंचरुखी जिला कांगड़ा की रहने वाली है। वह मात्र 7 साल की है, बता दे आशवी पालमपुर के केंद्रीय विद्यालय में प्रथम कक्षा में पढ़ाई करती है। आशवी पढ़ाई के साथ-साथ पहाड़ी गानों में भी डांस ,मॉडलिंग, और एक्टिंग भी करती है। वह अपने पहाड़ी डांस की प्रस्तुति हिमाचल, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, पंजाब ,चंडीगढ़ में भी प्रस्तुति दे चुकी है। इसके लिए आशवी बहुत सारे इनाम ले चुकी है। आशवी 10 महीने में 25 अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड अपने नाम कर चुकी है जिसको पाकर आशवी ने अपने गांव और अपने स्कूल का नाम रोशन किया है। आशवी और उसके माता-पिता डीडी नेशनल चैनल की सारी टीम का दिल से धन्यवाद करते हैं जिन्होंने हमारी छोटी सी बच्ची को अपने टीवी सीरियल में काम करने का मौका दिया।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मामले में गृह मंत्रालय को दिया चार हफ्तों का समय

लखनऊ (ईएमएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दोहरी नागरिकता के मामले में गृह मंत्रालय ने रिपोर्ट देने के लिए आठ हफ्ते का समय मांगा था, लेकिन इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने चार हफ्तों का समय दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। दरअसल, 1 जुलाई 2024 को कर्नाटक के वकील और बीजेपी सदस्य एस विग्नेश शिशिर ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने राहुल गांधी के पास ब्रिटिश नागरिकता होने का भी आरोप लगाया था। याचिकाकर्ता ने ब्रिटिश सरकार के 2022 के गोपनीय मेल का हवाला देते हुए यह आरोप लगाया था। विग्नेश शिशिर ने भारतीय नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 9(2) के तहत राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता रद्द करने की मांग की थी। इस याचिका में राहुल की ब्रिटिश नागरिकता को कथित तौर पर छुपाने के कारण इसी साल रायबरेली लोकसभा सीट से उनके निर्वाचन को रद्द करने का अनुरोध किया गया है। याचिका में याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि उसके पास ब्रिटिश सरकार के सभी दस्तावेज और कुछ ईमेल हैं जो साबित करते हैं कि राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं और इस वजह से वह भारत में चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य हैं।

# सैंकड़ो व्यापारियों की मौजूदगी में फेम का व्यापारी सम्मेलन सम्पन्न

### देश मे व्यापार का सुरक्षित माहौल बना है:सुनील सिंघी

» मदरलैंड संवाददाता



हाथरस। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल द्वारा आयोजित व्यापारी समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन एक फार्म हाउस में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील सिंधी चैयरमैन राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार ने कहा कि देश मे आज व्यापारी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहा है।उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से लागू 2025 के बजट में सरकार ने अनेकों योजनाएं व्यापारी हित मे बनाई हैं।जिनका लाभ उद्योगों और व्यापारियों को मिलने जा रहा है।भूपेंद्र सिंह सोबती प्रदेश अध्यक्ष फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल ने कहा कि इसमें कोई दो राय नहीं है कि व्यापारी को देश और प्रदेश में सुरक्षित माहौल नही मिल रहा है लेकिन आज भी अफसर शाही खुलकर व्यापारी का आर्थिक शोषण करती है।उन्होंने आगे कहा कि व्यापारी को सिंगल विंडो प्रणाली आज तक उपलब्ध नहीं कराई गई।हमारा व्यापारी महंगी बिजली दर में कैसे प्रतिस्पर्धा करे।उन्होंने व्यापारीयों को राहत के लिये सत्रह सूत्रीय ज्ञापन सिंघी जी को सौंपा।जिस पर हर सम्भव अधिक से अधिक राहत का आश्वासन सिंघी ने दिया।

कार्यक्रम को व्यापारी कल्याण बोर्ड के राष्ट्रीय सदस्य देबेश रस्तोगी अजय अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सांसद अनूप प्रधान,सादाबाद विधायक श्री प्रदीप चौधरी गुड्डू आदि ने सम्बोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति दीपक जी बूटियां ने की व संचालन अतुल आंधीवाल जी एडवोकेट द्वारा किया गया।कार्यक्रम संयोजक सुरेश अग्रवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष शरद महेश्वरी , श्याम प्रधान , ठाकुर राजेश सिंह सिंह गुड्डू, ओंकार नाथ अग्रवाल, राम अवतार अग्रवाल, नन्नूमल जी गुप्ता चंचलसुपारी वाले, डॉक्टर उपेंद्र झा पंडित हरेंद्र शर्मा, देवकीनंदन वर्मा, बंटू भैया, शैलेंद्र शर्मा बॉबी , आकाश वर्मा ,देवेंद्र मोहता, प्रदीप गोयल, अभय अग्रवाल,, नितिन अग्रवाल,सत्य प्रकाश शर्मा रंगीला गुरु, राजकुमार कोठीवाल, पवन पोरुष, सुनील अग्रवाल एन एस एस, लोकेश अग्रवाल, नरेश वर्मा , रवि वर्मा, ओमप्रकाश कलसा वाले, ओमप्रकाश मार्केट वाले, मदन गोपाल भगत , कमल वर्मा , राहुल वर्मा , पंडित दिनेश आर्य ,शिवम गुप्ता, जलज अग्रवाल, सुनील पंडित, संजीव अग्रवाल, रौनक गुप्ता सहित सैंकड़ो की संख्या में व्यापारी व उद्योगपति मौजूद रहे।

# सपा नेता रामजीलाल सुमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की माँग

» मदरलैंड संवाददाता



हाथरस।भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी के नेतृत्व में क्षत्रिय समाज के बन्धुओ की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक हाथरस को एक तहरीर सपा सांसद रामजीलाल सुमन के विरुद्ध दी, तहरीर में लिखा कि सपा नेता रामजीलाल सुमन ने महान शूरवीर योद्धा महाराणा सांगा के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की और शूरवीर योद्धा को इतिहास के उलट गद्दार बोला और साथ ही साथ देश के लोगों को गद्दार राणा सांगा की औलाद जैसे अपशब्द बोल कर अपमानित किया। जबकि इतिहास गवाह है कि बाबर को भारत में आने का न्योता दौलत खां लोधी और आलम खां ने दिया था और यह खुद बाबर ने अपनी पुस्तक ह्वबाबर नामाह्न में लिखा है। महोदय इतिहास में दर्ज है कि शूरवीर राणा सांगा ने तो बाबर के न्योते को ठुकरा दिया था और बार-बार मुगलो के खिलाफ लड़ते हुए राणा सांगा ने अपना जीवन राष्ट्र हित में बलिदान कर दिया था।

रामजीलाल सुमन द्वारा राष्ट्र शूरवीर को गद्दार कहने और हम सभी वंशजों को अपमानित करने से हमारी भावनाएं आहत हुई हैं। इस संबंध में सपा नेता रामजीलाल सुमन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करें भाजपा जिलाध्यक्ष के साथ अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ( श्री राम वंशज ) के जिलाध्यक्ष रावेन्द्र सिंह सिकरवार, जोगिन्दर सिंह सिकरवार, हरीश सेंगर, नीरज प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, अमित ठाकुर, सोहन सिंह, कपिल राघव, नीरेश सिंह, नवीन प्रताप सिंह, रवि प्रताप सिंह, जीतेन्द्र चौहान, मदन राघव आदि सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दो मासूमों के साथ दुष्कर्म की वारदात होने की सूचना पाकर सांत्वना देने पहुंची सदर विधायक

» मदरलैंड संवाददाता



हाथरस।थाना सासनी के जरेया मैं श्रीमती अंजुला सिंह माहौर ने दो मासूमों के साथ दुष्कर्म की वारदात होने की सूचना पाकर गांव में जाकर दोनों के परिवारों से भेंट की और कहा कि शासन प्रशासन और मैं पूरी तरह से परिवारों के साथ हू, अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी, पुलिस ने चंद घंटे में ही अपराधी को पड़कर कर कार्यवाही की इसके लिए पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया, साथ ही जिलाधिकारी से फोन पर वार्ता करके पीड़ित परिवार को शासन द्वारा हर संभव मदद का आश्वासन दिया,सदर विधायक श्रीमती अंजुला सिंह माहौर ने कहा माननीय मुख्यमंत्री जी ऐसी घटनाओं के प्रति बहुत संवेदनशील हैं तत्काल प्रभाव से प्रशासन को कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की निर्देश दिए इस मौके पर एसडीम सासनी ,लेखपाल ,कानूनगौ ,पुलिस प्रशासन और गौरव आर्य,जिला उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी,विष्णु बघेल, सतीश कुशवाहा, राजवीर कुशवाह,महेश कुशवाहा,विपुल लोहारिया आदि कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# केन्द्र के 10 व प्रदेश 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय मेला

» मदरलैंड संवाददाता



हाथरस । केन्द्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों तथा प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दिनांक 25, 26 तथा 27 मार्च, 2025 को एम0जी0 पॉलिटेक्निक हाथरस में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमो के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने पुलिस अधीक्षक चिरन्जीव नाथ सिन्हा के साथ तैयारियों का जायजा लिया और सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित समस्त आवश्यक तैयारियो तथा स्टाल की व्यवस्था का सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रत्येक विभाग द्वारा लगायें गये स्टालों के संबंधित विभाग का बैनर लगाने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में प्रमिभाग करने वाले मा0 जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, लाभार्थियों के प्रवेश एवं निकासी के साथ ही यातायात व वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था को सुनिश्चित करने करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यक मूलभूत सुविधाओं यथा विद्युत, प्रकाश, पानी, मंच, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तथा जिला स्तर से कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिन विभागों को जो दायित्व सौंपे गए हैं उनका निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक करना सुनिश्चित करें।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, प्रधानाचार्य एम0जी0 पॉलिटेक्निक हाथरस तथा संबंधित विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# राणा सांगा को लेकर सपा सासंद के बयान का अखिलेश यादव ने किया समर्थन

लखनऊ , एजेंसी। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन के सदन में गद्दार वाली टिप्पणी पर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उनका बचाव करते हुए कहा है कि भाजपा के लोग इतिहास के पन्ने पलट कर औरंगजेब की बहस छेड़ना चाहते हैं, तो सुमन ने भी तो तारीख का एक पन्ना ही पलटा है।गौरतलब है कि सपा सांसद सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार करार देते हुए कहा था कि हिंदू लोग सांगा की औलाद हैं। उनके इस बयान को लेकर खासा विवाद खड़ा हो गया है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में सुमन की विवादित टिप्पणी के बारे में पूछे गए सवाल पर कहा कि इतिहास के पन्ने सभी लोग पलट रहे हैं। भाजपा वालों से पूछिए कि वे इतिहास का कौन सा पन्ना पलट रहे हैं? वह किस बात पर बहस कर रहे हैं? वे औरंगजेब पर बहस छेड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अगर रामजीलाल सुमन जी ने इतिहास का कोई पन्ना पलट दिया है, जिस पन्ने पर अगर इस तरह के भाव लिखे होंगे। आज से 200 साल पहले हमने तो इतिहास नहीं लिखा। गौरतलब है कि सपा के राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन ने हाल ही में सदन को संबोधित करते हुए कहा था कि हिंदुस्तान का मुसलमान तो बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है। वो मोहम्मद साहब को अपना आदर्श मानता है। सूफी संतों की परंपरा को अपना आदर्श मानता है। लेकिन, मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को कौन लाया था? बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। तो अगर मुसलमान बाबर की औलाद है, तो तुम (हिंदू समाज) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। हम बाबर की तो आलोचना करते हैं। राणा सांगा की नहीं करते हैं।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा से समाजवादी पार्टी का निवेदन है कि इतिहास के पन्ने ना पलटे, क्योंकि अगर ऐसा होगा तो लोग यह भी याद करेंगे कि छत्रपति शिवाजी का जब तिलक होना था तो किसी ने हाथ से उनका तिलक नहीं किया था। सुनने में आ रहा है कि बायें पैर के अंगूठे से उनका तिलक किया गया था तो क्या भारतीय जनता पार्टी इस बात की आज निंदा करेगी? पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गैलीलियो ने कहा था की धरती घूम रही है और किसी का चक्कर लगा रही है। उस वक्त उसे सजा दे दी गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई थी। उसके 400 साल बाद इटली के उस चर्च ने इस बात को लेकर माफी मांगी थी। अगर भाजपा छत्रपति शिवाजी महाराज को मानती है तो जिस तरह चर्च ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी थी, क्या छत्रपति शिवाजी महाराज का बाएं पैर के अंगूठे से तिलक किये जाने के लिए वह माफी मांगेगी?

# नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया

» मदरलैंड संवाददाता

(शिमला) हिमाचल। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में विशेष रूप से प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थ उपस्थित रहे। इस बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, सतपाल सिंह सत्ती, सुखराम चौधरी, अनिल शर्मा, डॉ हंसराज, इंद्र सिंह गांधी, बलबीर वर्मा, विनोद कुमार, रीना कश्यप, जेआर कटवाल, राकेश जमवाल, सुरेंद्र शौरी, प्रकाश राणा ,त्रिलोक जमवाल, पूर्ण चंद ठाकुर, रणवीर सिंह निक्का, पवन काजल, लोकेंद्र कुमार, दिलीप ठाकुर, डॉ जनकराज, दीपराज कपूर, इंद्र दत्त लखनपाल, डीएस ठाकुर, आशीष शर्मा आदि उपस्थित रहे।

भाजपा की विधायक रणधीर शर्मा ने बताया कि विधायक दल की बैठक में 27 मार्च को होने वाले विशाल प्रदर्शन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और इस दौरान प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा का भी मार्गदर्शन विधायक दल को प्राप्त हुआ।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी वर्तमान कांग्रेस सरकार को हर मोर्चे पर घेरेगी और जिस प्रकार से हिमाचल प्रदेश में माफिया राज चल रहा है उसको जनता के सामने एक्सपोज करेगी। यह प्रदर्शन




प्रदेशव्यापी होगा और हर जिले एवं विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में कार्यकर्ता इस प्रदर्शन में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि हर प्रश्न पर एवं हर मोर्चे पर प्रदेश सरकार विधानसभा के अंदर चर्चा से भागती दिखाई दी और अब विधानसभा के बाहर है भी सरकार विपक्ष एवं जनता से भक्ति दिखाई देगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में केवल दो ही क्षेत्रों में विकास हो रहा है एक नादौन और दूसरा देहरा, कुछ नेताओं के दबाव में हरोली में भी थोड़ा बहुत विकास हो ही रहा है। पर बाकी प्रदेश तो पिछड़ता जा रहा हैं।

# राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गेयटी थियेटर में हिमालय साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच द्वारा आयोजित राज्य सम्मान समारोह की अध्यक्षता की

» मदरलैंड संवाददाता

(शिमला) हिमाचल। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने गेयटी थियेटर में हिमालय साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच द्वारा आयोजित राज्य सम्मान समारोह की अध्यक्षता की।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व उन्हें पांच महिला साहित्यकारों को साहित्य पुरस्कार वितरित करने तथा रिज मैदान पर राष्ट्रीय पुस्तक मेले में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि वह साहित्य से जुड़ा रहना पसंद करते हैं, क्योंकि साहित्यकार कल्पना और भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है तथा सामान्य या प्रत्यक्ष से गहन यथार्थ का वर्णन करता है। राज्यपाल ने कहा कि हिमालय साहित्य, संस्कृति एवं पर्यावरण मंच एक ऐसा संगठन है, जो पिछले 15 वर्षों से बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ दिव्यांग लेखकों को उनकी रचनाओं और लेखन के लिए सम्मानित कर रहा है तथा साहित्य को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों और महाविद्यालयों में पुस्तक मेले और साहित्यिक उत्सवों का आयोजन कर रहा है। इस संस्था द्वारा बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य उनमें साहित्य के प्रति रूचि जागृत करना है, ताकि उनकी रचनात्मक क्षमता का



विकास हो सके। उन्होंने कहा कि कालका-शिमला धरोहर रेलवे लाइन का सर्वेक्षण करने वाले भलकू राम की स्मृति में मजदूर वर्ग को समर्पित साहित्य रेल यात्रा इस मंच द्वारा शुरू किया गया एक अनूठा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एसआर हरनोट स्वयं एक प्रसिद्ध लेखक होने के साथ-साथ एक साहित्यकार और समाजसेवी भी हैं। ऐसे बहुत कम लेखक हैं जो अपनी रचनाओं से दूसरों के रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने एसआर हरनोट को उनके साहित्यिक कार्यों के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि साहित्य को समाज का प्रतिबिम्ब कहा गया है। अच्छा साहित्य हमारे विचारों को सकारात्मक बनाता है और समाज को बेहतर दिशा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में मोबाइल और इंटरनेट के अत्यधिक उपयोग के कारण युवाओं की साहित्य पढ़ने और लिखने की आदत बहुत कम हो गई है। किताबें पढ़ने की संस्कृति कम होती जा रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा समाज और विशेषकर युवा पीढ़ी में नशे की प्रवृति बढ़ती जा रही है। युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें नशे की लत से बाहर निकालने में रचनात्मक साहित्य महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि साहित्य युवाओं की सोच और उनके बौद्धिक स्तर में आवश्यक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि शैक्षणिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में समय-समय पर साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को शामिल किया जाना चाहिए ताकि उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मक क्षमता विकसित हो और वे नशे की ओर न जाएं। यह आवश्यक है कि राज्य में नियमित रूप से पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाए, ताकि युवाओं की पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़े। उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए साहित्यकार डॉ. हेमराज कौशिक, श्री जगदीश बाली और डॉ. सत्यनारायण स्नेही को सम्मानित किया। हिमालयन साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच के अध्यक्ष एसआर हरनोट ने साहित्य को बढ़ावा देने और युवा साहित्यकारों को प्रेरित करने के लिए मंच द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय कालड़ी, केरल के वरिष्ठ प्रोफेसर और अन्य साहित्यकार भी मौजूद रहे।

# हिमाचल डायमंड स्टेटस अवार्ड से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व के लिए किया सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता

(शिमला) हिमाचल। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश को उल्लेखनीय प्रगति के लिए डायमंड स्टेट्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। नेटवर्क 18 समूह द्वारा नई दिल्ली में आयोजित डायमंड स्टेट्स समिट-2025 के दौरान मुख्यमंत्री को प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर और देश का समृद्धतम राज्य बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए दृढ़ता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वह संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे अभूतपूर्व परिणाम सामने आने के साथ-साथ राज्य में वित्तीय स्थिरता भी आएगी। उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे पर राज्यों का अधिकार हैं और प्रदेश सरकार हिमाचल के अधिकारों और विकास के लिए




धन की आवश्यकताओं के लिए लड़ाई लड़ रही है। राज्य के विकास के लिए प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं और स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी का उपयोग कर इस क्षेत्र को मजबूत किया जाएगा। राज्य में जलविद्युत क्षेत्र में अपार क्षमताएं विद्यमान हैं, हालांकि पहले इनमें राज्य के हितों की अनदेखी की गई और अब सरकार ने रॉयल्टी बढ़ाने और जल विद्युत परियोजनाओं को अपने अधीन लेने के लिए केंद्र के समक्ष मामला उठाया है। विजन-2027 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शीघ्र ही हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित होगा और इस दिशा में गम्भीर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को वर्ष 2026 तक देश के पहले हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। सरकारी क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2026-27 तक 500 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से 626 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं विकास के विभिन्न चरणों में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और यह क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग है। प्रदेश सरकार राज्य में स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार प्राकृतिक वेलनेस सेंटर विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए अनेक महत्त्वाकांक्षी परियोजनाएं पर कार्य किया जा रहा है। इनसे प्रदेश में पर्यटकों की आमद में वृद्धि होगी। प्रदेश के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह विनम्र भाव से प्रदेश के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि ऑल्टो कार से विधानसभा आने का उद्देश्य आम आदमी से जुड़ाव को प्रदर्शित करना था। न्यूज 18 इंडिया के प्रबंध संपादक ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के साथ प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान, आवासीय आयुक्त मीरा मोहंती और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज में साइबर अपराध पर हुआ व्याख्यान

मदरलैंड संवाददाता, लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज, रायसी में शिक्षा विभाग द्वारा साइबर अपराध और शिक्षा विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय महाविद्यालय पावकी देवी, टिहरी गढ़वाल से पहुंचे असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के बढ़ते खतरे, उससे बचाव के उपाय एवं शिक्षा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल युग में इंटरनेट के उपयोग से जुड़े जोखिमों, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेटा सुरक्षा, और साइबर जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचने के लिए एहतियाती कदम उठाने एवं डिजिटल साक्षरता बढ़ाने की बात कही। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विक्की तोमर, डॉ. केपी तोमर एवं कुलदीप सिंह टंडवाल उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. विक्की तोमर ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता को समय की मांग बताया और विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया में सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अतिथि वक्ता से अपने सवाल पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से उत्तर दिया।

### महिला से पर्स छीनने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। महिला से पर्स छीनकर भागने वाले आरोपित को रविवार रात पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद सुबह आरोपित का चालान कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। जहां से आरोपित को न्यायायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार अशोक नगर, ढंडेरा पूजा पत्नी प्रमोद से दो दिन पहले एक झपट्टा मार ने पर्स छीन लिया था। पर्स में 15 हजार रुपए व पासबुक थी। दिनदहाड़े हुई इस घटना बाद से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। पुलिस ने भी मौके पर पहुंच कर झपट्टा मार की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया। इसे लेकर पुलिस ने आपसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फूटेज को खंगाला। मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर झपट्टा मार की गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित की। मामले की जांच कर रही उप निरीक्षक पूजा मेहरा को देर रात सफलता मिल गई। पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपित साजिद अली त्यागी पुत्र शाहनवाज अली निवासी ढंडेरा को बुचड़ी फाटक जाने वाली सड़क से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपित के कब्जे से चोरी किए गए 1500 रुपए भी बरामद हुए। जिसके बाद पुलिस आरोपित को कोतवाली ले आई। जहां से पूछताछ के बाद आरोपित का चालान कर दिया गया।

### इनर व्हील क्लब ने चलाया जागरूकता अभियान

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। विश्व टीबी दिवस पर इनर व्हील क्लब की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान क्लब द्वारा निजी अस्पतालों में पोस्टर लगाए गए और रोग से बचाव को लेकर जानकारी उपलब्ध कराई गई। रेलवे रोड स्थित एक निजी अस्पतालों में जागरूकता अभियान के दौरान इनर व्हील क्लब अध्यक्ष रमा भार्गव ने बताया बताया कि यदि घर के किसी सदस्य को टीबी है तो वह आसानी से अन्य लोगों में फैल सकती है। इसलिए टीबी से बचाव के लिए रोगी को घर में मास्क पहनना चाहिए और डॉक्टर द्वारा दी गई दवाओं का नियमित रूप से सेवन करना चाहिए। साथ ही समय-समय पर बलगम की जांच कराना भी आवश्यक है। डॉ. संगीता अग्रवाल ने कहा कि जागरूकता ही हर बीमारी का सबसे प्रभावी इलाज है। इसी संदेश को उन्होने आगे बढ़ाने के उद्देश्य से छात्रों, शिक्षकों से आहवान किया। कहा कि वह अपने परिवार और समाज में टीबी के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करें। जागरूकता अभियान में छात्र और शिक्षक सबसे अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर सुमन, चंचल वाधवा, रजनी आदि भी मौजूद रही।

### प्रशासन ने चलाया बकायेदारों के खिलाफ अभियान

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। तहसील प्रशासन की टीम ने सोमवार को क्षेत्र में बकाया वसूली को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान बकायेदारो से दो लाख रुपये से अधिक की राजस्व वसूली की गई। एक बकायेदार को टीम ने हिरासत में लेकर तहसील की हवालात में बंद कर दिया। पिछले दिनों भगवानपुर एसडीएम जितेन्द्र कुमार ने सग्रह अमीनो के साथ बैठक कर बकाया वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। इस पर दोपहर में नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने टीम के साथ भगवानपुर क्षेत्र के ग्राम बाल्लूपुर, महेशरी, तेज्जुपुर समेत अन्य गावों मे बकायेदारों के घरों पर छापेमारी की। इसमें कई बकायादारों से दो लाख बीस हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई। उधर तहसील प्रशासन की छापेमारी करने की जानकारी लगते ही कुछ बकायेदार अपने घरों से फरार हो गए। प्रशासन की कार्यवाही को लेकर दिनभर बकायेदारों में हडकंप मचा रहा। नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणो से दो लाख बीस हजार रुपये की वसूली की गई। साथ ही एक बकायेदार को पकड कर तहसील की हवालात में लाकर बंद किया गया है। बताया कि आगे भी बकायेदारों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

### तीन दिवसीय योगेश्वर महाप्रभु 1108 श्री रामलाल महाराज का शुभ जयंती महोत्सव

हरिद्वार , एजेंसी। संत नगरी हरिद्वार की उपनगरी कनखल स्थित श्री योग अभ्यास आश्रम में तीन दिवसीय घ्योगेश्वर महाप्रभु 1108 श्री रामलाल जीघ्महाराज का शुभ जयंती महोत्सव आगामी 4, 5 एवं 6 अप्रैल 2025 को बड़ी श्र)ा और हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रेरणासोत महाप्रभु रामलाल जी महाराज, योगेश्वर श्री मुलखराज जी महाराज, सद्गुरु श्री देवीदयाल जी महाराज जी की अपार अनुकंपा व आशीर्वाद से 25 मार्च से 5 घ्अप्रैल तक 10 दिवसीय घ्निशुल्क विशेष घ्आध्यात्मिक योग वघ चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कनखल स्थित श्री योग अभ्यास आश्रम सन्यास मार्ग में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मिशन की प्रमुख योगाचार्या डॉ दमयंती शर्मा तथा ट्रस्टीगण ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 4, 5, 6 अप्रैल 2025 को आयोजित तीन दिवसीय शुभ जयंती महोत्सव के पावन पर्व पर सद्गुरु का आशीर्वाद लेने हेतु भारी संख्या में भक्तगण आश्रम के कार्यक्रम में भाग लेने आ रहे हैं। इस अवसर पर आश्रम में 25 मार्च घ्से 5घ्अप्रैल तक 10 दिवसीय निशुल्क योग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 6 से 8.30 बजे तक आरंभ शिविर में घ्प्रभु प्रार्थना, ध्यान योग के साथ योग संबंधी समस्त जानकारीघ्अनुभवी योगाचार्यों द्वाराघ्दी जाएगी। जिसमें में भाग लेने वाले सभी वर्ग के साधकघ्लाभान्वित हो सकेंगे।

## बहुद्देशीय शिविर में दी सरकार की योजनाओं की जानकारी

### जल्द शुरू होगा सोलानी नदी पुल का निर्माण कार्यः बत्रा



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर नेहरू स्टेडियम में बहुदेशीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों एवं महिलाओं को महालक्ष्मी किट वितरित की गई। शिविर का उद्घाटन विधायक प्रदीप बत्रा, मेयर अनीता अग्रवाल, श्यामवीर सैनी एवं अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। मेयर अनीता अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार विकास को बढ़ावा दे रही है। धामी सरकार के आने वाले दो वर्षों में और भी नए आयाम स्थापित होंगे। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार लगातार मोदी मिशन को आगे बढ़ा रही है। हर क्षेत्र में सरकार ने जनहित के कार्य किए हैं। आज अन्य प्रदेश भी उत्तराखंड की ओर देखते हैं। कहा कि सोलानी पुल निर्माण का इंतजार खत्म हो गया है। दिल्ली से इसके लिए 40 करोड़ रुपये मंजूर हो गए हैं। जल्द ही पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। डबल इंजन सरकार पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। विधायक ने कहा कि तीन वर्ष प्रदेश के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहे हैं। प्रदेश की धामी सरकार ने सभी वर्ग और समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए हैं। आने वाले समय में प्रदेश देश के सबसे अग्रणी राज्यों में होगा। जिलाध्यक्ष मधु सिंह ने कहा कि भाजपा की राज्य सरकार ने कई आयाम स्थापित किए है, जिसमें यूसीसी, भू कानून अपने आपमें मिसाल है। सरकार ने हर वर्ग और समाज को ध्यान में रखते हुए कार्य किए हैं। आज पूरे देश में उत्तराखंड का नाम नंबर एक पर लिया जाता है। यह सभी के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर एएसडीएम प्रेमलाल, नगर आयुक्त राकेश तिवारी, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, ललित मोहन अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन दिनेश कौशिक, पूर्व जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, सुमित अग्रवाल, रोमा सैनी, अवनीश शर्मा, ब्रजमोहन सैनी, पार्षद संजीव तोमर, राकेश गर्ग, राकेश गिरी, सुभाष सरीन, आदेश सैनी, प्रवीण सिंधु, प्रदीप पाल, ऋषिपाल बालियान, सावित्री मंगला, नितिन गोयल, संजय त्यागी, युवा जिलाध्यक्ष गौरव कौशिक, अमित प्रजापति, अरविंद गौतम आदि उपस्थित रहे।

## जॉब फेयर में जीआईसी रुड़की के 8 छात्र चयनित



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। जॉब फेयर में पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, रुड़की के कक्षा 12 के आठ छात्रों के चयन को लेकर छात्रों के परिजनों और विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। प्रधानाचार्य समेत समस्त शिक्षकों ने छात्रों को बधाई देते हुए इसे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय बताया है। व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हिंदू नेशनल इंटर कॉलेज देहरादून में स्किल एजुकेशन जॉब फेयर-2025 का आयोजन किया गया। जॉब फेयर में पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, रुड़की के कक्षा 12 के आठ छात्रों का चयन किया गया। इनमें से आटोमोटिव के पांच छात्रों का अशोक लीलैंड पंतनगर तथा आईटी में तीन छात्रों का ग्रीन कॉल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड सेक्टर 6.7 नोएडा में चयन हुआ। शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत ने छात्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्जल भविष्य की कामना की। उधर विद्यालय के छात्रों के चयन पर प्रधानाचार्य, शिक्षकों ने खुशी जताते हुए उन्हे बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुबोध कुमार ने कहा कि यह पूरे विद्यालय परिवार के लिए यह गर्व का विषय है। कार्यक्रम में पाटेश्वरी प्रसाद एवं विजय शाह उपस्थित रहे।

## करूणा कर्णवाल ने संभाला ब्लॉक प्रमुख का चार्ज

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। उच्च न्यायालय से स्टे मिलने के बाद सोमवार को ब्लॉक प्रमुख ने करूणा कर्णवाल ने भगवानपुर ब्लॉक का चार्ज संभाल लिया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने ग्रामीणो की समस्याओं को सुनने के बाद जल्द उनके समाधान का आशवासन दिया। बता दें कि सितंबर 2022 में बीडीसी और प्रमुख चुने जाने के बाद करूणा कर्णवाल ने ब्लॉक प्रमुख का चार्ज संभाला था। इसके बाद भगवानपुर ब्लॉक सभागार में बीडीसी बैठक का आयोजन किया गया। इसमें ब्लॉक प्रमुख के ताऊ पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल ने बैठक मे पहुच कर अपनी भूमिका निभाई थी, जिसके बाद बैठक में मौजूद विधायक ममता राकेश ने आपत्ति जताते हुए पूर्व विधायक के बैठक में शामिल होने पर सवाल उठाए थे। इसे लेकर बैठक में ही हंगामा हो गया था। उसके बाद कांग्रेस विधायक ममता राकेश ने ब्लॉक प्रमुख पर आरोप लगाते हुए अपने ताऊ पूर्व विधायक को बैठक में बुलाकर भूमिका निभाने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों को पत्राचार किऐ थे, जिसके बाद उच्च अधिकारियों ने ब्लॉक प्रमुख को पद से हटा दिया था। बाद में ब्लॉक प्रमुख करुणा कर्णवाल ने प्रेसवार्ता कर अपने ताऊ पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल पर पद से हटवाने समेत अन्य आरोप लगाए थे। बाद में ब्लॉक प्रमुख ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की, जिसके बाद उच्च न्यायालय ने तीन मार्च को स्टे दे दिया था। इसके बाद अधिकारियों ने ब्लॉक प्रमुख को अग्रिम आदेशों तक ब्लाक प्रमुख पद पर बने रहने के आदेश जरी कर दिए। सुबह करूणा कर्णवाल ने भगवानपुर ब्लॉक कार्यालय में पहुंच कर प्रमुख का कार्य भार संभाल लिया। इस दौरान उन्होने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि उनके खिलाफ कुछ नेताओं ने षडयंत्र रच कर उन्हे पद से हटवाया था। स्टे मिलने के बाद अब दोबारा से उन्होने कार्यभार संभाल लिया है।

## शिविर में हुई सौ से अधिक मरीजों की आंखों की जांच

### आंखें हैं तो संसार है, समय पर उपचार जरूरीः सतीश

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, ढंडेरा में अटल आयुष्मान योजना के अंतर्गत नगर पंचायत की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें भारी संख्या में नागरिकों, छात्रों की भीड़ उमड़ी। शिविर में पहुंचे चिकित्सकों ने छात्रों, नागरिकों की आंखों की जांच कर परामर्श एवं उपचार दिया। शिविर में सौ से अधिक नागरिकों की आंखों की जांच की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश नेगी ने फीता काट कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि आंखें हैं तो संसार है। आंखों से ही हम दुनिया को देख पा रहे हैं। बिना आंखों के जीवन बेकार है। इसलिए हमें आंखों की देखभाल रखनी चाहिए। समय पर चिकित्सकों को आंखों को दिखाना चाहिए। इसमें जरा सी लापरवाही जीवन में अंधेरा भर देती है! नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उनकी ओर से समय-समय पर नेत्र और स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा। चिकित्सक अरविंद शर्मा, अनिता व नेहा ने शिविर में पहुंचे नागरिकों की आंखों की जांच की। इससे पहले शिविर में पहुंचे नागरिकों ने माल्यार्पण कर नगर पंचायत अध्यक्ष का स्वागत किया। सभी ने शिविर के लिए चेयरमैन का धन्यवाद जताया। कहा कि चेयरमैन सतीश नेगी की ओर से यह अच्छा कदम उठाया गया है। इस अवसर पर सभासद कुंवर सिंह डंगवाल, सभासद विकास पाल, शिवानंद नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## किचन में लगी आग, फायर यूनिट ने पाया काबू

### बड़ा हादसा होने से टला, घरेलु सामान जलकर राख

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। कृष्णा नगर में सोमवार दोपहर एक मकान के किचन में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने किसी तरह से आग पर काबू पाया। टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आग के बीच रसोई में रखे दो सिलेंडरो को भी बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा भी टल गया। अग्निकांड को लेकर घंटो तक मौके पर दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार रितू मलिक पुत्री मनू मलिक के यहां दोपहर में रसोई में खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान सिलेंडर लीकेज होने के कारण रसोई में आग फैल गई। यह देख खाना बना रही महिला जान बचाने को बाहर की तरफ दौड़ पड़ी। दहशतजदा महिला ने शोर मचा दिया। इस पर आसपास के लोग भी मौके पर आ गए। लोगों ने मामले की सूचना गंगनहर कोतवाली पुलिस और दमकल टीम को दी। इस पर दमकल टीम और गंगनहर इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। इसी बीच पूरी रसोई में आग फैल गई। भीषण आग की लपटों के बीच दमकल टीम ने जान की परवाह न करते हुए आग पर काबू पाने के प्रयास के साथ ही रसोई में रखे दोनों सिलेंडरो को भी बाहर निकाला। इस दौरान इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह भी टीम का हौंसला बढ़ाते रहे। काफी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान रसोई में रखा तमाम घरेलु सामान जलकर राख हो गया। फायर स्टेशन, रुड़की अधिकारी उदयवीर सिंह यादव ने बताया कि संभवत किचन में खाना बनाते समय एलपीजी गैस सिलेंडर में लीकेज होने से आग लगी है। जिस पर काबू पा लिया गया है। घटना स्थल पर गई टीम में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, रुड़की उदयवीर सिंह यादव, लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा, चालक विपिन सिंह तोमर, फायरमैन हरिश्चंद्र राणा, फायरमैन सुरेश कुमार व फायरमैन सुनील सिंह शामिल रहे।

## सरकार की कार्रवाई मुद्दों से ध्यान भटकाने वालीः मुबश्शिर

» मदरलैंड संवाददाता



रुड़की। समाजसेवी मोहम्मद मुबश्शिर एडवोकेट ने कहा कि अगर सरकार प्रदेश में सील करने की प्रक्रिया पर लग जाए तो इतनी अनियमितिता पाई जाएगी कि आधे से ज्यादा प्रदेश सील हो जाएगा। सरकार द्वारा जो कार्रवाई एक विशेष समुदाय के मदरसो को सील करने, ध्वस्त करने की जा रही है वह इसकी घोर निंदा करते हैं। प्रशासन द्वारा बिना कोई लीगल प्रक्रिया के जो कदम उठाया जा रहा है उस पर अनेकों सवाल खड़े होते हैं। सरकार जनहित में आवश्यक जो योजनाएं हैं उनसे जनता का ध्यान भटका कर सिर्फ धार्मिक मुद्दों को उठाने का कार्य कर रही है। लोगों को रोजगार के अवसर नहीं दे रही, लोगों को अच्छी शिक्षा के अवसर नहीं दे रही, लोगों को नौकरियां नहीं दे रही, बिजली महंगी कर दी गई है, जो बिल दो महीने में आता था उतने का ही बिल एक महीने में आ रहा है। कई सालों से रुड़की शहर में ट्रैफिक सिग्नल लाइट आज तक चली नहीं, जनता का पैसा बर्बाद हो रहा है। सिर्फ धार्मिक मुद्दे भड़काकर सरकार सिर्फ चुनाव की मंशा हासिल करना चाहती है। लोगों के जनहित में कार्य करने में असफल हो रही है। इसलिए सिर्फ विशेष धार्मिक समुदाय पर कभी लाउडस्पीकर के नाम पर कभी मान्यता के नाम पर कार्यवाही कर पढ़ताड़ित किया जा रहा है। सरकार को अगर किसी भी धार्मिक स्थल को सील करना है तो आप पहले लीगल नोटिस दिया जाए। इसमें अनियमितता पाई जाती है तो उनको दुरुस्त करने में उनका सहयोग करें, उन्हें गाइड करें।

## राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने किया डॉ. नरेश चैधरी को सम्मानित



हरिद्वार , एजेंसी। उत्तराखंड सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने पर ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के मैदान में जनपद स्तरीय बहुउद्देशीय शिविर एवं एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। आयोजन में उत्कृष्ठ संचालन एवं संयोजन के लिए राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने ऋषिकुल राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रचना शरीर विभागाध्यक्ष एवं चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस उत्तराखंड डॉ. नरेश चैधरी को उत्तराखंड सरकार की ओर से सम्मानित किया। सांसद डॉ. कल्पना सैनी ने डॉ. नरेश चैधरी को सम्मानित करते हुए कहा कि डॉ. चैधरी अपने मूल दायित्वों का निर्वहण करते हुए उत्तराखंड शासन एवं जनप्रशासन द्वारा दिए अन्य चुनौती पूर्ण कार्यों को भी बहुत ही कर्मठता, निष्ठा से समर्पित होकर पूर्ण करते हैं। उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ठ कार्यों के लिए दिया गया सम्मान अन्य व्यक्तियों के लिए भी प्रेरणा देता है। जिससे अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने मूल कार्यों के साथ अतिरिक्त कार्यों के लिए अग्रणी रहकर जनसमाज की सच्ची सेवा कर सकें। जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि जब भी डॉ. नरेश चैधरी को जनपद प्रशासन कोई भी दायित्व देता है तो वह सर्वोच्च प्राथमिकता से समर्पित होकर सभी विभागों से सामंजस्य स्थापित कर उन सभी कार्यों को बड़ी सरलता एवं सहजता से संपन्न करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ. नरेश चैधरी की कड़ी मेहनत, समर्पण भावना एवं स्वयं पहल कर किए गए उत्कृष्ठ कार्यों की काफी लंबी सूची है। जिसके लिए डॉ. चैधरी उक्त प्रकार के सम्मानों के सच्चे हकदार हैं। डॉ. नरेश चैधरी को सम्मानित किए जाने पर हरिद्वार नगर निगम मेयर श्रीमती किरण जैसल, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती आकांक्षा कोण्डे, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरके सिंह, जिलाविकास अधिकारी वेदप्रकाश, परियोजना निदेशक कैलास चंद्र तिवारी, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र नेगी, सचिव हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण मनीष सिंह, नगर मजिस्ट्रेट श्रीमती कुश्म चैहान, एसडीएम अजयवीर सिंह, डिप्टी कलक्टर लक्ष्मीराज चैहान, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने विशेष रूप से बधाई

## मदरसों पर सीलिंग कार्यवाही रोकने को लेकर जिला कांग्रेस का डीएम को ज्ञापन



हरिद्वार , एजेंसी। जिला कांग्रेस कमेटी, हरिद्वार ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजीव चैधरी के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने आज जिलाधिकारी हरिद्वार कर्मेंद्र सिंह को मदरसों पर सीलिंग की कार्यवाही को रोके जाने को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकताओं ने मांग की है कि जनपद, हरिद्वार में हाल ही में मदरसों को बिना पूर्व सूचना एवं नोटिस दिए सील करने की घटनाएं सामने आई हैं। यह संविधान के अनुच्छेद 26 और 30 के तहत धार्मिक और शैक्षणिक संस्थानों को प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन है। मदरसों में इस्लाम की मजहबी तालीम दी जाती है, जोकि संविधान द्वारा संरक्षित है। मदरसा संचालकों ने आवश्यक अनुमति और पंजीकरण के लिए सरकार को वर्षों पूर्व आवेदन किए हैं, जिन पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। बिना उचित प्रक्रिया और पूर्व सूचना के की गई सीलिंग की कार्रवाई न्यायसंगत नहीं है और इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष व्याप्त हो रहा है। इसलिए मदरसों की सीलिंग की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाई जाए और सभी संबंधित पक्षों के साथ संवाद स्थापित कर उचित समाधान निकाला जाए। जिससे संविधान प्रदत्त अधिकारों का सम्मान बना रहे और सामुदायिक सौहार्द भी प्रभावित न हो। ज्ञापन देने वालों में हरिद्वार ग्रामीण के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव अफाक अली, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री पूनम भगत, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव, मौलाना आरिफ, हाजी इरफान, गुलबहार, सलीम ख्वाजा, अरशद ख्वाजा, विभाष मिश्रा, रिजवान खान, दिलशाद खान, राव फरमान अली, सुनील चैहान, शादाब कुरैशी, आरिफ हुसैन, नरेश कुमार, मुनव्वर त्यागी, दिलशाद, नईम कुरैशी, राव हामिद अली, लव चैहान आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कस्साबान में बालिका पर किया आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला, घायल

### पंचपुरी में आवारा कुत्तों से लोगों में खौफ, निगम की कार्यजैली को लेकर भारी रोष



हरिद्वार , एजेंसी। उपनगरी ज्वालापुर के मौहल्ला कस्साबान में सुबह एक बालिका पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमलाकर कर दिया। बालिका के चिखने चिलाने की आवाज सुनकर आसपास के लोगों ने पहुंचकर कुत्तों के झुंड से बालिका को बचाया। बताया जा रहा हैं कि बालिका को कुत्तों के कई जगह कटा हैं, जिसको उपचार के लिए चिकित्सक के पास ले गये। बताया जा रहा हैं कि अगर आसपास के लोग मौके पर नहीं पहुंचते तो कुछ भी हो सकता था। घटना को लेकर मौहल्लों के लोगों खाफै का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपनगरी ज्वालापुर के मौहल्ला कस्साबान में एक बालिका अकेली कही जा रही थी। इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने बालिका पर हमला बोल दिया। पूरी घटना मौहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। कुत्तों के झुंड से बचने के लिए बालिका ने भागने का प्रयास किया, लेकिन कुत्तों के झुंड ने बालिका को भागने का मौका नहीं दिया। बालिका के चिखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों से बाहर निकले और कुत्तों को भगाते हुए बालिका को बचाया। बताया जा रहा है कि कुत्तों के झुंड ने बालिका को कई जगह कटा गया है। जिसको उपचार के लिए निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया। घटना को लेकर लोगों में खाफै का माहौल है। बताते चले कि पंचपुरी में आवारा कुत्तों का खौफ कदर बढ चुका हैं कि सड़कों, गलियों व मौहल्लों में लोग अब अकेले जाने से घबराने लगे है। आवारा कुत्ते कब उनका झपट पड़े और उनको जिकार बना ले कहा नहीं जा सकता। बताया जा रहा हैं कि कई बार लोगों द्वारा नगर निगम अधिकारियों से धुामते आवारा कुत्तों पर जिंकजा कंसने के सम्बंध में जिकायत की जा चुकी है। लेकिन उसके बावजूद आवारा कुत्तों पर निगम कोई एक्जन नहीं ले रहा है। जिसको लेकर क्षेत्र को लोगों में निगम की कार्यजैली को लेकर भारी रोष है।

## संक्षिप्त समाचार

### पानीपत से जींद की सीमा तक असंध रोड़ को किया जायेगा फोरलेन : कृष्ण लाल पंवार



अशोक गुप्ता, मदरलैंड संवाददाता, पानीपत। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के अथक प्रयासों से जिला पानीपत में अनेकों विकास के कार्य प्रगति पर है। इसी कड़ी में उन्होंने पानीपत से जींद तक सड़क बनाने के लिए लोक निर्माण विभाग से स्वीकृति दिलवाने में विशेष प्रयास किए। इन सड़कों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 184 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की है। इन कार्यों के निर्माण के लिए शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि पानीपत से जींद तक सडक का निर्माण किया जाएगा। जिसमें पानीपत से दरियापुर मोड तक फोरलेन सड़क बनाई जाएगी। यह फोरलेन सड़क जिला पानीपत का हिस्सा रहेगी और इस फोरलेन को बनाने में 92 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। इसी प्रकार, श्री पंवार ने बताया कि दरियापुर मोड से लेकर जींद तक 10 मीटर की सड़क बनाई जाएगी और यह रोड जिला जींद का हिस्सा रहेगी। इस रोड को बनाने में 92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बिजली के खंभे शिफ्ट करने और फॉरेस्ट विभाग को 25.26 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। पंचायत मंत्री ने बताया कि यह सड़क जिस- जिस गांव को कवर करेगी उन सभी गांवों में आवश्यकतानुसार पानी की निकासी के लिए ड्रेन बनाने का भी प्रावधान किया जाएगा।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 47 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान




मदरलैंड संवाददाता.कनीना। जनशक्ति विकास संगठन और रेड क्रॉस सोसायटी नारनौल के सहयोग से कनीना उप नागरिक अस्पताल में शहीदों की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर ब्राह्मण सभा के उप प्रधान बुद्धि प्रकाश इसराना और विशिष्ट अतिथि डॉ अंकित ने रक्तदाताओं को बैच लगाकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 47 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। ब्राह्मण सभा के उपप्रधान ने कहा कि नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) की ओर से बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के 94 वे बलिदानी दिवस के अवसर पर संवेदना -2अभियान के तहत शुभारंभ किया। जनशक्ति विकास संगठन के अध्यक्ष दीपक कुमार वशिष्ठ ने बताया कि आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले देश के शहीद ए आजम भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव, शहीद ऊधम सिंह, शहीद अशफाक उल्ला खान और देश की सरहदों पर शहीद होने वाले परमवीर चक्र शहीद अब्दुल हमीद, परमवीर चक्र फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों, परमवीर चक्र कैप्टन निर्मल बत्रा, शहीद फ्लाइट लेफ्टिनेंट जयंत ऋषि, फ्लाइंग ऑफिसर जी एस ढींडसा के परिवार जनों के हस्ताक्षर किए हुए सर्टिफिकेट दिए गए। इस एक कदम से देश के युवा रक्त दाताओं में राष्ट्रीयता की भावना में बढ़ोतरी होगी। साथ की रक्तदाता यह सर्टिफिकेट ग्रहण करके सम्मानित महसूस करेंगे वहीं साथ ही इन शहीदों के जीवन को जानने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर जनशक्ति विकास संगठन के सदस्य अमित कुमार व प्रवीण अत्री कनीना उप नागरिक अस्पताल से डॉक्टर अंकित,स्टाफ नर्स इंचार्ज कमलेश कनीना, नारनौल से एलटी दीपक कुमार, स्टाफ नर्स अनीता,सहायक राजेश,अमित ,लोकसभा सचिवालय सहायक दीपक कुमार , ज्यूडिशल अस्सिटेंट दादरी राकेश नेहरा, मनीष भारद्वाज,पार्षद नितेश गुप्ता, पूर्व पार्षद मनीष यादव, योगेश दीक्षित, ब्राह्मण सभा के सदस्य नवीन शर्मा नांगल,उमादत, डा. रविंद्र, धनुष शर्मा , कैप्टन राजेश यादव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### गोठड़ा में बलिदानियों की याद मेंआयोजित हुई दौड़ प्रतियोगिता




मदरलैंड संवाददाता, कनीना। कनीना के निकटवर्ती गांव गोठड़ा में राइट डायरेक्शन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बलिदानों की याद में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अतरलाल ने राष्ट्रीय ध्वज दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। लड़कों की 5 किलोमीटर ओपन दौड़ प्रतियोगिता में हेमंत प्रथम, रवि द्वितीय और किशन तृतीय स्थान पर रहे। लड़कियों की ढाई किलोमीटर ओपन दौड़ में प्रियांशी प्रथम, तन्वी द्वितीय तथा ऋचा तीसरे स्थान पर रही। इसके अतिरिक्त अंडर-14 लड़कों की दौड़ प्रतियोगिता में निशांत, सूक्ष्म और समर ने क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कियों की अंडर-14 दौड़ प्रतियोगिता में प्रियांशी ने पहला, वंशिका ने दूसरा तथा प्रीति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में लड़के तथा लड़कियों की अंडर-10 और अंडर-8 दौड़ें भी करवाई गईं। मुख्य अतिथि ने विजेता प्रतिभागियों को मेडल, स्मृति चिन्ह तथा नगद इनाम देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शहीदों की याद में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन करवा कर ट्रस्ट ने सराहनीय कार्य किया है। इससे युवाओं में नशे तथा अन्य बुराइयों के खिलाफ जागृति आएगी तथा युवाओं में देशभक्ति की भावना का विकास होगा। उन्होंने प्रतिभागियों को नियमित अभ्यास करके राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा अच्छा प्रदर्शन करने का लक्ष्य बनाने की अपील की। प्रतियोगिता में पहुंचने पर आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि को फूल मालाएं, पगड़ी पहनाकर तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर देवेंद्र सिंह, अजय चौहान, अमित चौहान, सचिन चौहान, मास्टर शक्ति सिंह, डा. रोहित, अशोक डहिना, राजकुमार पूर्व सरपंच, महिपाल पूर्व सरपंच, मुरारी सिंह, बलजीत कोच, रूपेश, कमल सिंह, सूबेदार जय सिंह, राजकुमार यादव, रविंद्र, पंकज कोच कंवाली सहित अनेक खिलाड़ी और गणमान्य जन उपस्थित थे।

# विधायक विनोद भयाना ने शहर में साढ़े 34 लाख की लागत से बनने वाली दो गलियों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

**बोले, शहर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट भी बनेंगे, कार्यवाही हो चुकी शुरू**

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। विधायक विनोद भयाना ने कहा कि हलके के विकास को लेकर तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। लोगों की सुविधा के लिए शहर के निकट वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनवाए जाएंगे। इसके लिए संबंधित विभाग द्वारा कागजी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

भयाना ने यह जानकारी शहर के वार्ड नंबर 6 में साढ़े 34 लाख रुपए की लागत से बनने वाली दो गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत लोगों से बातचीत करते हुए दी। उन्होंने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट अलग-अलग विकास परियोजनाएं हैं। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण जींद हांसी रोड बाईपास के निकट तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को स्थानीय संयुक्त कार्यालय परिसर के निकट हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की खाली पड़ी 40 एकड़ जमीन पर करवाया जाएगा। इन प्लांटों के निर्माण को लेकर



संबंधित विभाग द्वारा कार्यवाही शुरू की जा चुकी है। इन विकास परियोजनाओं की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण हिसार कार्यालय में भिजवाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि इन दोनों प्लाटों के स्थापित होने से लोगों को काफी सहूलियत प्रदान होगी। भाखड़ा के पानी को लेकर उच्च अधिकारियों से बातचीत : हल्के के लोगों को जल्द से जल्द भाखड़ा नहर से पेयजल उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत विधायक विनोद भयाना ने सोमवार को उच्च अधिकारियों से मोबाइल फोन के जरिए बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह विकास परियोजना हलके के लोगों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसलिए जल्द से जल्द इस पर निर्माण कार्य शुरू करवाकर आगामी 6 माह के अंदर हर हाल में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस विकास परियोजना को लेकर किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी।

दो गलियों का निर्माण कार्य शुरू और दो पर जल्द शुरू करवाने की घोषणाः विधायक ने वार्ड नंबर 6 में दो गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान वार्ड वासियों की मांग पर दो और गलियों का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की भी घोषणा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जल्द ही इन दोनों गलियों का निर्माण कार्य भी शुरू करवाना सुनिश्चित करें।

यह लोग रहे उपस्थितः इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष तनुज खुराना , भाजपा अटल मंडल अध्यक्ष श्याम खाण्डा,पूर्व पार्षद अमी लाल चंदेला, सुनील मंत्री, पार्षद जग्गू भड़ाना, जगदीश भाटिया, पार्षद बलवान नवीन ठाकुर ,पूर्व मंडल अध्यक्ष अशोक ढालिया, जेई मोहित, जेई आदर्श ,रवि कुमार तथा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सरबत दा भला ट्रस्ट द्वारा कल्चरल फेस्ट का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। सरबत दा भला चैरिटेबल ट्रस्ट ने एस.डी. कॉलेज, सेक्टर 32, चंडीगढ़ में एक शानदार नाट्य और नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर मोहाली के रीजनल स्पाइनल इंजरी सेंटर के डायरेक्टर डॉ. राज बहादुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

शाम का मुख्य आकर्षण, जिसे सतनाम सिंह रंधावा द्वारा आयोजित किया गया था, आकांक्षा संस्थान, जोधपुर के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत नाटक पुकार रहा। यह नाटक डॉ. निबेदिता द्वारा लिखा गया और डॉ. विकास कपूर द्वारा निर्देशित किया गया था। इस नाटक ने यौन हिंसा की कठोर वास्तविकताओं और पीड़ितों द्वारा झेले जाने वाले मानसिक आघात को प्रभावशाली ढंग से दशार्या।

इसके अतिरिक्त, स्फिंक्स डांस एंड क्रिएशन ग्रुप, कोलकाता ने एक सुंदर भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी, जिसे अरुणावा बर्मन ने परिकल्पित और कोरियोग्राफ



किया। खासकर महाभारत के ₹द्रौपदी चीर हरण₹ प्रसंग का उनका प्रदर्शन दर्शकों के लिए भावपूर्ण रहा।

इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों से भरपूर सराहना प्राप्त की। दर्शकों में विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, पीजीआई के डॉक्टर, न्यायाधीश, वरिष्ठ नागरिक और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस.पी. सिंह ओबेरॉय ₹सेवीसिंह₹ के नेतृत्व में ट्रस्ट देशभर के कलाकारों को प्रोत्साहित और समर्थन प्रदान करता है। इस पहल के अंतर्गत पटियाला में राष्ट्रीय स्तर के कल्चरल फेस्ट आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से विभिन्न राज्यों के कलाकारों को नए क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलता है।

# नारनौंद व बास क्षेत्र में नशीली दवाओं के छापे खबर को सुनकर मैडिकल स्टारों की दुकानदारों में मचा हड़कंपम

» मदरलैंड संवाददाता

हांसी। थाना उप प्रबन्धक बास सब इंसपेक्टर सत्येवान, फार्मासिस्ट अमरजीत व ड्रग इंसपेक्टर अजय ने थाना बास के एरिया में नशीली दवाओं के वितरण और उपयोग को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न मेडिकल स्टोरों की औचक जांच की। हालांकि इस दौरान टीम को किसी भी मेडिकल स्टोर से कोई आपत्तिजनक दवा बरामद नहीं हुई।



ड्रग इंस्पेक्टर और थाना बास के उप प्रबन्धक समेत पुलिस पार्टी मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए बास के अलग-अलग मेडिकल स्टोर्स पर पहुंची जहां उन्होंने मेडिकल स्टोर्स के स्टॉक और रिकॉर्ड का मिलान किया। थाना बास उप प्रबन्धक के साथ 11 मेडिकल स्टोर्स की तलाशी ली, लेकिन किसी के पास से कोई आपत्तिजनक दवा बरामद नहीं हुई है। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर कहीं नशीली दवाएं बेची जाती हैं तो वे तुरंत विभाग को सूचित करें। इस दौरान उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों को सचेत करते हुए कहा कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति नशीली दवाएं बेचते हुए पकड़ा गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# हरियाणा सरकार व महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन के प्रयास से लिंगानुपात में हो रहा सुधार

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों तथा योजनाओं के चलते लड़कियां अब हर क्षेत्र में राष्ट्र का नाम रोशन कर रही हैं। यह हम सबके लिए बड़े ही गर्व की बात है। उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की जिला समुचित प्राधिकरण (पी.सी. एण्ड पी.एन.डी.टी.) कार्यालय की ओर से आयोजित बेस्ट विलेज अवार्ड वितरण समारोह में बोल रहे थे। इस बार गांव सतनाली-2 पंचायत को लिंग अनुपात (1232) में प्रथम पायदान पर आने पर सरकार की योजना अनुसार गांव की तीन होनहार बेटियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री के ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ₹ के नारे को सार्थक करने के लिए जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना के अनुसार हर वर्ष स्वास्थ्य




विभाग द्वारा बेहतर लिंग अनुपात वाले गांव के सरकारी स्कूल की मैट्रिक कक्षा में अधिक अंक लेने वाली तीन बेटियों को सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में आज सतनाली-2 की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाली तीन बेटियों को क्रमशः 75 हजार, 45 हजार और 30 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि का चैक सौंपा।*

उन्होंने बताया कि इस गांव की वर्षा पुत्री जगदीश ने मैट्रिक परीक्षा में 90.20 प्रतिशत, खुशबू पुत्री संजय ने 89.60 प्रतिशत, आशा पुत्री मानसिंह ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। सिविल सर्जन डॉ नवीन कुमार ने बताया कि इस गांव में पिछले साल में 58 में से 26 लड़के 32 लड़कियां पैदा हुई है। इस तरह लिंग अनुपात 1232 रहा। उप सिविल सर्जन

- बेहतर लिंग अनुपात पर सतनाली-2 पंचायत को बेस्ट विलेज अवार्ड
- उपायुक्त डॉ विवेक भारती ने तीन छात्राओं को 75, 45 व 30 हजार से किया पुरस्कृत

पी.सी.एण्ड पी.एन.डी.टी. डॉ विजय यादव ने बताया कि समाज के विकास के लिए बेटियां का शिक्षित होना अत्यन्त आवश्यक है। प्रत्येक शिक्षित लड़की का अपने मायके व सुसराल दोनों परिवारों का उन्नति में अहम योगदान रहता है।

इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, ग्राम सरपंच मनीषा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतनाली के एसएमओ डॉ विक्रम दिसोदिया, बीएसी जोगेंद्र तथा सीडीपीओ कांता देवी व अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

# संदिग्धों की निगरानी हेतु सीसीटीवी कैमरा लगावानें हेतु की आमजन से अपील:- एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा



» मदरलैंड संवाददाता

हांसी। पुलिस अधीक्षक हेमेन्द्र कुमार मीणा ने पुलिस जिला हांसी में अपराधो की रोकथाम व असामाजिक तत्वो पर निगरानी हेतु आमजन से सीसीटीवी कैमरा लगावानें हेतु अपील की है।

उन्होंनें थाना प्रभारियो को निर्देश दिए गये कि वे अपनें -2 अधीन क्षेत्र में लगे हुए सीसीटीवी कैमरो बारे जानकारी रिकार्ड में रखें। क्योकि जब कोई अपराध घटित होता है तो सबसे पहलें पुलिस अपराधियो का पता लगानें हेतु प्राथमिकता के आधार पर सीसीटीवी फुटेज की सहायता लेती है ताकि समयनुसार अपराधियो का पता लगाकर उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जा सके। आज के समय में अपराधों की रोकथाम और अपराध अन्वेषण एवं छान-बीन के लिए नवीन तकनीकी का उपयोग सबसे ज्यादा कारगर साबित हो रहा है। सीसीटीवी कैमरा लगनें के कारण असामाजिक तत्वों पर भी खौफ बना रहता है।

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र मीणा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपराध को रोकने के लिए आप सभी सतर्क रहे और सीसीटीवी कैमरा लगाकर पुलिस का सहयोग करें। क्योंकि जनता का सहयोग मिलनें पर पुलिस हर अपराध पर अकुंश लगा सकती है। आम जनता पुलिस के बीच आपसी तालमेल से कार्य करनें पर कोई अपराधी पुलिस की नजर से बच नही सकता। उन्होंने बताया कि कुछ स्थानों पर अपराधी वारदात को अंजाम देने के बाद सीसीटीवी कैमरे के साथ तोड़फोड़ करके भाग जाते है जिसके कारण घटना की जांच अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस को दिक्कत होती है। इस संबध में सभी दुकानदारों से अपील है कि वे कम से कम दो कैमरे दुकान के बाहर जरुर लगावाये जिससे रोड़ पर होने वाली गतिविधियों एवं संदिग्धों पर नजर रखी जा सके। हो सके तो कुछ अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। कई बार यह देखने को मिला है कि संदिग्ध तो दिख रहे हैं किन्तु तस्वीर क्वालिटी अच्छी नहीं होने के कारण उन्हें पहचानने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना क्षेत्र के लोगों से अपील की कि अगर संभव हो तो अपने घर और दुकानों में या दुकान के बाहर एक सीसीटीवी कैमरा जरुर लगवाएं, ताकि चोरी और अन्य घटनाओं पर पुलिस की नजर बनी रहे। जिला में लगे सीसीटीवी कैमरो द्वारा विशेष निगरानी की जा रही है ताकि घटना करने वाले अपराधियों पर नजर बनी रहे। सीसीटीवी कैमरो से अपराधों पर नियंत्रण के साथ महिला सुरक्षा को और पुख्ता करने में सहायता मिलती है।

# समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर : स्वामी ज्ञानानंद

» मदरलैंड संवाददाता

हांसी। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा बजरंग आश्रम में भव्य आध्यात्मिक सत्संग समागम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी गुरुज्ञानानंद जी ने समाज की दशा का वर्णन करते हुए कहा कि समाज की दशा मानव के मन की दशा के ऊपर निर्भर करती है। जब किसी वृक्ष के फलों को कीड़ा लग जाए तो उसकी जड़ों को खाद पानी और दवाई से सींचा जाता है ताकि फिर से वह वृक्ष स्वस्थ हो पाए। इसी प्रकार वैमनस्यता, स्वार्थ परायणता, भ्रष्टाचार, अशुद्ध आचरण समाज रूपी वृक्ष के रोग है जिन्हें समाप्त करने के लिए इसकी जड़ पर कार्य करना होगा और समाज का निर्माण करने वाले मानव ही इसकी जड़ हैं। आगे साध्वी जी ने इस समस्या का निदान देते हुए कहा कि समाज में परिवर्तन तभी संभव है जब समाज का निर्माण करने वाले मानव के हृदय के भीतर सकारात्मक परिवर्तन आए। मानव के हृदय परिवर्तन के लिए ब्रह्मनिष्ठ गुरु का सानिध्य अति आवश्यक है। यह तथ्य विचारणीय है कि संसार में हम छोटे से छोटा कार्य भी बिना गुरु के दिशा निर्देश के सफलतापूर्वक सिद्ध नहीं कर सकते तो क्या हम बिना गुरु के अपने कर्म संस्कारों और अपनी बिगड़ी हुई आदतों को केवल अपने पुरुषार्थ से सुधार सकते हैं। जब ब्रह्मनिष्ठ संत अपने तपोबल से एकत्रित की गई ऊर्जा का शक्तिपात ब्रह्मज्ञान के द्वारा हमारी आत्मा पर करते हैं तभी हमारे जीवन की गति सकारात्मक होती है और हम प्रत्येक कार्य परोपकार की



भावना और दैवीय प्रेरणा से करते हैं तब संपूर्ण मानव समाज का कल्याण होता है। जब एक व्यक्ति प्रकृति के प्रति कर्तव्य निष्ठ और परमात्मा के प्रति श्रद्धावान होता है तो वह कण कण में ईश्वरीय शक्ति का अनुभव करता है और ऐसा मनुष्य जो भी कार्य करता है वह सेवा भाव से परिपूर्ण होकर ही करता है। समाज रूपी इस वृक्ष को अगर हम फिर से स्वस्थ करना चाहते हैं तो इसके मूल मानवीय हृदय का आज ब्रह्म ज्ञान रुपी अमृत से सिंचन होगा तभी समाज का वृक्ष आनंद की छाया देने वाला और धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष रूपी फल प्रदान करने वाला होगा जिससे हम अपने मानव होने के कर्तव्य को पूर्ण कर पाएंगे और यह इस पृथ्वी के लिए हमारा सर्वश्रेष्ठ योगदान होगा। अंत में उपस्थित सभी भक्तजनों में भंडारे का वितरण किया।

# कनीना उपमंडल के लोगों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

**राजेंद्र सिंह लोढ़ा को भाजपा से निकालने के लिए भेजा भाजपा के उच्चाधिकारियों को ज्ञापन**

» मदरलैंड संवाददाता

कनीना। कनीना उपमंडल के कई गांवों के लोगों ने कनीना एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह को एक ज्ञापन देकर हाल ही में भाजपा में शामिल हो रहे राजेंद्र सिंह लोढ़ा को निष्कासित करने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों को भेजा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कनीना उप-मंडल के निवासी, आपके संज्ञान में निम्नलिखित तथ्य लाकर भारतीय जनता पार्टी जैसे विश्व के सबसे बड़े राजनीति दल जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी जैसे महान व्यक्तित्व कर रहे हैं। उस पार्टी में एक ऐसे व्यक्ति जिसके हाथ आधा दर्जन से अधिक मासूम बच्चों के खून से रंगे हुए हैं, को भाजपा जैसी न्यायसंगत, स्वच्छ और ईमानदार पार्टी में शामिल करके क्षेत्र की जनता की भावनाओं को ठेस तो पहुंची ही है वहीं पार्टी की छवि भी धूमिल हो रही है।



यह तथ्य गौरतलब है कि दिनांक 11 अप्रैल 2024 को कनीना सिटी थाना में प्रथम सूचना रपट संख्या 44 जो आईपीसी की धारा 337/3366/304/279/120 बी/109 तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 192 व 185 के तहत दर्ज की गई थी, में आरोपी राजेंद्र सिंह लोढ़ा जो जीएल पब्लिक स्कूल कनीना का कर्ताधर्ता है, अब आपकी पार्टी में शामिल हो गया है। राष्ट्र स्तर पर चर्चित इस स्कूल बस दुर्घटना जिसमें 6 मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई थी तथा दो दर्जन से भी अधिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिनमें से एक लड़की सपना पुत्री राकेश जो जीवन मृत्यु के बीच 9 माह तक संघर्ष उपरांत जीवन से हार गई। इस दुर्घटना पर देश के राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृहमंत्री अमित शाह समेत देश के तमाम छोटे बड़े नेताओं ने ट्वीट कर दुर्घटना पर शोक जताया था। यह व्यक्ति उस समय प्रदेश सरकार द्वारा ग्रीवेंस कमेटी का सदस्य भी बनाया हुआ था जिसको लोगों की भावना के मद्देनजर हटा दिया गया था तथा लगभग एक सौ दिन जेल में भी रहा। विगत वर्ष अक्टूबर माह में संपन्न विधानसभा चुनावों में राजेंद्र सिंह लोढ़ा ने भाजपा के प्रत्याशी के विरुद्ध खुलकर कांग्रेस प्रत्याशी अनीता यादव के पक्ष में प्रचार किया एवं वोट मांगे।

अब अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के साथ साथ भ्रष्टाचार करने के लिए इस व्यक्ति ने भारतीय जनता पार्टी जैसी स्व'छ एवं उइज्वल छवि वाली पार्टी का दामन थाम लिया है। इस व्यक्ति ने जो 7 स्कूली बच्चों की अकाल मृत्यु के लिए जिम्मेदार है और जो मुकदमा इस प्रकरण में दर्ज हुआ था तथा स्कूल की मान्यता रद्द करने संबंधित आदेशों से राहत पाने के लिए सरकार का दामन थामने का कुत्सित प्रयास किया है। राजेंद्र लोढ़ा को पार्टी में शामिल किये जाने से जहां पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम हुआ है वहीं भाजपा को समर्पित महेंद्रगढ़ जिला के कार्यकताओं को भारी ठेस पहुंची है। हम सभी आपसे करबद्ध प्रार्थना करते हैं कि इस व्यक्ति को पार्टी से निकाल, लोगों की भावनाओं अनुसार फैसला लिया जाए। यदि लोगों की भावनाओं अनुसार राजेंद्र सिंह लोढ़ा को पार्टी से नहीं निकाला गया तो भाजपा के जिला कार्यकर्ता, पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर गुहार लगाने को मजबूर हो जाएंगे। अधिकारी ने ज्ञापन लेकर आगे प्रेषित करने का आश्वासन दिया।

क्या कहते हैं ज्ञापन देने वाले--

ज्ञापन देने वाले संजय शर्मा, ओमप्रकाश, जगदीश, अजीत जिला पार्षद, सुरेश झाड़ली, लालचंद सहित कई भाजपा के सदस्य एवं जिनके बच्चे जीएल स्कूल की बस में मारे गये शामिल हैं, उनका कहना है कि हमने भाजपा के उच्चाधिकारियों तक बात पहुंचाने का उद्देश्य है। यदि फिर भाजपा हाईकमान ने उन्हें निष्काषित नहीं किया तो जल्द ही भाजपा कार्यालय कनीना के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

संपादकीय

# राष्ट्रपति ट्रंप के फौरी आदेशों पर अमेरिकी अदालतों की रोक के मायने



दोबारा राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप ने दुनियां को बतला दिया कि भले सब नाराज हो जाएं लेकिन वो अमेरिका फस्ट की नीति पर चलते हुए हर वो काम करेंगे, जिससे उन्हें और देश को फायदा पहुंचता हो। इसके लिए उन्होंने अपने विरोधियों को मजा चखाने जैसा कदम भी उठाया और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में लागू किए गए पैरोल प्रोग्राम तक को समाप्त करने का निर्णय ले लिया। ट्रंप का फैसला क्यूबा, हैती, निकारागुआ और वेनेजुएला से आए पांच लाख से अधिक प्रवासियों का कानूनी दर्जा खत्म करने वाला है। ट्रंप प्रशासन का दावा है कि बाइडन प्रशासन ने मानवीय पैरोल प्रोग्राम का दुरुपयोग किया था, जिसके कारण अमेरिका में बड़ी संख्या में अप्रवासी प्रवेश कर सके। इस आदेश के अनुसार, प्रभावित प्रवासियों को 24 अप्रैल तक देश छोड़ना होगा, अन्यथा उन्हें कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। यहां बताते चलें कि अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ होमलैंड सिक्योरिटी ने जनवरी में ही संकेत दे दिया था कि वह इस पैरोल प्रोग्राम को समाप्त करने की योजना बना रहा है। ट्रंप प्रशासन ने सत्ता की बागडोर संभाली और इस प्रक्रिया को तेज कर दिया और अब इस संबंध में आधिकारिक आदेश प्रकाशित किया जाएगा। हालांकि, ट्रंप प्रशासन के इस फैसले की अमेरिका में जमकर आलोचना हो रही है। मानवाधिकार संगठनों और डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं का कहना है कि यह निर्णय न केवल अमानवीय है, बल्कि इससे हजारों परिवारों को गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा। इन चार देशों में पहले से ही राजनीतिक अस्थिरता और मानवाधिकारों के हनन की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में वहां लौटने वाले प्रवासियों को गंभीर खतरों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे ट्रंप प्रशासन के फैसलों पर अदालतों ने सख्त रुख अख्तियार किया है और अनेक फैसलों पर रोक भी लगाई है। ऐसे में ट्रंप प्रशासन बाहर की अपेक्षा अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। ट्रंप प्रशासन को अमेरिकी अदालतों से झटके लगे हैं। उनके कई कार्यकारी आदेशों को न्यायालयों में चुनौती दी गई और इनमें से कुछ पर अस्थायी रोक भी लगा दी गई है। उदाहरण के तौर पर, ट्रंप ने अमेरिकी सेना में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था, जिसे अदालत ने अवैध करार दिया। इसके अलावा, उन्होंने सरकारी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नौकरियों में कटौती करने की योजना बनाई थी, लेकिन इस पर भी संघीय अदालतों ने हस्तक्षेप किया। इसी तरह से डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में वापसी के बाद बाइडन प्रशासन के बनाए 78 शासकीय अध्यादेशों को निरस्त कर दिया। इसके चलते कई सरकारी एजेंसियां और कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों को स्वेच्छा से इस्तीफा देने के लिए मुआवजे की पेशकश की गई, लेकिन इसे भी अदालत में चुनौती दी गई और अस्थायी रूप से इस पर भी रोक लगा दिया गया। ट्रंप प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय सहायता कार्यक्रमों पर भी रोक लगाने का निर्णय लिया, जिससे हजारों कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में पड़ गईं। इन निर्णयों के खिलाफ अमेरिका में कानूनी लड़ाई तेज हो गई है। कई अदालतों ने ट्रंप प्रशासन के आदेशों पर रोक लगाई है और इस संबंध में नए कानूनी विवाद खड़े हो रहे हैं।

# अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है ज्ञान




बुद्धि अच्छी चीज है, पर कोरी बौद्धिकता ही सब कुछ नहीं है। इससे व्यक्ति के जीवन में नीरसता और शुष्कता आती है। ज्ञान अंतर्दृष्टि से अनुबंधित है, इसलिए यह अपने साथ सरसता लाता है। ज्ञानी व्यक्तियों के लिए पुस्तकीय अध्ययन की विशेष अपेक्षा नहीं रहती। भगवान महावीर ने कब पढ़ी थीं पुस्तकें? आचार्य भिक्षु, संत तुलसी, संत कबीर अदि जितने ज्ञानवान पुरुष हुए हैं, उनमें कोई भी पंडित नहीं थे। अंतर्दर्शन उनकी ज्ञानमयी चेतना की स्फुरणा करता था। इसके आधार पर ही उन्होंने गंभीर तत्वों का विश्लेषण किया। वे यदि पुस्तकों के आधार पर प्रतिबोध देते तो संसार को कोई नया दृष्टिकोण नहीं दे सकते थे।

एक बात और ज्ञातव्य है। विद्वान बहुत पढ़े-लिखे होते हैं, पर वे आज तक भी किसी ज्ञानी को पराजित नहीं कर सके। इंद्रभूति महापंडित थे। उनका पांडित्य विश्रुत था। पर वे भगवान महावीर की ज्ञान चेतना का अनुभव करते ही पराभूत हो गए। इतिहास ऐसे उदाहरणों से भरा पड़ा है। ज्ञान और बुद्धि की परस्पर कोई तुलना नहीं है।

बुद्धि कुंड का पानी है और ज्ञान कुएं का पानी है। कुंड का पानी जितना है उतना ही रहता है। वर्षा होती है तो पानी थोड़ा बढ़ जाता है। इसी प्रकार अनुकूल सामग्री और पुरुषार्थ का योग होता है तो बुद्धि बढ़ जाती है। अन्यथा उसके विकास की कोई संभावना नहीं रहती। कुएं से जितना पानी निकाला जाता है, नीचे से और आता रहता है। वह कभी चुकता नहीं है, उसमें नए अनुभव जुड़ते जाते हैं।

बुद्धि आवश्यक है किंतु उसके आधार पर कभी आत्म-दर्शन नहीं हो पाता। आत्म-दर्शन का पथ है ज्ञान। ज्ञान तब तक उपलब्ध नहीं होता जब तक ध्यान का अभ्यास न हो। जिस व्यक्ति को अंतर्दृष्टि का उद्घाटन करना है, ज्ञानी बनना है, उसे प्रेक्षाध्यान साधना का आलंबन स्वीकार करना होगा। ऐसा करके वह ज्ञान की श्रेष्ठता को प्रमाणित कर सकता है।

# सुनीता विलियम्स : साहस से छुआ आसमान

» सुरेश हिंदुस्थानी

'अगर देखना चाहते हो मेरे हौसलों की उड़ान तो आसमान से कह दो कि और ऊँचा हो जाए'। ये पंक्तियाँ निश्चित ही ऐसा आभास कराती हैं कि यह असंभव जैसी बात है। क्योंकि आसमान में उड़ने वाली बात किसी ऐसे सपने जैसी ही लगती है, जो पूरा हो ही नहीं सकता। लेकिन व्यक्ति के पास साहस और धैर्य है तो वह असंभव लगने वाले लक्ष्य को भी प्राप्त कर सकता है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स ने ऐसा ही एक कीर्तिमान करके दिखाया है। धरती पर रहने वाली सुनीता ने अपने साहस और धैर्य से आसमान को छूने को साहसी कार्य किया है। यह एक ऐसा कीर्तिमान है जो भविष्य के लिए एक मील का पत्थर है। जो अंतरिक्ष विज्ञान के लिए एक दिशा बोध बनेगी। आज अंतरिक्ष विज्ञान जगत के लिए सुनीता विलियम्स एक ऐसा नाम है, जिसके साथ विज्ञान को देने के लिए बहुत कुछ है। जिनकी गाथा कहते कहते लोगों के मुंह थक जाएंगे, पर गाथा खत्म नहीं होगी। सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर सहित चार अंतरिक्ष यात्री जब धरती पर लौटे तो अमेरिका में खुशी का वातावरण था, तो भारत में भी असीमित उल्लास था। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की हैं, इसलिए यह पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि उन्होंने भारत का भी मान बढ़ाया है।

सुनीता विलियम्स केवल नौ दिन के लिए अंतरिक्ष की सैर पर गई थीं, लेकिन यह क्या मालूम था कि यह नौ दिन की यात्रा नौ माह और चौदह दिन की हो जाएगी। जाहिर है यात्रा सरल नहीं थी। क्योंकि अंतरिक्ष में



गुरुत्वाकर्षण का अभाव रहता है। हालांकि सुनीता विलियम्स की यह तीसरी अंतरिक्ष यात्रा थी। हम जानते हैं धरती से वायुमंडल की परिधि समाप्त होने के बाद अंतरिक्ष की दुनिया प्रारम्भ होती है। अंतरिक्ष के बारे में कहते हैं कि मानव आकृति अधर में ही लटकी रहती है। अगर कोई यात्री अंतरिक्ष यान में भी गया है, तो भी उसे आधार नहीं मिलता। ऐसा लगता है जैसे वजनहीन हो गए हैं। अंतरिक्ष में चल फिर नहीं सकते। बस तैरते से रहते हैं। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष में जाना निश्चित ही अत्यंत दुष्कर कार्य है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथ गए बुच विलमोर ने जिस साहस का परिचय दिया, वह वास्तव में काबिले तारीफ है। लेकिन एक बात यह भी है कि अंतरिक्ष में जाना किसी चुनौती से कम नहीं है। वहां का जीवन पृथ्वी से बहुत भिन्न है। अंतरिक्ष में पहुँचने के बाद चारों अंतरिक्ष यात्रियों का यान जब भटक गया था। तब उनके मन में भी कई तरह के सवाल उठे होंगे, क्योंकि ऐसी स्थिति में यह पता नहीं होता कि वे धरती पर लौटेंगे भी या नहीं। या अंतरिक्ष में कब तक यूँ ही घूमते रहेंगे, इसका भी पता नहीं, लेकिन एक जिजीविषा थी, जो उन सबको जीने का उल्लास दे रही थी। कहते हैं कि जिसके मन में जीने का उत्साह हो तो समस्याएं सरल होती चली जाती हैं। चारों अंतरिक्ष यात्री पूरे मन से अपने मिशन पर थे। जब तक वे अंतरिक्ष में थे, कुछ न कुछ करते रहे यानी शोध के कार्य में इतने व्यस्त हो गए कि उनको पता ही न चला कि उनके जीवन में कोई समस्या है। अमेरिका के फ्लोरिडा के तट पर समुद्र में जब अंतरिक्ष यान उतरा, उस समय का दृश्य सबने देखा। कितना अद्भुत, कितना चमत्कार करने वाला दृश्य था। हर कोई इस अविश्वसनीय घटना के बारे सुनकर आश्चर्यचकित ही था। जिन्होंने इस दृश्य को अपनी आँखों से देखा, वह ऐसी घटना दुबारा देख पाएंगे या नहीं, यकीनी तौर पर नहीं कहा जा सकता। यह घटना कोई सामान्य नहीं थी। जो अंतरिक्ष यात्री साढ़े नौ महीने हवा में तैर कर जीवन बिता रहे थे, उनके उनका जीवन वास्तव में बदल चुका था। धरती पर जीने के तरीके अलग हैं, यहां गुरुत्वाकर्षण बल के कारण सभी कार्य आसान हैं। यह आसान इसलिए भी हैं, क्योंकि यह एक सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बन जाती हैं। अंतरिक्ष का जीवन अलग है। वहां सभी वस्तुएँ हवा तैरती रहती हैं। खाने की वस्तु को भी हवा में तैरते हुए ही खाया जा सकता है। वहां नींद लेने के लिए खुद को बेल्ट से बाँधना होता है। अगर ऐसा नहीं करते तो तैरते हुए सोना बहुत ही मुश्किल काम है। यहां तक कि प्यास बुझाने के लिए अपनी पेशाब और पसीने को शुद्ध करके पीने योग्य बनाया जाता है और वही पीने के काम आता है। शून्य गुरुत्वाकर्षण की अवस्था शरीर पर कई प्रकार के प्रभाव उपस्थित करती हैं। इससे शरीर का संतुलन धरती पर रहने जैसा नहीं होता। रक्त संचरण भी सामान्य नहीं होता। इतना होने के बाद भी इन चार अंतरिक्ष यात्रियों ने साहसिक यात्रा को सफलतापूर्वक पूरा किया। नासा ने इस अभियान को बखूबी अंजाम दिया। वर्तमान में अंतरिक्ष विज्ञान को शोध के अनेक विषय देने का काम किया है। भारत भी इस मामले में किसी भी दृष्टि से पीछे नहीं है। भारत ने जिस प्रकार से अपने चंद्रयान अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया, वह सारी दुनिया को अचरज में डालने जैसा ही है। इसलिए भारतीय वैज्ञानिक भी अंतरिक्ष के लिए एक उपलब्धि को पाने जैसा ही कार्य कर रहे हैं। चूँकि सुनीता विलियम्स भी भारतीय मूल की हैं, इसलिए नासा की इस उपलब्धि को भारतीय प्रतिभा का कायल माना जा रहा है। आज का अमेरिका बिना भारतीय प्रतिभा के आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसा अमेरिका के कई क्षेत्रों में साबित हो रहा है। सुनीता विलियम्स के जीवन और उनके कार्य में भारतीय संस्कार विद्यमान हैं। इससे पूर्व अंतरिक्ष में जाते समय वे अपने साथ भागवत गीता ले गई थीं और इस बार भगवान गणेश की प्रतिमा साथ लेकर गईं।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर सहित चार सहयोगियों ने वहां पर साढ़े नौ महीने जो शोध किया, वह अंतरिक्ष विज्ञानियों के लिए एक ऐसा ऐतिहासिक दस्तावेज ही कहा जाएगा, जो मिसाल है। आने वाले समय में विज्ञान जगत इनसे बहुत कुछ सीखेगा, यह तय है। अंतरिक्ष में जाने का यह मामला पहला नहीं है, लेकिन इतनी लम्बी अवधि तक अंतरिक्ष में रहने का यह पहला मामला है। इसलिए इसे औरों से अलग किस्म के रूप में देखा जा रहा है। भारतीय मूल की बेटी सुनीता के इस हौसले का पूरे मन से अभिवादन।

# मोहन की मुस्कान हृदयप्रदेश में भर रही विकास की नई उड़ान

» हर्षवर्धन पाण्डे

> डॉ. मोहन यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा उज्जैन के स्थानीय स्कूलों से पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन से विज्ञान में स्नातक (बी.एससी.) की डिग्री हासिल की। विज्ञान के प्रति उनकी रुचि ने उनकी विश्लेषणात्मक सोच को नया आकर देने का कार्य किया वहीं इसके बाद उन्होंने कानून की पढ़ाई भी की जिसने उनकी राजनीतिक समझ को गहरा करने का कार्य किया। उन्होंने कला में स्नातकोत्तर राजनीती विज्ञान और प्रबंधन में मास्टर्स (एमबीए) की डिग्री भी ली, जिसने उन्हें नीति निर्माण और प्रबंधन में कुशल बनाया। उनकी शैक्षिक यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव एमपी की शिवराज सरकार के गवर्नेंस में पीएचडी डिग्री का था, जिसने उन्हें एक गंभीर चिंतक के रूप में स्थापित किया।

हम भी दरिया हैं हमें अपना हुनर मालूम है
जिस तरफ भी चल पड़ें रास्ता बन जाएगा

सियासत में बहुत कम ऐसे चेहरे हुए हैं जो अपनी सादगी, सौम्यता, सरलता और मनमोहनी मुस्कान के लिए जाने जाते हैं। मध्यप्रदेश की राजनीति में आप डॉ.मोहन यादव को एक विनम्रशील, व्यवहारकुशल जननेता के तौर पर देख सकते हैं। ऐसे दौर में जब राजनीति में जनसेवा करने वालों सेवाभावी लोगों की कमी होती जा रही है, उस समय डॉ. मोहन यादव जैसे नेता समाज के लिए रोल मॉडल बन जाते हैं। मौजूदा दौर की राजनीती में पारिवारिक पृष्ठभूमि से सियासत में आना बहुत आसान है लेकिन मूल्यों की राजनीति करते हुए जमीन से उठकर अपनी प्रतिभा के दम पर कम समय में देश के लोकप्रिय मुख्यमंत्रियों की श्रेणी में अपनी जगह बनाना इतना भी आसान नहीं है। डॉ.मोहन यादव ने अपने संघर्ष और जनता के प्रति समर्पण से मध्यप्रदेश की राजनीती में एक नया मुकाम हासिल किया है जिसकी दूसरी मिसाल देखने को नहीं मिलती। सही मायनों में अगर किसी ने मध्यप्रदेश में बीते एक बरस में किसी ने सुशासन की बयार बहाई है तो वो नाम डॉ.मोहन यादव है।

भारतीय इतिहास में राजा विक्रमादित्य एक महान राजा के रूप में प्रसिद्ध थे। उनका शासन भारतीय उपमहाद्वीप के स्वर्णिम काल का प्रतीक माना जाता है जो उन्हें एक आदर्श शासक के रूप में स्थापित करता है। राजा विक्रमादित्य का उद्देश्य हमेशा जनकल्याण रहा। उनके शासनकाल में बुनियादी ढांचे का विकास बेहतरीन ढंग से हुआ। उन्होंने गरीब और असहाय लोगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएँ बनाई जो लोककल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को उजागर करता था। वे अपने राज्य की स्थिति और लोगों की जरूरतों को समझते हुए नीतियाँ बनाते थे। प्रजा के प्रति अनुराग ने उन्हें भारतीय इतिहास का एक महान शासक बना दिया था। सही मायनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी उन्हीं पगचिह्नों लीक पर चलते हुए गौरवशाली मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध नजर आते हैं।

विनयशीलता, कर्मों में कुशाग्रता, बेहतरीन विजन, सकारात्मकता से ओत प्रोत नजर आने वाली मनमोहनी मुस्कान सहित तमाम नीति निपुणता उनकी कार्यशैली को सुन्दर बनाती है और यही अलहदा पहचान उन्हें अन्य नेताओं से अलग करती है। डॉ. मोहन यादव का जन्म उज्जैन में एक गरीब परिवार में हुआ। उनके पिता पूनमचंद यादव बहुत मेहनती व्यक्ति थे जिन्होंने परिवार के बेहतर पालन-पोषण के लिए मिल में मजदूरी कर कठिन परिश्रम किया। उनकी माता लीलाबाई यादव ने घर को संभाला और अपने बच्चों में समाजसेवा के संस्कारों का बीज बोया। डॉ. मोहन यादव का परिवार आर्थिक रूप से संपन्न नहीं था लेकिन अध्ययन के लिए वह कठोर परिश्रम करने से कभी नहीं घबराए जिसके चलते बचपन से उनकी नींव मजबूत बन गई। उज्जैन की गलियों में बचपन में अठखेलियां करते और बाबा महाकाल के आशीर्वाद से उन्होंने समाजसेवा की अकेली राह चुनी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्कारों से उनकी सोच पुष्पित और पल्लवित हुई। उज्जैन के धार्मिक और सांस्कृतिक अभ्युदय ने उनकी सोच को संवेदनशील बनाया। वे अक्सर अपने ओजस्वी भाषणों में उज्जैन के बाबा महाकाल की गौरवशाली परंपराओं का उल्लेख करते नजर आते हैं, जो महाकाल से उनके जीवन के गहरे जुड़ाव को बतलाता है। यही वजह है उज्जैन को मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी बनाने की दिशा में वह मजबूती के साथ अपनी कदमताल करते नजर आते हैं।

डॉ. मोहन यादव ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा उज्जैन के स्थानीय स्कूलों से पूर्ण की। इसके बाद उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन से विज्ञान में स्नातक (बी. एससी.) की डिग्री हासिल की। विज्ञान के प्रति उनकी रुचि ने उनकी विश्लेषणात्मक सोच को नया आकर देने का कार्य किया वहीं इसके बाद उन्होंने कानून की पढ़ाई भी की जिसने उनकी राजनीतिक समझ को गहरा करने का कार्य किया। उन्होंने कला में स्नातकोत्तर राजनीती विज्ञान और प्रबंधन में मास्टर्स (एमबीए) की डिग्री भी ली, जिसने उन्हें नीति निर्माण और प्रबंधन में कुशल बनाया। उनकी शैक्षिक यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव एमपी की शिवराज सरकार के गवर्नेंस में पीएचडी डिग्री का था, जिसने उन्हें एक गंभीर चिंतक के रूप में स्थापित किया। उनकी यह बहुमुखी प्रतिभा उन्हें प्रदेश के अन्य नेताओं से अलग करती है। विज्ञान, कानून, प्रबंधन, राजनीती और दर्शन का यह समन्वय उन्हें एक दूरदर्शी और प्रभावी नेता के रूप में स्थापित करता है।

डॉ. मोहन यादव ने काफी संघर्ष के बाद राजनीति में मुकाम हासिल किया है। डॉ. मोहन यादव को एक आदर्श पत्नी के रूप में सीमा यादव मिली जो उनके जीवन की हर परिस्थितियों में मजबूत संबल बनी रही। उनका पारिवारिक जीवन सादगी से भरा हुआ है। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे अपने परिवार के साथ संयम से रहते हैं। आज भी उनका परिवार जहां उज्जैन के सामान्य घर में रहता है वहीं डॉ. यादव खुद मुख्यमंत्री निवास में अकेले रहते हैं लेकिन उनके बच्चे सीएम हाउस में नहीं रहते हैं। उनका एक बेटा भोपाल में पढ़ रहा है। उसने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर ली है और अब एमएस कर रहा है। उनकी बेटी ने भी भोपाल से ही एमबीबीएस की पढ़ाई की। पिता के सीएम होने के बाद भी पुत्र और पुत्री भोपाल के सीएम हाउस समत्व में नहीं रहकर खुद हॉस्टल में रहते हैं। डॉ. यादव की पारिवारिक पृष्ठभूमि उनकी जनसेवा और सामाजिक कार्यों में झलकती है। मुख्यमंत्री का पद मिलने के बाद से लगातार नए उदाहरण पेश कर रहे डॉ. मोहन यादव अपनी सादगी की कई मिसाल पेश कर चुके हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव अपने बेटे वैभव के विवाह के लिए राजस्थान के पुष्कर पहुंचे जिस कार्यक्रम को पूरी तरह से निजी रखा गया और दोनों परिवारों के बेहद नजदीकी परिजन ही इस विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री के पद पर रहते हुए दिन रात प्रदेश के विकास कार्य करते हुए अपने बेटे वैभव की शादी के सभी कार्यक्रमों में भी सहभागिता की और किसी भी दिन अवकाश नहीं लिया। डॉ. मोहन यादव ने अपने एक साल के कार्यकाल में विकास, सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता देकर मध्य प्रदेश में एक नई पहचान बनाई है। उनकी मेहनत और दूरदर्शिता ने उन्हें न केवल भाजपा के एक मजबूत नेता के रूप में स्थापित किया है। आने वाले वर्षों में उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश को नई ऊँचाइयाँ हासिल करने की उम्मीद है। अपने एक बरस से अधिक समय के छोटे से कार्यकाल में डॉ. मोहन यादव ने कई विकास कार्यों को बेहतरीन ढंग से अंजाम दिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 2 करोड़ से अधिक लोगों की भागीदारी हुई जिसमें 54 लाख से अधिक लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। स्वामित्व योजना, मुख्यमंत्री जन कल्याण संबल योजना, हुकुमचंद मिल मजदूरों के समाधान जैसे कदमों ने सामाजिक न्याय को मजबूत करने का काम किया है। धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में श्रीराम वन गमन पथ, श्रीकृष्ण पाथेय, विक्रम संवत, वैदिक घड़ी की पुनर्स्थापना जैसे उनके सधे हुए कदमों ने मध्यप्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर को नई ऊर्जा दी। मप्र में राजस्व महाअभियान भी चला, डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण भी किया गया जिसमें सीएम के निर्देश पर लाखों प्रकरणों का निपटारा हुआ। श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे प्रदेश में दीपावली मनाई गई, जो सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक बनी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी अनेक पहल हुई जिससे प्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान मजबूत हुई। एक साल के छोटे से कार्यकाल में मोहन सरकार की बेहतर औद्योगिक नीतियों, बुनियादी सुविधाओं और बेहतर कनेक्टिविटी ने प्रदेश में क्षेत्रीय स्तर पर न केवल इंडस्ट्री के लिए नई राह खोल दी है बल्कि इसने स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की संभावनाओं को तेजी से बढ़ाने का काम किया है। जीआईएस 2025 के सफल आयोजन से डॉ.मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को दुनिया के नक़्शे पर चमका दिया। इस आयोजन ने निवेशकों के लिए कई ऐसे अवसर पैदा किए जो न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को भविष्य में मजबूत बनाएँगे बल्कि देश के समग्र विकास में भी अहम योगदान देंगे। इस समिट ने हृदयप्रदेश एमपी को निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बना दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ब्रिटेन और जर्मनी की यात्रा कर मिशन निवेश को आगे बढ़ाया, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश की पहचान एक निवेश-अनुकूल राज्य के रूप में मजबूत हुई। उनकी नीतियों ने औद्योगिकीकरण और शहरी विकास को प्राथमिकता दी, जो भविष्य में आर्थिक आत्मनिर्भरता की नींव रखेगा। मध्यप्रदेश के गरीब और मध्यमवर्ग के परिवारों ने कभी नहीं सोचा होगा परिवार में कोई सदस्य अगर बीमार पड़ गया तो उसे एयर एम्बुलेंस जैसी सुविधा मिलेगी लेकिन डॉ. मोहन ने अपने कार्यकाल में दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुलभ बनाया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में 30 नए मेडिकल कॉलेज खोले गए और जल्द ही इनकी संख्या 50 तक पहुंचने की योजना है। यह कदम प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। शिक्षा के क्षेत्र में भी नवाचार और गुणवत्ता पर जोर दिया गया, जो युवाओं के भविष्य को संवारने में सहायक होगा। सिविल सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण को 33% से बढ़ाकर 35% करने का उनका निर्णय ऐतिहासिक रहा। एक लाख से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य हासिल किया गया जो महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रदेश में स्मार्ट सिटी मिशन और स्वच्छ भारत सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। भोपाल और इंदौर में मेट्रो रेल परियोजनाओं का निर्माण तेजी से चल रहा है जिसकी कुल लागत 14,440 करोड़ रुपये है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए जिससे मध्यप्रदेश इस क्षेत्र में देश में अग्रणी बन गया साथ ही 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को भी इस योजना का लाभ देने की पहल शुरू की गई।

# सभी राज्य सरकारों को अपने सिविल सेवा आचरण नियमों में तत्काल संशोधन करना समय की मांग

» किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तरपर करीब करीब हर देश के नागरिकों में यह भाव होता है कि वह अपने देश की सेवा के रूप में सरकारी नौकरी करें, स्वाभाविक रूप से हम जानते हैं कि व प्रैक्टिकल देखते भी हैं कि एक चपरासी से लेकर बड़े-बड़े अधिकारियों को अपने पद का कितना रुतबा मिलता है वे अपने पद व रुतबे के आगे अपना आचरण, व्यवहार देशसेवा जनता के सेवक इत्यादि अनेक कर्तव्य व जिम्मेदारियां भूल जाते हैं, हालांकि मेरा इशारा सभी पर नहीं बल्कि ऐसे कर्मचारियों पर है जो अपने पद व रुतबे से अपने आप को सरकार का दामाद समझने लगते हैं। वैसे भी सरकारी कर्मचारियों को सरकारी दामाद ही कहा जाता है। मैंने अपने वकालत के करियर में जीवन में अनेकों ऑफिसों में देखा है कि सरकारी अधिकारी पद का रुतबा दिखाते हैं। बात केवल यही तक सीमित नहीं आजकल सोशल मीडिया युग में अपने पद का रुतबा मीडिया पोस्ट में भीरील्स या कोई मैसेज या कमेंट कर अपने पद का रुतबा व पहचान दिखाने में आगे रहते हैं ताकि लोग उनको ध्यान से सुनें या अपने दबाव तंत्र को महत्व दिलाते हैं, शायद इन्हीं खामियों के कारण जम्मू कश्मीर व गुजरात सरकारों ने पहले ही अपने सिविल सेवा आचरण नियम संशोधित कर सख्त कर दिए हैं। अब महाराष्ट्र सरकार ने भी दिनांक 19 मार्च 2025 को विधानसभा सत्र में घोषणा कर दी है कि तीन माह के अंदर महाराष्ट्र सिविल सेवा आचरण नियम 1979 को संशोधित कर ऐसे सख्त बनाए जाएगें, क्योंकि 1979 में सोशल मीडिया नहीं थी इसलिए उस समय के आचरण से यह नियम ठीक लगते थे, परंतु अभी डिजिटल दुनियाँ में इस ऐसे संशोधिन कर सख्त नियम बनाए जाएं, मेरा ऐसा मानना है कि अब समय आ गया है कि हर राज्य ने अपने राज्यों के सिविल सेवा आचरण नियमों को अति सख्त करने की जरूरत है, ताकि हर समय कर्मचारी अधिकारी अपने को सरकारी दामाद समझाने के बजाय जनता का सेवक समझे, हर जगह अपने पद का रुतबा नहीं बल्कि नम्र व नींवाँ होकर जनता का सेवक चा कर समझकर जनता की सेवा करें तो यह पृथ्वी किसी स्वर्ग से काम नहीं होगी। चूँकि महाराष्ट्र सरकार ने तीन माह में संशोधन का प्रण लिया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सभी राज्यों को अपने सिविल सेवा आचरण नियमों में तात्कालिक संशोधन करना समय की मांग है।

साथियों बात अगर हम महाराष्ट्र में सिविल सेवा आचरण नियम 2025 लागू करने की करें तो, सरकारी पद मिलते ही कुछ लोग देश सेवा कम और कैमरा प्रेम ज्यादा करने लगते हैं. कभी कुर्सी पर बैठकर स्लो मोशन एंट्री, तो कभी हथियार के साथ डायलॉगबाजी, अब ये सब आम बात हो गई है।

# भगत सिंह की जेल नोटबुक की कहानी

» कल्पना पांडे

भगत सिंह और उनके साथी सुखदेव और राजगुरु के शहादत दिवस इसी महीने में है। भगत सिंह की जेल डायरी के दिलचस्प इतिहास को समझने का प्रयास इस लेख में मैंने किया है। यह डायरी, जो आकार में एक स्कूल नोटबुक के समान थी, जेल अधिकारियों द्वारा 12 सितंबर, 1929 को भगत सिंह को दी गई थी, जिस पर लिखा था 'भगत सिंह के लिए 404 पृष्ठ।' अपनी कैद के दौरान, उन्होंने इस डायरी में 108 विभिन्न लेखकों द्वारा लिखी गई 43 पुस्तकों के आधार पर नोट्स बनाए, जिनमें कार्ल मार्क्स, फ्रेडरिक एंगेल्स और लेनिन शामिल थे। उन्होंने इतिहास, दर्शन और अर्थशास्त्र पर व्यापक नोट्स लिए। भगत सिंह का ध्यान न केवल उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष पर था, बल्कि सामाजिक विकास से संबंधित मुद्दों पर भी था। वे विशेष रूप से पश्चिमी विचारकों को पढ़ने के प्रति झुकाव रखते थे। राष्ट्रवादी संकीर्णता से परे जाकर, उन्होंने आधुनिक वैश्विक दृष्टिकोणों के माध्यम से मुद्दों को हल करने की वकालत की। यह वैश्विक दृष्टिकोण उनके समय के केवल कुछ नेताओं, जैसे महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के पास था। 1968 में, भारतीय इतिहासकार जी. देवल को भगत सिंह के भाई, कुलबीर सिंह के साथ भगत सिंह की जेल डायरी की मूल प्रति देखने का अवसर मिला। अपने नोट्स के आधार पर, देवल ने पत्रिका 'पीपल्स पाथ' में भगत सिंह के बारे में एक लेख लिखा, जिसमें उन्होंने 200 पृष्ठ की डायरी का उल्लेख किया। अपने लेख में, जी. देवल ने उल्लेख किया कि भगत सिंह ने पूंजीवाद, समाजवाद, राज्य की उत्पत्ति, मार्क्सवाद, साम्यवाद, धर्म, दर्शन और क्रांतियों के इतिहास जैसे विषयों पर टिप्पणियाँ की थीं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि डायरी को प्रकाशित किया जाना चाहिए, लेकिन यह साकार नहीं हुआ।

1977 में, रूसी विद्वान एल.वी. मित्रोखोव को इस डायरी के बारे में जानकारी मिली। कुलबीर सिंह से विवरण एकत्र करने के बाद, उन्होंने एक लेख लिखा जो बाद में 1981 में उनकी पुस्तक 'लेनिन एंड इंडिया' में एक अध्याय के रूप में शामिल किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाऐगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### फरार चल रहे अभियुक्तों के घर पर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहार



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। पानापुर थाना क्षेत्र के धोबवल गांव से काफी लंबे समय से फरार चल रहे पांच अभियुक्तों के घर पर सोमवार को स्थानीय पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया। इस संबंध में बताया जाता है कि धोबवल गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह, दुर्गावती देवी, शैलेश सिंह, सोनी कुमारी, बिट्टू कुमार सिंह के खिलाफ एक कांड अंकित है। इस मामले में वे सभी लोग काफी दिनों से फरार चल रहे है। जिसको लेकर न्यायालय द्वारा इस्तेहार जारी किया गया है। सोमवार थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्तों के घर पहुंची एवं इस्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष ने बताया सभी अभियुक्तों के घर इस्तेहार चिपकाया गया है इसके बाद भी अभियुक्त समय से हाजिर नही होते है तो कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

### आपसी भाईचारे व सौहार्द के वातावरण में दावते इफ्तार का हुआ आयोजन



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। इस्लाह मुआशरा कमिटी द्वारा रविवार की शाम परवरिश एडुकेयर स्कूल माँझी जलाल बाबा मजार के समीप आपसी भाईचारे व सौहार्द के वातावरण में दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। दावते इफ्तार में सभी समुदाय के लोगों ने एक साथ बैठकर रोजेदारों के साथ इफ्तार किया। इस अवसर पर पूर्व एम एल सी प्रत्याशी सह राजद नेता सुधांशु रंजन पांडेय, ई सौरभ सन्नी, कौरु धौरु पँचायत के मुखिया प्रतिनिधि उदय शंकर सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता, उमाशंकर ओझा, लाल बाबू चौधरी, छोटे बाबा, पूर्व मुखिया सत्यनारायण प्रसाद यादव, अख्तर अली, संदीप रौशन, नेहाल खान, जलालुद्दीन खान, वशीर अहमद 'बबलू', नवाब खान, राजा खान, एकराम खान, बच्चा खान, मुराद खान, सूफी साहब तथा मजहर हुसैन उर्फ मुन्ना मौलवी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग शामिल हुए। उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी।

### तीन लाख रुपये से निर्मित माँ जगदम्बा द्वार का हुआ उद्घाटन



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। माँझी प्रखंड के भलुआ बुजुर्ग पँचायत के मुखिया दीपक कुमार मिश्रा द्वारा खानपुर गाँव के समीप पँचायत मद की लगभग साढ़े तीन लाख रुपये से निर्मित माँ जगदम्बा द्वार का सोमवार को पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने फीता काटकर विधिवत उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रवेश द्वार पँचायत के लोगों के सामाजिक एवम आध्यात्मिक उत्थान के मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे पहले माँ जगदम्बा मन्दिर में अतिथियों ने पूजा अर्चना की तथा मन्दिर परिसर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ में शामिल होकर प्रवचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर पँचायत के पूर्व मुखिया सुनील कुमार मिश्रा ने दर्जनों गणमान्य लोगों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया। समारोह में मुखिया दीपक कुमार मिश्रा, मुखिया प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार उपाध्याय, पूर्व मुखिया देवेन्द्र सिंह, अजय सिंह, योगेन्द्र शर्मा भाजपा नेता सुदामा तिवारी, कैप्टन राकेश सिंह, सत्येन्द्र सिंह, गोविंद पाठक, शंकर साह, आशुतोष दुबे, कौशल दुबे, रितेश ठाकुर, पैक्स अध्यक्ष सुजीत सिंह, निरंजन सिंह, जय प्रकाश मिश्रा तथा राधेश्याम सिंह समेत दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद थे।

### ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा साधनापुरी में मनाया गया विश्व यक्ष्मा दिवस



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। टीबी उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध सामाजिक संस्था ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के स्थानीय शाखा कार्यालय साधनापुरी छपरा में विश्व क्षय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉ अलका सिंह द्वारा विश्व क्षय दिवस की थीम ‘यस वी कैन एंड टीबीर यानी‘ हां हम मिलकर टीबी को खत्म कर सकते है’ के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मालूम हो कि संस्था द्वारा गोद लिए गए क्षय मरीजों को 6 माह तक प्रतिमाह पोषाहार वितरित किया जाता है। इसके साथ ही झुग्गी बस्तियों, स्कूल और महाविद्यालयों में भी जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संस्था की संस्थापिका सदस्य डॉ अलका सिंह, प्रीति शाही, भाग्यमणि शाही, संगीता कुमारी, संजू कुमारी, सीमा कुमारी, सृष्टि कुमारी, गीता देवी सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### बिजली के कनेक्शन काटे जाने व पुरानी रंजिश को लेकर जमकर मारपीट, आधा दर्जन महिलाएं एवं युवतियां जख्मी

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। बिजली के कनेक्शन काटे जाने एवं पुरानी रंजिश को लेकर माँझी के गोंडा पर गाँव में दो पक्षों के बीच सोमवार को जमकर मारपीट हो गई, जिसमें आधा दर्जन महिलाएं एवं युवतियां जख्मी हो गई, जिनका उपचार माँझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। पूछे जाने पर दोनों पक्षों द्वारा एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाया जा रहा है। एक पक्ष द्वारा यह कहा जा रहा है कि वह एक बिजली फ्रेंचाइजी के ऑफिस में काम करती है। इन दिनों विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत जिसका बिल 5000 से अधिक बकाया है उसका कनेक्शन काटा जा रहा है। दूसरे पक्ष का 18 हजार रुपया बिल बकाया होने के कारण विभाग द्वारा कनेक्शन काट दिया गया, जिसको लेकर दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष पर कनेक्शन कटवाने का आरोप लगाकर मारपीट की, जबकि दूसरे पक्ष ने इस आरोप को गलत बताया है। घायलों में रीना कुमारी, मीना कुमारी, उषा देवी, गीता कुमारी, रितिका कुमारी आदि शामिल है।

## लंबित मामलों का हो त्वरित निदान, साप्ताहिक समन्वय बैठक में दिए गए निर्देश



» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। समाहरणालय सभागार में सोमवार को साप्ताहिक समन्वय बैठक आहुत की गई। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रत्येक मंगलवार को होने वाली बैठक में दिये गए निदेशों के अनुपालन को लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पंचायत सरकार भवन के निर्माण के लिये उपलब्ध कराई गई सभी भूमि पर कार्य प्रारंभ करने का निदेश कार्यकारी विभाग भवन प्रमण्डल एवं स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्यपालक अभियंता को दिया गया। कुछ जगहों पर छोटी मोटी स्थानीय समस्या के कारण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को इन मामलों का त्वरित निदान कराकर कार्य को शुरू कराने का निदेश दिया। उद्योग विभाग से संबंधित पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत पंचायत स्तर पर ऑनलाइन प्राप्त सभी आवेदनों को विधिवत अगले स्टेज पर अग्रसारित कराने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बकाया बिजली बिल के त्वरित भुगतान हेतु सभी विभागों के पदाधिकारियों को निदेश दिया गया। मुख्य रूप से पंचायतीराज विभाग, पीएचईडी, नगर विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग के पास अधिक बकाया राशि है। इन सभी विभागों को प्राथमिकता से बिल का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना एवं प्रखंड परिवहन योजना के तहत स्वीकृति प्राप्त लाभुकों से वाहन क्रय कराकर अनुदान की राशि का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने का निदेश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। बस स्टॉप के निर्माण हेतु में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप उपयुक्त स्थल चिन्हित कर अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निदेश सभी अंचलाधिकारियों को दिया गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को चिन्हित स्थलों पर बस स्टॉप के निर्माण हेतु त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

सभी थाना स्तर पर प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित मामलों की सुनवाई कर इसका रिपोर्ट नियमित रूप से भूमि समाधान पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया।

आरटीपीएस के तहत राशनकार्ड से संबंधित कुछ आवेदन निर्धारित समयसीमा के उपरांत भी लंबित पाये गए है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को इसका निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। नीलामपत्र वादों की नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने का निदेश सभी नामित नीलामपत्र पदाधिकारियों को दिया गया। प्रत्येक 5 ग्राम पंचायतों का एक क्लस्टर बनाकर सभी क्लस्टर में एक आधार पंजीकरण केंद्र स्थापित किया जाना है। इस संबंध में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दो दिनों के अंतर्गत क्लस्टर वार आधार केंद्र के लिये स्थल चिन्हित कर प्रस्ताव भेजने का निदेश दिया गया।

न्यायालय से संबंधित मामलों में सभी संबंधित अधिकारियों को ससमय तथ्य विवरणी दाखिल करने को कहा गया। बैठक में अपर समाहर्त्ता, बंदोबस्त पदाधिकारी, नगर आयुक्त, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।

## मुख्यालय स्थित विनोबा मैदान के पास की दुकान में लगी आग में हजारों की सम्पति खाक



» प्रमोद विश्वास, मदरलैण्ड संवाददाता

सुपौल। पिपरा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विनोबा मैदान के आगे एन एच 106 के किनारे, बीती रात चाय नाश्ते की दुकान एवं सैलून में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक दुकान की बेंच, डेस्क सहित हजारों की संपत्ति जल कर राख हो चुकी थी। इस बाबत पिपरा वार्ड नंबर- 05 निवासी चाय नाश्ते की दुकान के मालिक विकास कुमार साह ने अंचल अधिकारी, पिपरा को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए आवेदन में बेंच, डेस्क, बर्तन आदि सहित 85 हजार मूल्य के सामान जल जाने की बात कही गई है। पीड़ित विकास कुमार ने दुश्मनी से दुकान पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाने की बात भी आवेदन में कही है।

## मामूली विवाद में मारपीट की घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत, मचा कोहराम

» मदरलैण्ड संवाददाता



छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के सरेया रत्नाकर गांव में बाइक साईड करने को लेकर हुए मामूली विवाद के बाद मारपीट की घटना में घायल युवक की रविवार को इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। मृतक सरेया रत्नाकर गांव निवासी अखिलेश कुमार सिंह उर्फ मुन्नी सिंह का 19 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार सिंह बताया गया है। रविवार को दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद अंकित का शव उसके घर पहुचते ही कोहराम मच गया। मृतक की मां सुमन देवी, पिता अखिलेश सिंह छोटी बहन व परिवार के अन्य सदस्यों के चीख-पुकार और चीत्कार से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया था। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि गत बुधवार को पचरौड़ केवारा के पास बुच्ची सरेया गांव के समीप बाईक साइड लेने के दौरान मामूली कहा सुनी हो गई और इसी बीच बात बढ़ गई जिसके बाद मारपीट की घटना हो गई। इस मारपीट की घटना में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे घायल अवस्था में मढ़ौरा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया। पटना रुबन अस्पताल में इलाज के दौरान अंकित की मौत हो गई। अंकित एक भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था और वह मुजफ्फरपुर के किसी कॉलेज में रहकर बीसीए की तैयारी कर रहा था। अंकित अपने घर का एकलौता चिराग था। घटना के बाद उसके परिजनों में चीख-चीत्कार मचा हुआ है। जिसे देख सभी की आंखें नम हो जा रही थी, जिससे पूरे गांव का माहौल गमगीन बना हुआ है। घटना के बाद तरैया थाने की पुलिस गांव में कैम्प की हुई है।

## गौनाहा प्रखंड जदयू की बैठक में बूथ कमिटी की मजबूती पर बल

### बेलसंडी निवासी आनन्द कुमार उर्फ गुडडू राम बने प्रखण्ड जदयू युवा अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतर्गत प्रखंड जदयू यूनाइटेड कार्य समिति व पंचायत अध्यक्षों की एक विशेष बैठक सोमवार को प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विक्रमा चौधरी ने की। बैठक में सभी पंचायत के बूथ कमेटी की समीक्षा की गई। अनुसूचित जाति के प्रदेश सचिव अलखदेव पासवान ने जदयू कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बिहार में जितने भी कल्याणकारी योजनाएं चलाये जा रहे हैं, उसे जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। बगहा जिला के जिला उपाध्यक्ष सूरज सहनी ने कहा कि जदयू पार्टी को प्रखंड में मजबूत करने की आवश्यकता है। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बूथ कमिटी को मजबूत बनाना होगा। जिला संगठन बगहा के अध्यक्ष चंद्रभूषण कुमार कुशवाहा के निर्देशानुसार बैठक का आयोजन किया गया है। प्रखंड अध्यक्ष विक्रमा चौधरी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रखंड के प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाने की जरूरत है। जब तक बूथ कमेटी का सही संचालन नहीं होगा, पार्टी को मजबूती नहीं मिलेगी। इस मौके पर आनंद कुमार राम को प्रखंड जदयू का युवा अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके मनोनयन पर पार्टी कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया। प्रदेश सचिव अलखदेव पासवान, जिला उपाध्यक्ष सूरज सहनी, प्रखंड अध्यक्ष विक्रमा चौधरी ने प्रखंड युवा अध्यक्ष को फूलों का माला पहनकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अन्य वक्ताओं में भागीरथी राम, दिनेश्वर यादव, राजकुमार गुप्ता, ज्ञानेश्वर चौबे, राजदेव काजी, राजेश महतो, धर्मराज ओझैया, सुजीत चौधरी, अनिरुद्ध कुशवाहा, विकास यादव, शिवजी साह, प्रमोद साह, राजेश चौरसिया, कुंदन पटवारी, बृजेश महतो, श्याम किशोर गिरी आदि शामिल रहे। वही जदयू के समस्त कार्यकताओं ने आनंद कुमार उर्फ गुड्डू राम को बहुत सारी शुभकामनाएं और बधाइयां दे रहे हैं। आनंद कुमार ने कहा कि पार्टी के द्वारा सौंपे गए समस्त जिम्मेदारियों को जिम्मेवारी पूर्वक निभाउंगा। और उन्होंने जिला जदयू अध्यक्ष को धन्यवाद भी दिए।

## एकमा विधायक श्रीकांत यादव ने रोजेदारों के लिए किया दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

### दावत-ए-इफ्तार में रोजेदार, राजद नेता, कार्यकर्ता, समाजसेवी, बुद्धिजीवी व मीडिया कर्मी हुए शामिल

» मदरलैण्ड संवाददाता



छपरा। एकमा विधायक श्रीकांत यादव की ओर से नगर पंचायत एकमा बाजार के राजापुर स्थित अपने आवास परिसर में रमजान-उल-मुबारक के रविवार को 22वें रोजा के मौके पर दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें एकमा विधायक श्रीकांत यादव, मांझी विधायक डॉ सत्येंद्र यादव, एकमा जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इकबाल, अब्दुल जब्बार, राजद नेता सुभाष यादव, अवधेश यादव, कन्हैया यादव, जितेन्द्र यादव, उपेंद्र यादव, उमाकांत यादव, आलम खान, वकील यादव, राजेश्वर यादव, राजेश कुमार, मनन खान, अहमद अली, डॉ बाबूजान, कामरेड रविन्द्र गुप्ता आदि के अलावा सैकड़ों रोजेदार राजद नेता, कार्यकर्ता, समाजसेवी, बुद्धिजीवी व मीडिया कर्मी शामिल हुए। इस दौरान सांप्रदायिक सौहार्द व भाईचारे की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल नजर आयी।

इसके पूर्व एकमा स्थित जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद इकबाल, मोहम्मद तबारक हुसैन, अहमद अली नेताजी आदि ने मौजूद रोजेदारों के साथ विधायक श्रीकांत यादव के आवास की छत पर नमाज अदा कर अल्लाह-ताला से हाथ उठाकर मुल्क की तरक्की व अमन-चैन के लिए दुआएं मांगी।

इस दौरान इफ्तार पार्टी में मुस्लिम समाज के बड़े-बुजूर्ग, नौजवान व बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। मगरिब की अजान सुनकर सभी रोजेदारों ने एकमा विधायक श्रीकांत यादव के साथ रोजा इफ्तार किया।

- रोजेदारों ने 22वीं रमजानुल मुबारक की नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की व अमन-चैन की मांगी दुआएं

एकमा के जामा मस्जिद के इमाम मोहम्मद इकबाल ने कहा कि रमजान-उल-मुबारक का यह पाक व पवित्र महीना रहमतों व बरकतों से भरपूर होता है।

इस अवसर पर विधायक श्रीकांत यादव ने कहा कि इस तरह के सामाजिक भाईचारे को बढ़ावा देने वाले आयोजन हिंदू-मुस्लिम एकता व भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। सभी धर्म के लोगों का एक साथ मिल बैठकर इफ्तार पार्टी में शामिल होना भाईचारे का पैगाम देते हैं।

इस अवसर पर मांझी प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजेश प्रसाद, श्रीभगवान राय, पूर्व मुखिया अशोक राय, डॉ बाबूजान अंसारी, अनिल कुमार यादव, रघुवीर यादव, शिक्षक उपेंद्र कुमार यादव, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, रवि कुमार महतो आदि अन्य लोग शामिल थे।

## 27 मार्च को समाहरणालय सभागार में पेंशन अदालत का होगा आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। वरीय उप लेखा नियंत्रक (पेंशन), महालेखाकार का कार्यालय, बिहार, पटना के निदेशानुसार सारण जिले से संबंधित पेंशन भोगियों के पेंशन लाभ के तत्काल निपटारे और शिकायत के निवारण के लिये 27 मार्च 2025 को समाहरणालय सभागार में पेंशन अदालत का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक-27-03-2015 को 11:00 बजे पूर्वा० से 04:00 बजे अप० तक सारण समाहरणालय अर्गत सभागार कक्ष में पेंशन अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त कार्य हेतु श्री कुमार विजय प्रताप वरीय कोषागार पदाधिकारी, सारण को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है।

सारण जिला के सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सारण जिला को निदेश दिया गया है कि उक्त तिथि को निर्धारित पेंशन अदालत में अपने कार्यालय के सेवानिवृत कर्मचारियों की सूची जिनके पेंशन मामले कार्यालय/ राज्य सरकार के कार्यालयों द्वारा अंतिम रूप से नहीं दिये गये हैं, के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

सभी पेंशन प्रदायी बैंक, सारण जिला को निदेश दिया गया है कि अपने प्रतिनिधि (पेंशन से संबंधित पदाधिकारी) को पेंशन भोगियों की सूची और पेंशन भुगतान आदेशों (ढढड) के साथ जिला पेंशन प्राधिकार पत्र पर पेंशनर को भुगतान नहीं किया गया है, के कारण सहित विवरणी के साथ पेंशन अदालत में उपस्थित होने का निदेश दिया गया है।

## एचआईवी और सिफलिस की रोकथाम के लिए चला विशेष जागरूकता और जांच अभियान



» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देश पर माँझी नगर पँचायत के मियां पट्टी एवं ताजपुर में एचआईवी और सिफलिस की रोकथाम के लिए सोमवार को विशेष जागरूकता और जांच अभियान चलाया गया, जिसमें करीब 200 मरीजों की जांच की गई। वहीं जांचोपरांत मरीजों के बीच दवा आदि का भी वितरण किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए आईसीपीसी उर्मिला कुमारी ने बताया कि यह शिविर पूरे जिले में चलाया जा रहा है। यह जांच शिविर 18 मार्च से प्रारंभ हुआ है जो 28 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत सरकार के फर्स्ट 95 टारगेट को पूरा करना है। यानी 95,% लोगों को उनके एचआईवी एवं सिफलिस संक्रमण के बारे में जानकारी होनी चाहिए। वहीं डीआरपी प्रवीण सिन्हा ने बताया कि इस अभियान के तहत ग्रामीण और उच्च जोखिम समूह तक पहुँच कर जागरूकता, परामर्श और मुफ्त जांच की सुविधा दी जा रही है, ताकि संक्रमण का समय पर पहचान कर उपचार किया जा सके।

## डकैती कांड का सफल उद्भेदन: देशी कट्टा, बाइक और आभूषण के साथ गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार

» मदरलैण्ड संवाददाता



छपरा। सक्रिय पुलिसिंग के तहत सारण पुलिस को बड़ी कार्रवाई। गरखा थानान्तर्गत हुए डकैती की घटना का सफल उद्भेदन कर घटना में संलिप्त 07 अपराधियों को किया गया गिरफ्तार।

इस संबंध में बताया जाता है कि रविवार की रात्रि समय 12:00 बजे गरखा थाना अंतर्गत ग्राम-अख्तियारपुर गण्डक नदी के किनारे कुछ अपराधकर्मियों द्वारा अवैध आग्नेयशस्त्रों से लैश होकर अपराध करने की योजना बनाने की सूचना गरखा थानाध्यक्ष को प्राप्त हुई। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय सारण के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर- 1 सारण के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। उक्त टीम के द्वारा अपराध की योजना बना रहे कुल 7 अपराधकर्मियों को अवैध हथियार, कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया तथा कुछ अपराधकर्मी अंधेरे तथा नदी का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। इस संबंध में गरखा थाना कांड सं०- 211/25 बी०एन०एस० एवं 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ के क्रम में गरखा थाना अंतर्गत दिनांक-19/20.03.25 को रात्रि ग्राम केवानी में हुए सुरेश मांझी के घर डकैती में इनलोगों के द्वारा अपनी संलिप्तता स्वीकार की गई तथा इनके पास से उक्त घटना में प्रयुक्त हथियार देसी कट्टा, दाब, मोटरसाइकिल, नगद रुपया तथा आभूषण भी बरामद किया गया। इस प्रकार डकैती की योजना को विफल करते हुए गरखा थाना कांड संख्या- 205/25 डकैती का सफल उद्भेदन किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में क्रमशः 1. भीम नट, पिता-दुखन नट, साकिन-देव बहुआरा, थाना-मढ़ौरा, 2. शिव नट उर्फ पागल नट, पिता-सुरेश नट, साकिन-जगदीशपुर, थाना-मढ़ौरा, 3. संजीत नट, पिता-बच्चा नट, साकिन-पटेरा, थाना-खैरा, 4. विष्णु नट, पिता-रामाशीष नट, साकिन-ओल्हनपुर नट टोली, थाना-मढ़ौरा, 5. अमर नट, पिता-गामा नट, साकिन-खजुरी, थाना-पानापुर, 6. आकाश नट, पिता राजेश नट उर्फ हीरो नट, साकिन- पुरानी बाजार, थाना-मढ़ौरा, 7. समीम मिया, पिता-युनुस खान, साकिन-औढ़ा, थाना-गरखा, सभी जिला-सारण के बताए जाते है। इस छापामारी दल में सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गरखा थाना के थानाध्यक्ष व थाना के अन्य कर्मी के साथ जिला आसूचना इकाई, सारण मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## जनता दरबार में लोगों की समस्यायों का महापौर उषा देवी अग्रवाल की समाधान



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। प्रत्येक सोमवार की तरह इस सोमवार को भी नगर निगम कार्यालय में महापौर उषा देवी अग्रवाल के द्वारा जनता दरबार लगाकर लगभग 28 लोगों की समस्या से रूबरू हुये। जिनमे कटिहार शहर के विभिन्न वार्डों से आए हुए लोगों ने महापौर को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसमें आवास योजना, सड़क, बिजली,जल जमाव, होल्डिंग टैक्स के अलावे सफाई की समस्याओं से महापौर उषा देवी अग्रवाल को लोगों ने अवगत करवाया। जिसको लेकर महापौर उषा देवी अग्रवाल ने गंभीरता से सभी लोगों की समस्याओं को सुना और विभागीय लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान करने का जरूरी निर्देश दिया गया। मौके पर निगम पार्षद प्रताप सिंह मोनू एवं अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

## एनएच की जमीन खाली कराने को लेकर कार्यपालक अभियंता ने सीओ व रोशना थाना को लिखा पत्र



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल पूर्णिया के कार्यपालक अभियंता ने प्राणपुर सीओ व रोशना थाना प्रभारी को पत्र देकर कहा है कि लाभा चौक के समीप रैयतों द्वारा मुआवजा की राशि लेने के बावजूद जमीन को खाली नही किया जा रहा है। जिस कारण एनएच 81 सड़क निर्माण कार्य मे काफी बाधा उतपन्न हो रही है। कार्य करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वही उक्त विभाग के जेई विनोद कुमार ने बताया कि कुल 12 रैयतों द्वारा अभी तक जमीन खाली नही किया गया है। उन्होंने कहा कि एनएच 81 सड़क निर्माण कार्य काफी तीव्र गति से कराया जा रहा है। लेकिन कुछ रैयतों की मनमानी के कारण कार्य मे बाधा उतपन्न हो रही है। उधर रैयतों का कहना है कि हमलोगों को उचित मुआवजा की राशि अभी तक नही मिली है। रैयतों ने विभागीय अधिकारियों से उचित मुआवजा की राशि की मांग किया है।

## कतुहार के बड़ा बाजार में स्थायी पुलिस की व्यवस्था हो: चैम्बर

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। नॉर्थ ईस्टर्न बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने नगर थाना प्रभारी को पत्र लिखकर माह-ए-रमजान और ईद के मौके पर कटिहार शहर के बड़ा बाजार में स्थायी पुलिस की व्यवस्था करने की मांग की है पत्र की प्रतिलिपि आरक्षी अधीक्षक को भी दी गयी है चैम्बर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के निर्देश पर लिखे गए पत्र की जानकारी देते हुए महासचिव भुवन अग्रवाल ने बताया कि माह-ए-रमजान और ईद को देखते हुए शहर के बड़ा बाजार हाट के व्यवसायियों द्वारा बड़ा बाजार हाट में स्थायी पुलिस की व्यवस्था करने की मांग की गयी है बड़ा बाजार हाट में पुलिस की स्थायी व्यवस्था नहीं रहने से आये दिन यहां असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचाया जाता है थाना प्रभारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल बड़ा बाजार में पेट्रोलिंग को लेकर महासचिव को आश्वस्त कियो उन्होंने उपद्रवियों पर कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया इस सम्बन्ध में बड़ा बाजार हाट स्थित मां सती कलेक्शन के प्रोपराईटर ने एक विडियो भी शेयर की है उन्होंने बताया कि रविवार को दिन-दहाड़े असामाजिक तत्वों का एक झुण्ड उनकी दुकान में मारपीट करते हुए घुस गया विरोध करने पर असामाजिक तत्वों ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की स्थायी पुलिस बल की व्यवस्था नहीं रहने से आये दिन इस तरह की घटनाएं होती रहती है महासचिव ने व्यवसायियों के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए बड़ा बाजार हाट में स्थायी पुलिस बल की व्यवस्था करवाने की मांग की है।

## मढ़ौरा में सड़क दुघटना में दो युवक हुए जख्मी



मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। मढ़ौरा प्रखंड क्षेत्र के दयालपुर मंदिर के पास सोमवार को मोटरसाइकिल सवार दो युवक सड़क किनारे बेहोशी हालत में गिरे थे। ग्रामीणों ने देखा तो दोनों युवकों का हालत गंभीर था। ग्रामीणों ने मढ़ौरा थाना को सूचित किया। सूचना मिलते ही मढ़ौरा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और पूछ ताछ कि तो पता चला कि दोनों युवक छपरा से मिजार्पुर आ रहे थे। तभी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गिर पड़ा और दोनों युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। घायल युवकों की पहचान अभिषेक कुमार पिता मुन्ना सिंह उम्र 20 वर्ष और दूसरा राहुल कुमार पिता संतोष कुमार उम्र 21 वर्ष के रूप में हुई। अभिषेक को अधिक चोट लगने के कारण कान से खून निकल रहा था और राहुल के मुंह पर चोट लगा था। प्रशाशन ने दोनों को इलाज कराने के लिए रेफरल अस्पताल मढ़ौरा में लाया लेकिन यहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा में रेफर कर दिया गया।

## बिहार में 10 हजार 225 शिक्षकों का हुआ स्थानांतरण

पटना, , एजेंसी। आखिरकार शिक्षा विभाग ने सोमवार को शिक्षकों के स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत 10 हजार 225 शिक्षकों के स्थानांतरण की सूची को जारी किया है। इसमें सबसे अधिक स्थानांतरण उन महिला शिक्षिकाओं के हुए हैं जो पति के पदस्थापन के आधार पर ट्रांसफर के लिए आवेदन की हुई थी। शिक्षा विभाग ने इससे पहले असाध्य रोग के आधार पर 220 शिक्षकों का स्थानांतरण किया था। लेकिन इस बार विशेष समस्या ग्रसित होने के सभी क्षेत्र प्रकार के आधार पर स्थानांतरण किए गए हैं। शिक्षा विभाग ने इस बार पूर्व के स्थाई शिक्षक, बीपीएससी प्रथम और दूसरे चरण में चयनित शिक्षक और सक्षमता उत्तीर्ण होकर विशिष्ट शिक्षक बने शिक्षकों के स्थानांतरण के आवेदन पर विचार करते हुए उनका स्थानांतरण किया है। फिलहाल स्थानीय निकाय वाले शिक्षकों के आवेदन पर विचार नहीं किया गया है। शिक्षकों के स्थानांतरण में असाध्य रोग के आधार पर कुल 226 शिक्षकों का स्थानांतरण हुआ है, जिसमें 113 पुरुष शिक्षक और 113 महिला शिक्षिका हैं। गंभीर रुग्णता के आधार पर 495 पुरुष शिक्षक और 442 महिला शिक्षकों को मिलकर कुल 947 शिक्षकों के स्थानांतरण हुए हैं।

# कटिहार शहर की हवा, जहरीली तो नहीं...?

- रोक के बावजूद कटिहार जिले में खुलेआम फेंका व जलाया रहा है कचरा उठ रहे धुंए से फैल रहा प्रदूषण,जहरीले धुएं से लोग परेशान वायुमंडल हो रही प्रदूषित
- प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान की कटिहार नगर निगम क्षेत्र में निकल रही हवा,शहर की फिजा में फैल रहा जहर जिम्मेवार कौन...?

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कटिहार शहर में प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है।हवा में घुलता यह जहर सेहत को दिनों-दिन खोखला करता जा रहा है।इसकी मुख्य वजह वायु प्रदूषण बनता जा रहा है।कटिहार नगर मामले पर बिहार सरकार के पूर्व निगम क्षेत्र से निकले वाले जहरीले कूड़े में खुले में जलाया जाने वाला कचरा क्षेत्र के लोगों के लिए परेशानी और बीमारी का मुख्य कारण बन सकता है।इससे आस-पास के स्कूल निजी विद्यालय के साथ-साथ सरकारी विद्यालय और इसके नजदीक छोटे-छोटे नौनिहालों के लिए सरकार द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र पर स्कूल पूर्व शिक्षा ले रहे बच्चों के जीवन पर संकट के बादल मंडराते कहा जा सकता है।वहीं उठ रहे इस धुंए से स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है।

**कहीं कटिहार शहर की हवा जहरीली तो नहीं हो रही है:-**

नगर निगम के निकले कचरे को खुले में आग लगाने से जहरीले धुंए के कारण शहर की हवा जहरीली होती जा रही है।जो मौत का कारण बन सकता है।हवा में घुले प्रदूषक तत्व आम लोगों के स्वास्थ्य पर खराब असर डाल रहे हैं। इन दिनों पूर्व दिशा से आने वाली हवा से शहर में ऑक्सीजन की मात्रा को कम कर देता है।इससे सांस लेने में भी दिक्कत के साथ त्वचा की प्राकृतिक नमी बनाए रखने की क्षमता प्रभावित होती है।बैगना क्षेत्र में कचरे में आग लगी रहने से रोजाना धुआं बना रहता है।

यह धुआं स्थानीय लोगों के लिए बीमारियों का कारण बन सकता है।इस बारे में क्षेत्र के लोग कई बार शिकायत दे चुके हैं।लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिलता है।लगातार उठते धुएं से क्षेत्र वासियों ने सुबह की सैर बंद कर दी।लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। नगर निगम की तरफ से यहां कचरा डाला जा रहा है।ऐसा लोग कहते हैं लेकिन नगर निगम इससे इंकार करती है।फेंके गए कचरे में आग लगा दी जाती है।क्षेत्र में रोजाना कचरा जलाने से निकलता धुंआ प्रदूषण फैला रही है।इस वातावरण में सांस लेने वाले लोगों के फेफड़ों में यह धुआं जा रहा है।लोगों में सांस से संबंधित बीमारी होने लगी है।जो सेहत के लिए घातक

कचरे में आग लगाने एवं नाले के कचरे से हानिकारक गैस मिथेन,सल्फर,कार्बन डाय आक्साइड,कार्बन मोनो आक्साइड निकलती है। जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है।ओजोन परत को क्षति पहुंचाता है।ये गैस मानव शरीर के लिए खतरनाक व जानलेवा है।इससे कैंसर, जेनेटिक डिजीज,चर्म रोग,सांस की बीमारी, एनिमिया,दांत, दमा, टीबी जैसी बीमारी होती है।

**पढ़िए कटिहार शहर की हवा में घुल रहे जहर रूपी धुंए पर किसने क्या कहा:-**

@1मामले पर बिहार सरकार के पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद भगत ने कहा किसी भी स्थानीय नगर निकाय द्वारा यत्र-तत्र कचरा फेंकना या डंप एवं निष्पादन करने का प्रावधान नहीं है।रही बात बैगना में कचरा जलाने की तो नगर आयुक्त सहित महापौर से भी बात करूंगा इस तरह कचरा जलाने से प्रदूषण फैलता है। मानव जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। स्वच्छ भारत अभियान की हवा किसी कीमत पर निकलने नहीं देंगे।ऐसे मुद्दे को सामने लाने के लिए मदरलैंड वॉइस को धन्यवाद दिए।

@2मामले पर कटिहार शहर के जाने-माने चिकित्सा एस०भानू बताते हैं।कि खुले में अगर कचरा जलाया जाता है।तो निश्चित तौर पर उसमें जैविक एवं प्लास्टिक और अन्य कई तरह के कचरे जलते हैं।जिससे विषैला धुआं उठता है।उठ रहे विषैला धुएं से मानव शरीर के विभिन्न अंगों पर प्रतिकूल असर पड़ता है।धुंआ फैलने से मनुष्य को सांस की बीमारी बढ़ सकती है।जो पूर्व से सांस की बीमारी से ग्रसित है।उनको और ज्यादा समस्या हो सकती है।ऐसे लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग और ध्यान देने की जरूरत है।उठ रहे कचरे से मानव जीवन के साथ-साथ वायुमंडल में भी विषैला धुआं फैल रहा है।जिससे जीव जंतुओं सहित मानव जीवन के लिए खतरे की घंटी से कम नहीं है।

@3डॉ०रंजना झा बताती हैं। कि खुले में कचरा जलाने से पर्यावरण को खतरा पहुंचता है।कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं।संयुक्त राष्ट्र ने भी इस पर गंभीरता जताई है।कचरा जलता है।उसमें ब्लैक कार्बन मिथेन बहुत ज्यादा मात्रा में पाया जाता है।जो मानव शरीर और वायुमंडल दोनों के लिए खतरे की घंटी है। नर्वस एवं इम्यून सिस्टम सहित मानव शरीर के उन तमाम अंगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जैसे आंख,नाक की बीमारी हो सकती है।आंख में जलन और वायुमंडल में फैल रहे इस जहरीले धुएं से लोगों की आंखों पर असर पड़ता है।इससे सड़कों पर चल रहे मोटरसाइकिल चालकों के साथ दुर्घटनाएं हो सकती हैं।क्योंकि आंख में एक जलन सी उत्पन्न होती है।इसलिए खुले में कचरा अगर जलाया जा रहा है।तो नगर निगम कटिहार को यह देखना चाहिए।किस परिस्थिति में और कौन जला रहा है।

@4महापौर उषा देवी अग्रवाल ने पूछे जाने पर कहा मुझे इस बात की जानकारी नहीं।नगर निगम कटिहार इस तरह खुले में कचरा नहीं फेंकती है।नगर निगम कटिहार अपने निर्धारित जगह जो उदामारहिका में है।वहां पर कचरे को डंप करती है।और बैगना में खुलेआम कचरा डंप कर जलाया गया है।तो इसकी जांच करवाते हैं। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ हीं लोगों से अपील है।खुले में इस तरह कचरे को ना फेक और ना जलाएं।शहर को स्वच्छ एवं पर्यावरण को स्वस्थ बनाने में सहयोग करें।

@5वहीं कटिहार नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा मामले की जानकारी मुझे नहीं।जांच कर लेते हैं।जो भी दोषी होंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।आयुक्त कुमार से जब पूछा गया लोगों को सांस की बीमारी हो सकती है।सांस की समस्या बढ़ सकती है।जो लोग पहले से ग्रसित हैं।तो कुमार ने कहा कटिहार शहर की हवा में जहर नहीं है।हवा पूरी तरह स्वस्थ एवं स्वच्छ है।तो सवाल है।जो विषैला धुआं उठ रहा वो कहाँ फैल रहा है।इसका जवाब कुमार साहब को ढूंढते हुए आवश्यक कार्रवाई करनी होगी।ताकि लोग इस तरह कचरे को खुले में फेंकने से बचेंगे।

## बारसोई:-मध्य विद्यालय मौलानापुर में बिहार दिवस की रही धूम




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार दिवस के अवसर पर 22 से 24 मार्च तक उत्क्रमित मध्य विद्यालय मौलानापुर में अनुमंडल स्तर पर होने वाले कार्यक्रम में उच्च विद्यालय आबादपुर के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का अच्छा प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी दीक्षित स्वेतम का स्वागत सोनाली कुमारी, चांदनी खातून तथा पायल भगत ने स्वागत गीत गाकर किया। तत्पश्चात राज्य के किसानों का चित्रण गीत के माध्यम से तरन्नुम परवीण, मुस्तफी परवीण तथा आवेदन खातून ने किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए रिया मोदक, मुस्कान कुमारी तथा तनु साहा के द्वारा समूह लोक नृत्य एवं मो नुरसेद अली के द्वारा एकल देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किया गया। चित्रकला में स्नेहा लक्ष्मी ने बिहार दिवस की थीम पर सुंदर पेंटिंग बनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में लोगों को नशा मुक्ति को लेकर जागरूक करने के लिए नाटक का मंचन किया गया।

जिसमें समराज बाउड़ी, जीत बाउड़ी, मो जाहिद अख्तर, मो नुरसेद अली, अर्जुन कुमार रजक, आयन दास और खुशबू परवीण के अभिनय को देखकर पदाधिकारी के दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर इन कलाकारों का हौसला आफजाई किया। वाद्य यंत्र हारमोनियम पर संगीत शिक्षिका प्रियंका प्रकाश तथा तबले पर संगीत शिक्षक अभिषेक सिंह ने संगत किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक राकेश रंजन, डॉ नागमणि चौधरी, शैलेश यादव की अहम भूमिका रही। मुख्य अतिथि अनुमंडल दंडाधिकारी दीक्षित स्वेतम में सभी कलाकार बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों को भी मेडल तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बच्चों ने बताया कि विद्यालय में संगीत- कला आदि गतिविधियों को कराने में प्रधानाध्यापक डॉक्टर इकबाल हुसैन की अहम भूमिका रहती है। उन्हें शिक्षकों तथा छात्रों ने विशेष धन्यवाद दिया।

## आमंत्रण नहीं देना दुर्भाग्य पूर्ण




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार दिवस पर कटिहार नगर निगम के वार्ड पार्षदों को निमंत्रण नहीं देना दुर्भाग्यपूर्ण है। महिला विकास मंच के जिला अध्यक्षा व पूर्व मेयर प्रत्याशी रश्मी कुणाल ने बिहार दिवस आयोजकों पर सवाल करते हुए कहा कि बिहार हारे हुए जीते हुए पक्ष प्रतिपक्ष सभी के लिए है राजनीतिक गैर राजनीतिक समाज में रहने वाले साहित्यकार कलाकार खिलाड़ी तमाम शैक्षणिक संस्था कृषि क्षेत्र अन्यान्य सभी क्षेत्र से जुड़े उत्कृष्ट काम करने वालों को बिहार दिवस पर विधिवत आमंत्रण देना चाहिए था जो नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम के बगल में स्थित मैदान में बिहार दिवस का वृहत पैमाने पर लाखों रुपए खर्च कर आयोजन किया गया रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किया गया दुर्भाग्य है कि नगम के वार्ड पार्षदों तक को निमंत्रण नहीं दिया गया। श्रीमती रश्मि कुणाल ने कहा कि इस विषय पर नगर निगम की मेयर को मजबूती से पक्ष रखना चाहिए था। उन्होने पिछले वर्ष भी नहीं पूछा गया ये न्याय संगत नहीं है इसका विरोध होगा।उन्होंने कहा बिहार के विकास एवं विभिन्न क्षेत्रों के संगठन संस्था जनप्रतिनिधियों के माध्यम से निर्माण होता है।

## बारसोई के सरलपुर में हरिनाम संकीर्तन का हुआ आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बारसोई प्रखंड के सरलपुर गांव में आयोजित 72 घंटे का 24 प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन महायज्ञ सोमवार को यज्ञ विसर्जन कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक और आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक बन चुका है। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महायज्ञ का शुभारंभ गुरुवार को अधिवास साथ हुआ। इस महा अनुष्ठान में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुग्र शामिल हुए। पश्चिम बंगाल से आये संकीर्तन मंडलियों ने राधा-कृष्ण की लीलाओं का बखान करते हुए संकीर्तन पेश किया। जिससे पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। महायज्ञ के दौरान पूरा क्षेत्र भक्ति रस में डूबा रहा। श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन में मग्न इस धार्मिक आयोजन ने गांववासियों को एकजुट किया और सभी को आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराई। कार्यक्रम मे बलरामपुर विधानसभा के जदयू के नेता रौशन अग्रवाल, प्रणय साह, अवध बॉपी पांडे भी शरीक हुए। जदयू नेता रौशन अग्रवाल ने राधा कृष्ण मंदिर मे माथा टेक कर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की.। हर दिन भक्तो के लिए भंडारे प्रसाद का प्रबंध रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने मे गौर मोहन दास,द्वारिका नाथ दास,पाण्डव कुमार दास सकूल चन्द्र दास दिपक चन्द्र दास मुकेश कुमार दास संजीव कुमार दास पंकज कुमार दास सत्येन्द्र नाम दास विश्वनाथ शर्मा एवं सभी ग्राम वासियो का सहयोग रहा।

## इंजीनियरिंग विभाग ने फाइनल मैच में लहराया अपने जीत का परचम

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। एनएफ रेलवे एम्पलाइज यूनियन एवं मंडल रेल खेल समिति के द्वारा स्वर्गीय दिनेश कुमार पासवान मेमोरियल चैंपियंस ट्रॉफी अंतर्विभागीय डे- नाईट क्रिकेट टूनार्मेंट रविवार को अंतिम और फाइनल मैच रेलमैदान में खेला गया फाइनल मैच परिचालन विभाग एवं इंजीनियरिंग विभाग के बीच खेला गया। टॉस जीतकर इंजीनियरिंग विभाग ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिए जिसके फलस्वरूप उनके बल्लेबाजों ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 145 रनों का लक्ष्य परिचालन विभाग के सामने रखा।

यूनियन के प्रवक्ता मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करते हुए परिचालन विभाग की टीम ने 16 ओवर के चौथे गेंद पर अपने दसों विकेट को गवांकर 48 रन ही बना पाई और 97 रनों से फाइनल की चमचमाती ट्रॉफी हार गई। इस तरह इंजीनियरिंग विभाग के खिलाड़ियों ने अपना जीत का परचम लहराया।

वही जीत की ट्राफी डीआरएम सुरेंद्र कुमार ने विजेता टीम इंजीनियरिंग को दिया वहीं रनर ऑपरेटिंग टीम को एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने ट्रॉफी दी। आयोजित मैच में इंजीनियरिंग विभाग के जयदीप को मंडल के पदाधिकारी रजनीश कुमार और साथ कई मंडल व शाखाओं के पदाधिकारियों ने मैन ऑफ दी मैच दिया। जयदीप ने अपने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 महत्वपूर्ण विकेट लिया और 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी भी खेला। टूनार्मेंट का बेस्ट गेंदबाज संजीत रॉय को घोषित किया गया। वही बेस्ट बल्लेबाज सौरव सुकला को और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब सागर मीणा को दिया गया!

मौके पर मंडल सचिव रजनीश कुमार ने बताया कि एन एफ रेलवे एम्प्लॉयीज यूनियन दस वर्षो से क्रिकेट टूनार्मेंट करवाते आ रही है लेकिन इस वर्ष का डे-नाईट मैच काफी विस्तृत रूप से आयोजित किया गया है। उन्होंने अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक महोदय से सामने रेलवे खेल मैदान को सुदृढ़ व उसमे परमानेंट फ्लड लाइट की व्यवस्था करवाने का अनुरोध किया जिनपर अपनी स्वीकृति प्रदान करते हुए करते हुए डीआरएम सुरेंद्र कुमार ने कहा कि रेल मैदान के जीर्णोद्धार हेतु दो करोड़ तीस लाख रुपये की राशि को मंजूरी मिल चुकी है। अगले दो महीनों के भीतर फ्लड लाइट भी मैदान में लगा दिया जाएगा। आयोजित मैच में कमेंट्री रितेश ठाकुर, सौरव घोष ने किया। मैच काफी रोमांचक था।

डीआरएम सुरेंद्र कुमार ने सभी को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना दिया।

मौके पर मुख्य अतिथि डीआरएम सुरेंद्र कुमार के साथ एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, स्पोर्स ऑफिसर सह सीनियर डी ई ई संजीव पुष्कर, सीनियर डीसीएम धीरज चंद्र कलिता, सीनियर डीपीओ अंजनी प्रसाद श्रीवास्तव, एसीएम जितेंद्र सिंह सहित मंडल के सभी शाखाओं के पदाधिकारीगण, कर्मचारीगण के साथ सैकड़ों की संख्या में दर्शकगण मौजूद होकर क्रिकेट का लुप्त उठाये।

## विधायक शकील अहमद ने बारसोई गोली कांड के मुद्दे को सदन में उठाया

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह कदवा विधायक डा शकील अहमद खान ने बजट सत्र के दौरान तारांकित प्रश्न संख्या 3585 के द्वारा गृह विभाग के मंत्री से जानना चाहा है की क्या यह बात सही है की कटिहार जिला अन्तर्गत बारसोई में 26 जुलाई 2023 को विद्युत की अनियमित आपूर्ति के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर की गयी पुलिस फायरिंग में दो व्यक्तियों की मृत्यु तथा एक व्यक्ति घायल हो गया, जिस की सरकार द्वारा उक्त घटना के लिए तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी को तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दोषी ठहराया है, यदि हां तो सरकार कब तक उक्त घटना के मृतकों तथा घायल के आश्रितों को मुआवजा देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों, इस मामले पर विभाग द्वारा प्रश्न को आंशिक रूप से स्वीकारते हुए कहा की वस्तु स्थिति यह है की घटना की जांच जिला पदाधिकारी कटिहार एवं पुलिस अधिक्षक कटिहार के अतिरिक्त प्रमंडलीय आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल पुलिस महानिरीक्षक पुर्णिया क्षेत्र से करायी गयी, इस क्रम में उच्च न्यायालय पटना संदर्भित समादेश याचिका संख्या 5128/2024 माणिक चन्द्र साहा एवं अन्य में दिनांक आठ अप्रैल 2024 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में मुख्य सचिव, बिहार के हस्ताक्षर से निर्गत सकारण आदेश सह पठित ज्ञापांक 3285 दिनांक 22-04-2024 के माध्यम से उपयुक्त संयुक्त जांच प्रतिवेदन के आलोक में गृह विभाग विशेष प्रशाखा का संकल्प सह पठित ज्ञापांक 8960 दिनांक 30-09-2013 की कंडिका (04 क) के प्रावधान तथा अनुग्रह अनुदान का लाभ ऐसे किसी व्यक्ति अथवा उनके आश्रित को नहीं मिलेगा, जो नजायज मजमा के विरूद्ध पुलिस कार्रवाई में मारा गया है, अथवा अपंग घायल हो, से अच्छादित रहने के फलस्वरूप प्रश्नगत मामले में मृतकों तथा घायल मृतकों तथा घायल व्यक्ति को अनुग्रह अनुदान अनुमान्य नहीं रहने का निर्णय संसुचित है।उक्त प्रश्न के जवाब की प्रतिलिपि अवर सचिव बिहार विधानसभा सचिवालय में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित कर दिया गया है,

## विद्यालय परिसर में स्थापित किए गए डॉ0 लोहिया की प्रतिमा



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मोहनपुर के उच्च विद्यालय परिसर में डॉ० राममनोहर लोहिया की जयंती पर दिवंगत पूर्व मंत्री महेंद्र नारायण यादव द्वारा स्थापित किए गए डॉ० राममनोहर लोहिया की प्रतिमा पर सभी ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान मुख्य रूप से राजद के महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव वंदना यादव, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ० रामप्रकाश महतो के अलावा कई जनप्रतिनिधि एवं बुद्धिजीवी लोग भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### रामनगर पद्मश्री विधायक ने विधान सभा मे अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र बांटने की सरकार से की मांग



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। बेतिया जिला अंतगर्त रामनगर पद्मश्री विधायक श्री मति भागरथी देवी ने बिहार विधान सभा सत्र काल में सरकार से यह मांग किया है की रामनगर और गौनाहा प्रखण्ड में विभिन्न विभागों में लंबित पड़े अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरण किया जाय।

### आग में झुलसे दो बच्चों की मौत

पटना, एजेंसी। पटना में सोमवार मध्य रात्रि गौरीचक थाना क्षेत्र के जनकपुर मोड़ स्थित एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। इस घटना में दो बच्चों की जलकर मौत हो गई, जबकि दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस हो गए हैं। घायलों को नालंदा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एनएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, परिवार के सभी लोग मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती जलाकर सो रहे थे। रात में बत्ती से निकली चिंगारी पहले चादर पर गिरी और धीरे-धीरे पूरे झोपड़ी में आग फैल दी। परिवार के पति-पत्नी तो सुरक्षित बाहर निकल गए, लेकिन उनके दो बच्चे आग की चपेट में आ गए, जिससे उनकी दुखद मृत्यु हो गई। पीड़ित सुधीर नट ने बताया कि वे कई वर्षों से इस स्थान पर रह रहे थे। आग ने उनके घर के अलावा आसपास की दो अन्य झोपड़ियों को भी अपने चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा, घर का एक भी सामान नहीं बचा है, सब कुछ जलकर खाक हो गया है। हमारे पास खाने के लिए भी एक रुपया नहीं है। अभी तक कोई हमारी मदद के लिए नहीं आया।

### बिहार में शराबबंदी कानून के बावजूद नहीं रूक रही शराब की तस्करी

पटना, , एजेंसी। बिहार में शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद राज्य भर में शराब की तस्करी थम नहीं रही है। स्थानीय पुलिस की मिलीभगत से शराब की तस्करी का गोरखधंधा बदस्तूर जारी है। हर जिले में, गांवों में शराब की बिक्री फल फूल रहा है। इसकी जानकारी प्रायः हर किसी को है। लेकिन उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस को शायद इस बात की जानकारी नहीं है। वहीं उत्पाद विभाग मानो छापेमारी की खानापूर्ति करने में ही लगा रहता है और शराब के जो मुख्य तस्कर हैं उनतक नहीं पहुंच पा रहा है। परिणामस्वरूप कई जगहों पर उत्पाद विभाग को ग्रामीणों के हमले का शिकार होना पड़ रहा है। कई बार छापेमारी के दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच टकराव की घटनाएं सामने आई हैं। हाल ही में पूर्व डेहरी डालमियानगर के सभापति के यहां उत्पाद विभाग की पुलिस को छापेमारी के दौरान भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। इस बीच घर से कुछ भी बरामद न होने पर पुलिस की भारी किरकिरी भी हुई थी। वहीं अब रोहतास में अवैध शराब को लेकर छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों द्वारा हमला करने की खबर सामने आई है। दअरसल बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के दुगाडीह गांव में उत्पाद विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने हमला किया है। बताया जा रहा है कि इस हमले में छापेमारी करने गई टीम के एक वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिक्रमगंज इलाके में उत्पाद पुलिस की टीम दुगाडीह गांव निवासी राधा किशुन राम के पुत्र हरेश राम के घर छापेमारी करने पहुंची थी। ऐसे में ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने घर में तोड़फोड़ की और सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि जिस घर पुलिस पहुंची थी, उनका कभी भी शराब के अवैध धंधे से कोई संबंध नहीं रहा है और वे बाहर रहकर काम करते हैं। जब पुलिस को कुछ भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला तो उन्होंने घरवालों और महिलाओं से सख्ती से पूछताछ की और दुर्व्यवहार किया। दुर्व्यवहार के बाद गांव के लोग आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में एकत्रित होकर पुलिस टीम का विरोध करने लगे। ग्रामीण बताते हैं कि स्थिति बिगड़ती देख उत्पाद विभाग की टीम के दो वाहन वहां से निकलने में सफल रहे लेकिन एक स्कॉर्पियो को ग्रामीणों ने घेर लिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही बिक्रमगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और समझा-बुझाकर कर किसी तरह भीड़ को शांत कराया। इसके बाद उत्पाद विभाग की टीम को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इस मामले में उत्पाद निरीक्षक भिखारी कुमार ने का कहना है कि इस घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई है। अब यहां सबसे बड़ा सवाल ये उठता है कि आखिर उत्पाद विभाग ऐसी गलती बार-बार क्यों दोहरा रहा है। क्या विभाग को शराब तस्करों के रैकेट पता नहीं है ? क्या जहां पर शराब का खेप पहुंचाया जाता है उन जगहों से उत्पाद विभाग या स्थानीय पुलिस अनभिज्ञ है ? क्या केवल खानापूर्ति करने में उत्पाद विभाग लगा रहता है ? ऐसे कई सवाल हैं जो लोगों के जेहन में कौंध रहे हैं।

### बिहार में फिर सुशासन की ही बनेगी सरकार

कटिहार, , एजेंसी। बिहार के कटिहार शहर में एल.डब्लू.सी.के मैदान में आयोजित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कार्यकर्ता सम्मेलन का सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष ने एक साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन किया। कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज राय ने तथा संचालन जदयू के जिला अध्यक्ष सूरज राय ने किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़े अभूतपूर्व जनसैलाब ने यह स्पष्ट कर दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव 2025 में एनडीए प्रचंड जीत दर्ज करेगा और बिहार में सुशासन व विकास की गति को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जयसवाल, लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेशध्यक्ष मदन चौधरी शामिल हुए और विशाल जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा की बिहार में इस बार बिहार फिर जनता एनडीए को वोट देकर बिहार में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि सभी एक जुट होकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का कार्य करें। डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा की कोई किंतु परन्तु नहीं है बिहार में एनडीए की पूर्ण बहुमत की सरकार बनना तय है। उन्होंने का की बिहार में नीतीश कुमार और केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार और केंद्र विकसित हो रहा है, बिहार बदल रहा है। कटिहार जिला के कार्यकर्ता सम्मेलन का जन सैलाब देखकर निश्चित रूप से लग रहा है कि कटिहार जिला के सातों विधानसभा की सीट एनडीए के खाते में जाएगी और हम पांच पांडव मिलकर मजबूती के साथ बिहार के सभी सीटों को जिताने का कार्य करेंगे। यह सम्मेलन एनडीए की अटूट एकता और बिहार के उज्ज्वल भविष्य के प्रति हमारे संकल्प का प्रतीक है। इस मौके पर मंच पर उपस्थित रालोमो के प्रदेशध्यक्ष मदन चौधरी ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार है और केन्द्र और बिहार की डबल इंजन की सरकार ने जो काम किया है जनता पूरी ताकत के साथ इस बार कटिहार की सातों सीट एनडीए की झोली में देने का कार्य करेंगी। लोजपा (आर) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित हजारों की संख्या में कटिहार जिले के कोने-कोने से आए हुए कार्यकर्ता और एनडीए के समर्थक ने यह साबित कर दिया कि आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए इतिहास रचने का काम करेगी और बिहार में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का काम करेगी।

# चौपाल लगाकर परिवार नियोजन के प्रति लाभार्थियों को किया जायेगा जागरूक

» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। छपरा जिले में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इसके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक नई और व्यापक पहल की शुरूआत की है। यह पहल खासकर सुदूर ग्रामीण इलाकों में लोगों तक परिवार नियोजन के साधनों की पहुंच सुनिश्चित करने और जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य लोगों को परिवार नियोजन के लाभ, इसके सुरक्षित उपायों और समय पर परिवार नियोजन अपनाने की आवश्यकता के बारे में जानकारी देना है। इसको लेकर सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने निर्देश दिया है। जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में परिवार नियोजन कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण को लेकर जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गयी। पीएसआई इंडिया के सहयोग से यह बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने कहा कि परिवार नियोजन के साधनों के प्रति जागरूकता के लिए चौपाल लगाया जायेगा। पंचायत भवन या आंगनबाड़ी केंद्रों और सर्वाजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर परिवार नियोजन के प्रति जागरूक किया जायेगा। पिरामल संस्था के सहयोग से चौपाल आयोजित किया जायेगा। जिसमें स्थाई साधन के लिए महिला बंध्याकरण एवं पुरुष नसबंदी के बारे में वृहद रूप से



जानकारी दी जायेगी। अस्थाई साधन के लिए मला- एन, छाया, इजी पिल्स' अंतरा आदि से गर्भवती होने इस समस्या कम की जा सकती है मुख्य रूप से नव दंपति को पहले 2 साल तक कोई बच्चा ना हो तथा दो बच्चों के बीच 3 साल का अंतर सही समय पर शादी तथा ₹बच्चे दो ही अच्छे ₹के बारे में जागरूक किया जायेगा। इन चौपालों में विशेष रूप से नव दंपतियों को लक्षित किया जाएगा और उन्हें पहले दो साल तक कोई बच्चा न होने और दो बच्चों के बीच तीन साल का अंतर रखने के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा, ₹बच्चे दो ही अच्छे₹ जैसे स्लोगन के जरिए लोगों को परिवार नियोजन के लाभ के बारे में समझाया जाएगा। इस मौके पर डीआईओ डॉ. सुमन कुमार, डीपीएम अरविन्द कुमार, डीपीसी रमेशचंद्र कुमार, डीसीएम ब्रजेंद्र कुमार सिंह, डॉ. अश्वनी कुमार, डॉ. आकृति, यूनिसेफ एसएमसी आरती त्रिपाठी, एसएमओ डॉ. रंजितेश कुमार, पीएसआई इंडिया से राजीव कुमार, मुरलीधर, पिरामल से अभिमन्यु, मृणाल, सीफार डीपीसी गनपत आर्यन समेत अन्य मौजूद थे।

**टीकाकरण स्थलों पर परिवार नियोजन साधनों की उपलब्धता**

इस कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम अरविंद कुमार ने सुझाव दिया कि आउटरिच में आयोजित होने वाले टीकाकरण स्थलों पर भी परिवार नियोजन के साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इसके लिए ग्रीन चैनल का इस्तेमाल किया जाएगा, ताकि टीकाकरण केंद्रों पर शत-प्रतिशत परिवार नियोजन साधन उपलब्ध हों। यह कदम परिवार नियोजन के उपायों की आसानी से उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है, खासकर उन स्थानों पर जहां दूर-दराज के लोग इकट्ठा होते हैं।

**महिला बंध्याकरण के लिए फिक्स-डे सर्विसेज**

इसके साथ ही, महिला बंध्याकरण की सेवाओं को बेहतर और सुदृढ़ बनाने के लिए फिक्स-डे सर्विसेज का कैलेंडर तैयार किया जाएगा। इस कैलेंडर के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि महिला बंध्याकरण की प्रक्रिया किसी विशेष दिन पर एक निश्चित संस्थान में की जाए। इससे न सिर्फ प्रक्रिया की निगरानी की जाएगी, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कितने लाभार्थियों का बंध्याकरण हुआ और यह सेवाएं सभी तक समय पर पहुंच सकें। इस कैलेंडर के आधार पर स्वास्थ्य अधिकारी बंध्याकरण के आंकड़े और जरूरत के अनुसार सेवाएं भी बढ़ा सकेंगे।

- ग्रीन चैनल के माध्यम से टीकाकरण स्थल पर शत-प्रतिशत परिवार नियोजन के साधनों को उपलब्ध कराया जायेगा
- परिवार नियोजन कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक
- महिला नसबंदी के लिए फिक्स-डे सर्विसेज का कैलेंडर होगा तैयार

पीएसआई इंडिया के प्रतिनिधि मुरलीधर और राजीव कुमार ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यह है कि परिवार नियोजन के साधन हर किसी तक सही तरीके से पहुंचे, खासकर उन इलाकों में जहां जागरूकता की कमी हो सकती है। इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित करना कि परिवार नियोजन को एक सामान्य और सुरक्षित विकल्प के रूप में देखा जाए, ताकि लोग बिना किसी डर या हिचकिचाहट के इसका उपयोग कर सकें। स्वास्थ्य विभाग की यह कोशिश है कि लोग सही समय पर परिवार नियोजन अपनाएं और भविष्य में होने वाली अनावश्यक गर्भधारण की समस्या से बच सकें।

# बेतिया नगर निगम क्षेत्र के लोगों को आवारा कुत्तों से मिलेगी निजातः गरिमा सिकारिया

## सशक्त स्थाई समिति की सम्पन्न बैठक में एजेंसी चयन की कार्रवाई का किया गया निर्णय



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। बेतिया महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता सोमवार को नगर निगम के सशक्त स्थाई समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महापौर ने कहा कि संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र में अनियंत्रित आवारा कुत्तों से आम जनता परेशान है। स्कूली बच्चों के अतिरिक्त बुजुर्ग और महिलाओं को परेशानी और खतरा ज्यादा है।इस पर सहमति के बाद इससे निजात पाने के लिए सक्षम एजेंसी का चयन करने के लिए जरूरी पहल का निर्देश महापौर के द्वारा नगर आयुक्त दिया गया। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बरसात पूर्व मुख्य नालों की सफाई कराने का निर्णय लिया गया है।अगले माह इसके लिए सभी पार्षदों की एक बैठक की जाएगी। वही बैठक में पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुए महापौर ने बताया कि नगर विकास एवम आवास विभाग के स्तर से निर्देश के साथ जारी 'पगार ऐप' आधारित बायोमेट्रिक हाजरी के बिना भुगतान नहीं होने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय किया गया है कि मीना बाजार टांगा स्टैंड वाली नगर निगम के सरकारी भूखंड पर स्वीकृत सार्वजनिक शौचालय के जारी निर्माण को गति देने के लिए में प्रशासन की मदद लेकर निर्माण जल्द से जल्द पूरा करने का निर्णय बैठक में गया।

- बरसात पूर्व मुख्य नालों की उड़ाही/सफाई कराने के लिए अगले माह काम शुरू कर देने पर बनी सहमति।
- पगार ऐप पर बायोमेट्रिक हाजरी के बिना सफाई कर्मियों का भुगतान नहीं होने का लिया गया निर्णय।

# आग लगने से दो घर जलकर हुई राख

## लाखों कि सम्पत्ति जलकर हुई स्वहा

» मदरलैण्ड संवाददाता



बेतिया। परसा बनचहरी के वार्ड नंबर 10 में शनिवार की देर रात अचानक आग लगने से दो घर जलकर राख हो गयी। पिड़ीता रामायण शर्मा और प्रकाश शर्मा के घर में रखी लाखों की संपति जलकर राख हो गई।घटना की खबर सुनकर बगहा विधानसभा के भावी प्रत्याशी दिनेश अग्रवाल की टीम मौके पर पहुंची तथा पीड़ित परिवार से मिलकर दिनेश अग्रवाल के तरफ से हरसंभव मदद करने को कहा गया।बताते चले की इस आगलगी की घटना में घर में रखे सारे समान जलकर राख हो गए आग की लपट इतनी तेज थी की उसमें उनके दो बेटे बुरी तरह घायल हो गए।घर में रखे टेंट के सामान के साथ नगदी रुपए,गाय तथा दो बकरी भी जलकर राख हो गई।दिनेश अग्रवाल की टीम घटना स्थल पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया तथा पीड़ित परिवार से दिनेश अग्रवाल ने बात कर उन्हें हिम्मत दिया और कहा कि इस दुख की घड़ी में दिनेश अग्रवाल पीड़ित परिवार के साथ हैं तथा तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए टीम को निर्देश दिया और घायलों को अच्छी इलाज की जिम्मेदारी ली और उनके बच्चों को रोजगार मुहैया कराने को कहा।साथ ही समाज के जन प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि इस दुखद घटना में सभी लोग मिलजुल कर पीड़ित परिवार को मदद के लिए आगे आए तथा उनके जीवन को पटरी पर लाने के लिए यथासंभव प्रयास करे सभी के सहयोग से ही बड़ी मुसीबत से किसी को भी टाला जा सकता हैं।मौके पर दिनेश अग्रवाल की संस्था के संयोजक जितेन्द्र कुमार, पंचायत प्रमुख प्रेमशंकर सिंह,संदीप चौधरी,प्रेम कुमार,नसीम अशरफ,अशोक राव सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

हाजीपुर, , एजेंसी। सोमवार दिनांक 24 मार्च को विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के अंतिम संस्करण के तहत सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूर्व मध्य रेल, पटना में डॉ.सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि इस



संगोष्ठी में डॉ. संजय कुमार गुप्ता, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/फिजिसियन के द्वारा समग्र रूप से टी.बी. बीमारी के इलाज एवं उससे बचाव के संबंध में जागरूक रहने एवं अन्य जानकारियां, डॉ.संध्या किरण, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/सामान्य सह स्त्री रोग विशेशज्ञ के द्वारा त्रें ींल्ल्र३' ३४ी१ू४'ङ्क२२ के परिप्रेक्ष्य में टी.बी. के इलाज एवं बचाव तथा डॉ.कौशल कुमार, अ.मुख्य स्वास्थ्य निदेशक/फिजिसियन के द्वारा त्रील्ल्र३ङ्क४१ल्लं१८ ३१ू३ में टी.बी. से संबंधित इलाज एवं बचाव पर व्याख्यानें उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई। इस संगोष्ठी में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पारामेडीकल कर्मचारी एवं इस अस्पातल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए। मरीजों द्वारा टी.बी. बीमारी के बचाव एवं इलाज से संबंधित विभिन्न प्रश्नों का जबाव उपस्थित चिकित्सकों द्वारा संगोष्ठी में भी दिया गया। संगोष्ठी का संचालन डॉ.स्वीटी कुमारी, मंडल चिकित्सा अधिकारी/पैथ के द्वारा की गई।

# धरती पर सुखमय जीवन के लिए प्रकृति का संरक्षण आवश्यक है : सोनम मिश्रा

» मदरलैण्ड संवाददाता

छपरा। माँझी प्रखंड के खानपुर गांव स्थित माँ जगदंबा मंदिर परिसर में चल रहे श्री शतचंडी महायज्ञ के पांचवे दिन भागवत कथा सुनाने के दौरान प्रकृति के संरक्षण पर जोर देते हुए प्रख्यात कथा- वाचिका सोनम मिश्रा जी ने कहा कि यदि प्रकृति संरक्षित रहेगी, हरे-भरे वृक्ष रहेंगे तभी धरती पर सुखमय जीवन संभव है। बड़े पैमाने पर पेडों की कटाई होने से हीं धरती पर तापमान में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है, समय पर बारिश नही हो रही है और धीरे-धीरे जीव-जंतुओं की कई प्रजातियां विलुप्त होती जा रही है। ऐसा हीं चलता रहा तो एक दिन पृथ्वी से जीवन पूर्णतः समाप्त हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि आप चाहते हैं कि हमारे बच्चे व आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित रहे तो प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण अभियान से जुड़ना होगा। यदि हर व्यक्ति प्रत्येक वर्ष अपने जन्मदिन पर एक-एक वृक्ष लगाए तो यह बड़ा हीं पुण्य का कार्य होगा। भगवान श्रीकृष्ण ने भी गोवर्धन पूजन के माध्यम से



प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया है। भगवान कहते हैं पर्वत एवं पेड़- पौध सदा से पूजनीय रहे हैं। सोनम मिश्रा ने आगे कहा कि जो लोग प्रकृति से प्रेम रखते हैं, भगवान उनके ऊपर प्रसन्न होते हैं। भगवान सच्चे भक्त के अधीन होते हैं। जिस प्रकार एक सच्चे भक्त को भगवान की आवश्यकता है वैसे हीं भगवान को भी एक सच्चे भक्त की आवश्यकता है, जिसका जीवन व कर्म जगत-कल्याण में समर्पित हो। भागवत कथा के दौरान हीं सोनम मिश्रा के देखरेख में गोवर्धन पूजन के माध्यम से प्रकृति के पूजन एवं संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर यज्ञ समिति के महेश्वर मिश्रा, अनिल मिश्रा, गुड्डू ओझा, नागेंद्र मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, जितेंद्र कुमार मिश्रा, नागेंद्र तिवारी, प्रदीप मिश्रा, राम बालक मिश्रा, महादेव ओझा, अनूप मिश्रा, ठाकुर सिंह, मंटू साह समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता व दर्शक मौजूद थे।

# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रमाण पत्र का किया गया वितरण

» मदरलैण्ड संवाददाता




छपरा। बिहार शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में समग्र शिक्षा विभाग सारण द्वारा आयोजित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। यह प्रशिक्षण सारण जिला के हाई स्कूलों में दिया गया था। प्रशिक्षण प्राप्त छात्राओं को जिला कराटे संघ के अध्यक्ष आकाश कुमार राय के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। बता दें उनके द्वारा परसा प्रखंड तथा पानापुर प्रखंड के उच्च विद्यालयों में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण एक महीने तक दिया गया जिसमें विद्यालय की बच्चियों को कराटे का गुण सिखाया गया।

आकाश कुमार राय मुख्यतः जिला कराटे संघ सारण के जिला अध्यक्ष भी हैं और साथ ही परसा और पानापुर प्रखंड के हाई स्कूलों में प्रशिक्षण भी दिए हैं। आकाश कुमार राय ने बताया कि रानी लक्ष्मी बाई के दूसरे चरण के कार्यकाल में परसा प्रखंड स्थित बाजितपुर हाई स्कूल, अपग्रेडेड हाई स्कूल बहलोलपुर तथा जेडी पब्लिक गर्ल्स स्कूल परसौना में ट्रेनिंग देकर वहां की बच्चियों को मजबूत बनाने का प्रयास किया। साथ ही तीसरे चरण के कार्यकाल में पानापुर प्रखंड स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय धेनुकी एवं उच्च विद्यालय सतजोरा, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेलौर में भी एक महीने का ट्रेनिंग देकर वहां की बच्चियों को मजबूत बनाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि जिला कराटे संघ सारण का प्रयास है कि अपने संघ के सभी सदस्यों की काबिलियत और एकता से पूरे सारण जिले की बच्चियों को आत्म रक्षार्थ प्रशिक्षित किया जाय। उन्होंने बताया कि इस तरीके का प्रशिक्षण वे कभी कभी शिविर लगाकर देते रहते हैं, तथा नयागांव और रेलवे कॉलोनी बेला दो जगह अपने कराटे सेंटर का परिचालन भी करते हैं।

# जनता दरबार में लोगों की समस्यायों को महापौर ने जाना, दिए समाधान के आदेश



कटिहार, , एजेंसी। हर सोमवार की तरह इस सोमवार को भी कटिहार नगर निगम कार्यालय में जनता दरबार लगाकर लगभग 28 लोगों की समस्या से महापौर उषा देवी अग्रवाल रूबरू हुई। कटिहार शहर के विभिन्न वार्डों से आए हुए लोगों ने महापौर को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराया जिसमें आवास योजना, सड़क, बिजली,जल जमाव, आवास योजना एवं होल्डिंग टैक्स की समस्याओं से महापौर उषा देवी अग्रवाल को लोगों ने अवगत करवाया। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर विभागीय लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान करने का आदेश दिया। इस मौके पर निगम पार्षद कुमारेन्द्र प्रताप सिंह मोनू तथा निगम के अन्य पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# जज और वकीलों ने धोखाधड़ी कर हड़प लिया रेलवे क्लेम का करोड़ों रुपया

## ईडी ने की बड़ी कार्रवाई, 8.02 करोड़ रुपए की 24 अचल संपत्तियां कुर्क

पटना,, एजेंसी। रेलवे क्लेम घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 8.02 करोड़ रुपए की 24 अचल संपत्तियां कुर्क की हैं। ये संपत्तियां पटना, नालंदा, गया और नई दिल्ली में हैं। ईडी ने पटना के विशेष न्यायालय में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें अधिवक्ता विद्यानंद सिंह और अन्य को दोषी ठहराने की मांग की गई है। इन पर रेलवे दावा न्यायाधिकरण में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया गया है। आरोप है कि इन्होंने दावेदारों को पूरा पैसा नहीं दिया और खुद हड़प लिया। सीबीआई ने इस मामले में पहले मामला दर्ज किया था। ईडी ने अब इस मामले में कार्रवाई की है।

रेलवे क्लेम घोटाले में ईडी जांच कर रही है। इस जांच में कई चौंकाने खुलासे हुए है। ईडी के मुताबिक वकील विद्यानंद सिंह और उनकी टीम ने 900 से ज्यादा दावों का निपटारा किया। इन दावों में जज आरके मित्तल ने आदेश जारी किए थे। आरोप है कि आरोपियों ने दावेदारों को बिना बताए उनके बैंक खाते खुलवाए और फिर उन खातों से पैसे निकाल लिए। जांच में पता चला है कि रेलवे से मिली दावा राशि में से एक बड़ा हिस्सा वकीलों ने अपने खातों में ट्रांसफर कर लिया। इसके लिए उन्होंने दावेदारों के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान का इस्तेमाल किया।

ईडी के मुताबिक वकीलों ने दावेदारों के खातों से 10.27 करोड़ रुपए अपने खातों में ट्रांसफर किए। यह पैसा उनकी अवैध कमाई थी। वकीलों ने इस अवैध कमाई को छिपाने के लिए कई तरीके अपनाए। उन्होंने इस पैसे से अपने और अपनी पत्नियों के नाम पर संपत्तियां खरीदी। इस तरह उन्होंने अपराध से कमाए पैसे को वैध बनाने की कोशिश की। ईडी ने इस मामले में वकीलों और जज आरके मित्तल से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी भी की थी।

ईडी ने इस मामले में वकील विद्यानंद सिंह, वकील परमानंद सिन्हा और विजय कुमार को गिरफ्तार किया। वे सभी जेल में बंद हैं। ईडी अभी भी इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने पटना के विशेष न्यायालय में पीएमएलए के तहत शिकायत दर्ज कराई है। ईडी ने विद्यानंद सिंह, परमानंद सिन्हा, कुमारी रिंकी सिन्हा, अर्चना सिन्हा, विजय कुमार, निर्मला कुमारी और मेसर्स हरिजग बिजनेस एंड डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड को दोषी ठहराने की मांग की है। ये मामला रेलवे दावा न्यायाधिकरण (पटना) से जुड़ा है। इस मामले में, जब किसी की मृत्यु हो जाती थी, तो उसके परिवार को रेलवे से मुआवजा मिलता था। आरोप है कि वकीलों ने मुआवजे की राशि में गड़बड़ी की। उन्होंने दावेदारों को पूरा पैसा नहीं दिया और खुद ज्यादा पैसा हड़प लिया।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 1079 अंक , निफ्टी 307 अंक उछला

मुम्बई , एजेंसी। भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। विदेशी निवेशकों की खरीदारी से भी बैंक स्टॉक्स में तेजी आई है। इसी कारण 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 1078.87 अंक करीब 1.40 फीसदी की तेजी के साथ 77,984.38 पर बंद हुआ। इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी अंत में 307.95 अंक तकरीबन 1.32 फीसदी ऊपर आकर 23,658.35 पर बंद हुआ।




बाजार जानकारों के अनुसार पिछले शुक्रवार को बाजार लगातार पांचवें दिन मजबूती के साथ बंद हुआ और 7 फरवरी 2021 के बाद की सबसे बड़ी साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई।

वहीं एशियाई शेयर बाजारों में सोमवार को मिलाजुला रुख देखने को मिला। ऑस्ट्रेलिया का ए/एएसएक्स 200 शुरूआती कारोबार में 0.37फसदी गिरा, लेकिन बाद में नुकसान की भरपाई करते हुए सिर्फ 0.037फीसदी की गिरावट पर कारोबार करता नजर आया। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.23 फीसदी ऊपर आया जबकि दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.11फीसदी उछला। कोरिया के प्रधानमंत्री हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग को देश की संवैधानिक अदालत ने खारिज कर दिया, जिसके बाद बाजार में सकारात्मकता आई। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.12 फीसदी की हल्की तेजी के साथ कारोबार कर रहा है। वहीं गत शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में भी मामूली बढ़त देखी गई थी। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.08 फीसदी ऊपर आया। नैस्डैक कंपोजिट 0.52 फीसदी उछला और डाओ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में भी 0.08 फीसदी की बढ़त दर्ज की गई। इससे पहले आज सुबह कारोबारी दिन बाजार में तेजी रही है। सेंसेक्स शानदार तेजी के साथ 77,456 अंक पर खुला। शुक्रवार को यह 76,905 पर बंद हुआ था। शुरूआत में सेंसेक्स अंक 536.69 की बढ़त लेकर 77,442 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ 23,515 पर खुला।।

# सोना तेज शुरूआत के बाद लुढ़का, चांदी चमकी

## सोने का भाव 87,750 रुपए, चांदी लगभग 98,150 रुपए पर

नई दिल्ली , एजेंसी। कारोबारी हफ्ते के पहले दिन सोमवार को सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरूआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में सोने के भाव सुस्त पड़ गए। सोने के वायदा भाव 87,750 रुपये पर कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 98,150 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 8 रुपये की तेजी के साथ 87,786 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 87,778 रुपये था। हालांकि इस समय यह 38 रुपये की गिरावट के साथ 87,740 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 295 रुपये की तेजी के साथ 98,179 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 97,884 रुपये था। इस समय यह 288 रुपये की तेजी के साथ 98,172 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,027.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,021.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 6.40 डॉलर की तेजी के साथ 3,027.80 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.54 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 33.48 डॉलर था। इस समय यह 0.21 डॉलर की तेजी के साथ 33.69 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।




## संक्षिप्त समाचार

### अमेजन 300 रुपये से कम कीमत वाले उत्पादों पर नहीं लेगा 'रेफरल' शुल्क

नई दिल्ली , एजेंसी । ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने सोमवार को 300 रुपये से कम कीमत वाले 1.2 करोड़ से अधिक उत्पादों पर रेफरल शुल्क नहीं लेने की घोषणा की । यह नया कदम उसके मंच के विक्रेताओं के लिए एक बड़ी बदलाव की ओर पहुंचाएगा । रेफरल शुल्क एक प्रकार का कमीशन है जो विक्रेता प्रत्येक बेचे गए उत्पाद के लिए अमेजन को देते हैं । अमेजन इंडिया के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि इस कदम से हम विक्रेताओं के लिए अमेजन डॉट इन पर बिक्री को और अधिक आकर्षक बना रहे हैं । यह पहल अमेजन पर विक्रेताओं की वृद्धि का समर्थन करेगा । इस नए नीति के अनुसार, शून्य रेफरल शुल्क की सुविधा 135 उत्पाद श्रेणियों में लागू होगी, जिसमें परिधान, फैशन आभूषण, घरेलू सजावट, सौंदर्य प्रसाधन, रसोई उत्पाद, और पालतू पशु उत्पाद आदि शामिल हैं । इसके अलावा, अमेजन ने विक्रेताओं के लिए नई फ्लैट दर और बाहरी पूर्ति सेवाओं का भी बदलाव किया है । इसमें एक हिस्सा राष्ट्रीय शिपिंग दरों में भी कटौती का हिस्सा है, जिससे विक्रेताओं को अधिक लाभ होगा । इसके साथ हल्के सामानों पर हैंडलिंग शुल्क में भी कटौती की गई है । यह बदलाव अमेजन इंडिया की बाजार में विक्रेताओं को नया उत्साह देगा ।

### एनएसई ने गैर-सूचीबद्ध शेयरों का इलेक्ट्रॉनिक निपटान शुरू किया

नई दिल्ली , एजेंसी । नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने सोमवार को अपने गैर-सूचीबद्ध शेयरों के कारोबार का इलेक्ट्रॉनिक तरीके से निपटान शुरू कर दिया है । एनएसई ने हाल ही में कहा था कि सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज इंडिया लिमिटेड (सीडीएसएल) इन लेनदेन को मैनुअल प्रक्रिया की जगह पर सरल बनाएगा । इस बदलाव के बावजूद, एनएसई ने कहा कि उसके शेयर गैर-सूचीबद्ध रहेंगे, जिसका आशय है कि वे किसी भी स्टॉक एक्सचेंज पर सार्वजनिक रूप से कारोबार नहीं करेंगे । एनएसई ने कहा कि यह फैसला कदम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नियमों का अनुपालन करेगा । गौरतलब है कि गैर-सूचीबद्ध शेयर किसी कंपनी के निजी तौर पर रखे गए शेयर होते हैं, जिनका किसी सार्वजनिक स्टॉक एक्सचेंज पर बाजार मूल्य नहीं होता । इनमें स्टार्टअप या शुरूआती चरण की फर्म के शेयर, एनएसई जैसी बड़ी लेकिन सूचीबद्ध न होने वाली कंपनियाँ और डीलिस्ट हो चुकी कंपनियां शामिल हैं ।

### केयर हेल्थ इंश्योरेंस को 104 करोड़ का मांग नोटिस

नई दिल्ली , एजेंसी । रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी कंपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आकलन वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए 104.77 करोड़ रुपये का मांग नोटिस मिला है । आरईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मांग नोटिस मुंबई के सेंट्रल सर्किल 6(2) स्थित सहायक आयकर आयुक्त के कार्यालय द्वारा भेजा गया है । कंपनी सूचना के अनुसार केयर हेल्थ इंश्योरेंस की वित्तीय स्थिति कंपनी के साथ जुड़ी है । यदि आयकर की मांग का भुगतान करना आवश्यक है, तो इसका भुगतान बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा । साथ ही कर सलाहकारों की सलाह के आधार पर केयर हेल्थ निर्धारित समय सीमा के भीतर उचित मंच के समक्ष उक्त नोटिस खिलाफ अपील दायर करेगी ।

### आईएसी स्वीडन को खरीदेगी टाटा ऑटोकॉम्प

नई दिल्ली , एजेंसी । यूरोप के मोटर वाहन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति मजबूत करने के लिए टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स ने इंटरनेशनल ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स ग्रुप स्वीडन एबी (आईएसी स्वीडन) का अधिग्रहण करने सोमवार को घोषणा की । कंपनी ने कहा कि प्रस्तावित अधिग्रहण से स्वीडन में टाटा ऑटोकॉम्प की उपस्थिति मजबूत होगी । साथ ही यात्री व वाणिज्यिक वाहन खंडों में प्रमुख यूरोपीय मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) के साथ कंपनी के संबंध मजबूत होंगे जिससे वैश्विक स्तर पर उसकी उपस्थिति और बढ़ेगी । टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स ने हालांकि इससे जुड़ी कोई वित्तीय जानकारी साझा नहीं की । कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह अधिग्रहण वैश्विक बाजारों में विस्तार करने और यूरोपीय ओईएम के साथ हमारे संबंधों को मजबूत करने के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है । टाटा ऑटोकॉम्प ने कहा कि इस अधिग्रहण से वह भारत की सबसे बड़ी मोटर वाहन उपकरण विनिर्माता कंपनी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करेगी ।

### जेप्टो ने बढ़ाया ग्रोसरी डिलीवरी का जलवा

नई दिल्ली , एजेंसी । भारतीय क्विक कॉमर्स कंपनी, जेप्टो, अब प्लान्ड ग्रोसरी डिलीवरी की दिशा में कदम बढ़ा रही है । कंपनी की योजना घरों में उच्च स्तर का किराना सामान पहुंचाने की है । यह नई रणनीति को शुरू करने के माध्यम से जेप्टो की उम्मीद है कि बिग बास्केट के बाजार में भी मान्यता प्राप्त करेगा । जेप्टो ने इस सेगमेंट में अपनी पहचान बनाने के लिए सुविधाएं देने का निर्णय लिया है । सुपर-सेवर जैसे प्रोग्राम में भारी डिस्काउंट और नए मॉडल जैसे मार्जिन और आय में सुधार का भाव है । जेप्टो की अगली नई स्ट्रैटेजी में विश्वस्त युक्तिगत उपाय हैं, जिसमें मंथली ग्रोसरी ऑर्डर या मेंबरशिप सर्विस को ध्यान में रखा गया है और जल्दी और आसानी से किराना सामान डिलीवरी के माध्यम से कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करना है ।

# टेनसेंट ने अपने एआई मॉडल का नया वर्जन लांच किया

नई दिल्ली , एजेंसी। चीन की सबसे वैल्यूएबल टेक कंपनी टेनसेंट होल्डिंग्स लिमिटेड ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉडल का नया वर्जन लॉन्च किया है। यह निर्णय चीन की भीड़भाड़ वाली एआई कंपनी में लीडरशिप हासिल करने की दिशा में लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह नया मॉडल डीपसीक की आर 1 तकनीक की तरह काम करता है, जिसने कम लागत और कम कंप्यूटिंग पॉवर में ओपन एआई और मेटा जैसे दिग्गजों के मॉडल को टक्कर दी थी। टेंसेंट का यह नया एआई मॉडल उसी दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जिससे कंपनी चीन में एआई सेक्टर में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। टेक कंपनी ने एक ऑनलाइन इवेंट में दावा किया है कि उसका नया एआई मॉडल टी1 ताजा तकनीक से लैस है और इसमें लॉजिक व राइटिंग क्षमता बेहतरीन है। टेनसेंट इंजीनियर्स ने कहा कि टी1 का प्रदर्शन ओपनी एआई के1 और फ्1 जैसे टॉप मॉडल्स के बराबर है। कंपनी का दावा है कि उसका मॉडल आर1 जितना ही दमदार है लेकिन कीमत में आधा है। इससे पहले बायडू ने डीपसीक का मॉडल अपने सर्च इंजन और मैप्स में भी शामिल किया था।




# नेपरोल इनवेस्टमेंट्स: निवेशकों के लिए तगड़ा डिविडेंड का ऐलान

नई दिल्ली , एजेंसी। वाडिया ग्रुप की कंपनी नेपरोल इनवेस्टमेंट्स ने अपने निवेशकों के लिए एक तगड़ा ऐलान किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए शेयर प्रति 9 रुपये का अंतरिम डिविडेंड घोषित किया है। 21 मार्च की बोर्ड मीटिंग में इस फैसले का निर्णय लिया गया था। डिविडेंड को लेकर कंपनी ने कहा कि रिकॉर्ड डेट 27 मार्च 2025 है, जिसके लिए वे नामांकित निवेशकों को डिविडेंड का लाभ प्रदान करेंगे। नेपरोल इनवेस्टमेंट्स के शेयरों की मार्केट कीमत 21 मार्च को 0.47 फीसदी की गिरावट के बाद 870 रुपये पर बंद हुई। इस साल कंपनी के शेयरों का प्रदर्शन भी बेहतरीन रहा है। बीते एक हफ्ते में शेयरों में 3.17 फीसदी की तेजी आई है, जबकि 1 महीने में 2.07 फीसदी की मजबूती देखने को मिली। बीते 3 महीने में शेयर की कीमत में 31.76 फीसदी की गिरावट आई है। नेपरोल इनवेस्टमेंट्स के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई प्राइस 2,041 रुपये है, जबकि लो प्राइस 772 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप वर्तमान में 499 करोड़ रुपये है। अक्टूबर-दिसंबर 2024 तिमाही में कंपनी की स्टैंडअलोन बेसिस पर रेवेन्यू 1.39 करोड़ रुपये रहा, जबकि सितंबर 2024 में यह 1.73 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024 में 1.91 करोड़ रुपये था। निवेशकों के लिए यह डिविडेंड का अलावा एक और अच्छी खबर है।



# एरिदमिया से ब्लड प्रेशर और स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ता है?

झज्जर। हृदय एक समान गति से धड़कता है और पूरे शरीर में ऑक्सीजन एवं रक्त का संचार करता है। लेकिन अगर हृदय की धड़कन में गड़बड़ी आ जाए, तो इस स्थिति को एरिदमिया कहा जाता है। एरिदमिया में हृदय या तो बहुत तेजी से धड़कने लगता है (टैकीकार्डिया), या बहुत धीरे (ब्रैडीकार्डिया), या फिर हृदय की धड़कन में गड़बड़ी हो सकती है। यह समस्या हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने वाले विद्युतीय आवेगों में गड़बड़ी होने के कारण होती है। एरिदमिया से बचने और हृदय को स्वस्थ रखने के उपाय-एरिदमिया से बचने और हृदय को स्वस्थ रखने के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली में जीवनयापन करना आवश्यक है। इसके लिए नीचे कुछ आवश्यक सुझाव दिए गए हैं:-हृदय के लिए सेहतमंद आहार लें: फल, सब्जियों, साबुत अनाज, और लीन प्रोटीन युक्त संतुलित आहार लें। नमक, शक्कर, अस्वस्थ फैट का सेवन कम करें। इससे ज्यादा ब्लड प्रेशर और हृदय रोग का जोखिम कम करने में मदद मिलेगी। नियमित व्यायाम करें: रोज कम से कम 30 मिनट का हल्का व्यायाम करें, जिसमें पैदल चलना, तैराकी करना, या साईकल चलाना शामिल है। तनाव को नियंत्रित रखें: क्रोनिक तनाव से बचें क्योंकि यह ब्लड प्रेशर बढ़ाकर एरिदमिया का कारण बन सकता है। इसलिए ध्यान, प्राणायाम या योगा जैसी रिलैक्सेशन तकनीकों का अभ्यास करें। वजन को नियंत्रण में रखें: ज्यादा वजन हृदय रोग और एरिदमिया का जोखिम बढ़ा सकता है। इसलिए पोषणयुक्त आहार लें और शरीर को चुस्त रखें ताकि स्वस्थ बॉडी मास इंडैक्स (बीएमआई) बना रहे। धूम्रपान न करें: धूम्रपान से रक्तवाहिनियाँ क्षतिग्रस्त हो जाती हैं, जिससे ज्यादा ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और एरिदमिया का जोखिम बढ़ जाता है। अगर धूम्रपान त्यागना मुश्किल हो, तो डॉक्टर से मिलकर निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरपी ली जा सकती है। डॉ. दीक्षित गर्ग ने कहा, 'ब्लड प्रेशर और हृदय को स्वस्थ रखने के लिए एरिदमिया को समय पर पहचानना आवश्यक है। अगर बीमारी बड़ी नहीं है, तो दवाओं और जीवनशैली में बदलाव द्वारा उसे ठीक किया जा सकता है। इसमें कैफीन का सेवन कम करना तथा तनाव और वजन को नियंत्रण में रखना शामिल है। लेकिन अगर मामला गंभीर है, तो हृदय के इलाज के लिए कैथरर एब्लेशन, पेसमेकर, या इंप्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डिफिब्रिलेटर्स (आईसीडी) आदि की मदद आवश्यक हो जाती है।' डॉ. दीक्षित गर्ग, कंसल्टैंट इंटरवेंशन- कार्डियोलॉजी, मणिपाल हॉस्पिटल, गुरुग्राम हृदय रोगियों को परामर्श देने के लिए नियमित तौर से झज्जर का दौरा करते हैं। वो शुक्रवार, 28 मार्च को दोपहर 11 बजे से 2 बजे के बीच मेडिकेयर हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, झज्जर में ओपीडी परामर्श देंगे।

# सैमसंग के 3 स्मार्टफोन मिल रहे कम बजट में



नई दिल्ली , एजेंसी। स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी सैमसंग के 3 स्मार्टफोन कम बजट में मिल रहे है। इन स्मार्टफोन्स की कीमत रुपए 7,499 से शुरू होती है और इनमें दमदार बैटरी, बड़ा डिस्प्ले और शानदार कैमरा मिलता है। खास बात यह है कि ये फोन रैम प्लस फीचर के साथ आते हैं, जिससे रैम को 12जीबी तक बढ़ाया जा सकता है।

सैमसंग गैलेक्सी एम 05 सबसे किफायती मॉडल है, जिसकी कीमत रुपए 7,499 रखी गई है। यह 4जीबी रैम और 64जीबी स्टोरेज के साथ आता है, जिसे रैम प्लस फीचर से 8जीबी तक बढ़ाया जा सकता है। इसमें 6.7-इंच एचडी प्लस डिस्प्ले और 50एमपी प्राइमरी कैमरा दिया गया है। सेल्फी के लिए इसमें 8एमपी का फ्रंट कैमरा है। फोन की बैटरी 5000एमएएच की है, जो 25डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। सैमसंग गैलेक्सी एम 05 की कीमत रुपए 8,599 है और यह 6जीबीरैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ आता है। इसमें मीडियाटेक हेलियो जी85 प्रोसेसर दिया गया है। फोन का 6.7-इंच डिस्प्ले 60 एचझेड रिफ्रेश रेट सपोर्ट करता है। सैमसंग गैलेक्सी एम 06 5जी की कीमत रुपए 9,199 है। यह फोन डायमेंसिटी 6300 चिपसेट के साथ आता है और 12 5जी बैंड को सपोर्ट करता है। इसमें 4 जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज है, जिसे रैम प्लस से बढ़ाया जा सकता है।

फोटोग्राफी के लिए 50एमपी प्राइमरी सेंसर और 2एमपी डेप्थ सेंसर दिया गया है। सेल्फी के लिए इसमें 8एमपी का फ्रंट कैमरा है। इसकी बैटरी 5000एमएएच की है और यह 25डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करता है। कम बजट में पावरफुल प्रोसेसर, लंबी बैटरी लाइफ और बेहतरीन कैमरा के साथ ये फोन बेहतरीन विकल्प साबित हो सकते हैं। फोटोग्राफी के लिए इसमें 50एमपी का मेन कैमरा और 8एमपी का सेल्फी कैमरा है। इसे पावर देने के लिए 5000 एमएएच की बैटरी दी गई है, जो 25 डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करती है।

# भारत दुनिया के टॉप 10 इक्विटी बाजारों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला देश बना

मुंबई , एजेंसी। मार्च महीने में भारतीय शेयर बाजार ने पांच महीनों की गिरावट के बाद जबरदस्त वापसी की है। डॉलर के लिहाज से भारतीय बाजार का मार्केट कैप 9.4 फीसदी बढ़कर 4.8 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है, जो चार सालों में सबसे बड़ी मासिक बढ़त है। इस तेजी ने भारत को दुनिया के टॉप 10 इक्विटी बाजारों में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला देश बना दिया है। मार्च में भारत की 9.4 फीसदी की उछाल के मुकाबले जर्मनी का मार्केट कैप 5.64, जापान 4.9, हांगकांग 4, फ्रांस 2.7, चीन 2.2, यूके 2 और कनाडा मात्र 0.44 फीसदी ही बढ़ सका। दूसरी ओर दुनिया के सबसे बड़े इक्विटी बाजार अमेरिका में 3.7 और सऊदी अरब में 4.4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। हाल ही में आए महंगाई के आंकड़े आरबीआई के 4 फीसदी लक्ष्य से नीचे रहे, जिससे अप्रैल की मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बढ़ गई हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व का नरम रुख: 2025 में दो बार दरों में कटौती के संकेत मिले, जिससे निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। आरबीआई ने वीआरआर, स्वैप और ओएमओएस के जरिए 3 लाख करोड़ रुपये की नकदी सिस्टम में डाली, जिससे लिक्विडिटी बढ़ी। निवेशकों ने हालिया गिरावट के बाद अच्छे वैल्यूएशन पर शेयर खरीदे और चौथी तिमाही के नतीजों से बाजार को और मजबूती मिलने की संभावना है।

# जल्द लांच होगा नया फोन वीवो वाय 39 5जी

नई दिल्ली , एजेंसी। भारतीय बाजार में चायनीज कंपनी वीवो जल्द ही अपना नया फोन वीवो वाय39 5जी लॉन्च करेगी। हालांकि, कंपनी ने अभी आधिकारिक लॉन्च डेट की पुष्टि नहीं की है, लेकिन हाल ही में लीक हुई जानकारी से इसके फीचर्स और संभावित कीमत का खुलासा हुआ है।



रिपोर्ट्स के मुताबिक, वीवो वाय39 5जी भारत में दो वेरिएंट में आ सकता है। पहला वेरिएंट 8जीबी रैम प्लस 128जीबी स्टोरेज के साथ होगा, जिसकी संभावित कीमत रुपए 16,999 हो सकती है। वहीं, 8जीबी रैम प्लस 256जीबी स्टोरेज वाले वेरिएंट की कीमत रुपए 18,999 रहने की उम्मीद है। फोन दो कलर ऑप्शन-ओशन ब्लू और लोटस पर्पल में लॉन्च हो सकता है। फोन में 6.68 इंच का एचडी+ डिस्प्ले दिया जाएगा, जो 720 गुणा 1608 पिक्सल रेजोल्यूशन और 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। डिस्प्ले की पीक ब्राइटनेस 1000 निट्स होगी। इस डिवाइस में स्नैपड्रैगन 4 जेन 2 चिपसेट दिया जाएगा, जिससे फोन की परफॉर्मेंस दमदार होगी। फोन की सबसे खास बात इसकी 6500 एमएएच बैटरी होगी, जो 44डब्ल्यू फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी।

इसके अलावा, इसमें साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर और आईपी64 रेटिंग भी होगी। वीवो वाय39 5जी के इंडियन और ग्लोबल वेरिएंट में कोई बड़ा अंतर नहीं होगा। फोन एंड्रॉइड 15 पर आधारित फनटच ओएस 15 पर चलेगा। भारतीय ग्राहकों को अब इसके आधिकारिक लॉन्च का इंतजार है। कैमरे की बात करें तो इसके रियर में 50एमपी का प्राइमरी सेंसर और 2 एमपी का बोकेह लेंस मिलेगा। सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए फोन में 8 एमपी का फ्रंट कैमरा हो सकता है।

# महिंद्रा का वाहनों की कीमतें 3 प्रतिशत बढाने का ऐलान

मुंबई , एजेंसी। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी एसयूवी और कमर्शियल वाहनों की पूरी रेंज की कीमतें बढ़ाने का ऐलान किया। कंपनी द्वारा वाहनों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक बढोत्तरी की जाएगी। कंपनी ने बताया कि नई कीमतें अप्रैल 2025 से लागू होंगी। इसकी वजह इनपुट लागत और कमोडिटी की कीमतों में बढ़ोतरी होना है।




एमएंडएम की ओर से कहा गया कि बढ़ी हुई लागत को काफी हद तक वहन करने की कोशिश की गई, लेकिन अब इसके एक हिस्से को ग्राहकों को पास करना जरूरी हो गया था। कंपनी ने आधिकारिक बयान में कहा कि कीमतों में वृद्धि एसयूवी और कमर्शियल वाहनों के अलग-अलग मॉडल पर आधारित है। कंपनी ने हाल ही में ऐलान किया था कि फरवरी महीने में उसकी कुल ऑटो बिक्री निर्यात सहित 83,702 यूनिट्स रही है। यूटिलिटी व्हीकल्स सेगमेंट में, महिंद्रा ने घरेलू बाजार में 50,420 एसयूवी बेचीं और निर्यात सहित कुल 52,386 वाहन बेचे। वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री 23,826 यूनिट्स रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा के ट्रैक्टर की बिक्री में भी फरवरी में उछाल देखा गया। फरवरी 2025 में घरेलू स्तर पर ट्रैक्टर की बिक्री 23,880 यूनिट्स रही, जो कि फरवरी 2024 में हुई 20,121 यूनिट्स की बिक्री से अधिक थी।

कंपनी ने फरवरी 2025 में 1,647 ट्रैक्टर का निर्यात किया है, जिसके कारण कुल ट्रैक्टर बिक्री 25,527 यूनिट्स रही है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 21,672 यूनिट्स थी। महिंद्रा एंड महिंद्रा से पहले देश की अन्य दिग्गज ऑटो कंपनियां भी कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान कर चुकी हैं। इसमें मारुति सुजुकी, हुंडई मोटर इंडिया, किआ, होंडा और टाटा मोटर्स शामिल हैं। लग्जरी कार ब्रांड्स जैसे बीएसडब्ल्यू भी अगले महीने से कीमतों में बढोतरी करने जा रहे हैं।

## आईपीएल में आज होगा पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस में मुकाबला




अहमदाबाद , एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मंगलवार को पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। इस बार श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स की कप्तानी करेंगी जबकि गुजरात टाइटंस की कमान शुभमन गिल के पास रहेगी। श्रेयस ने अपनी कप्तानी में पिछली बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को जीत दिलायी थी जिससे उनका हौंसला बुलंद रहेगा। अब उनका लक्ष्य पंजाब का जीत दिलाना रहेगा। पंजाब का प्रदर्शन पिछले आईपीएल में अच्छा नहीं रहा था। पंजाब टीम आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि उसने 2014 में फाइनल में उसे जगह मिली थी पर पिछले चार साल में टीम शीर्ष पांच में नहीं पहुंच पायी थी। इस बार उसे अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग से काफी उम्मीदें हैं। पंजाब की बल्लेबाजी कप्तान अय्यर के अलावा जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी। टीम के पास अजमतुल्लाह उमरजई, स्टोइनिस, मार्को जानसेन, शशांक सिंह और मुशीर खान जैसे ऑलराउंडर हैं। तेज गेंदबाजी की कमान अर्शदीप सिंह के पास रहेगी। इसके अलावा टीम के पास लॉकी फर्ग्यूसन, कुलदीप सेन और यश ठाकुर जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन की कमान युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार के पास रहेगी। वहीं दूसरी ओर गुजरात टीम ने पहली बार हार्दिक पंड्या की कप्तानी में खिताब जीता था और दूसरी बार उपविजेता रही थी पर हार्दिक के मुम्बई इंडियंस जाने से पिछले सत्र में शुभमन गिल को कप्तान बनाया गया था। शुभमन हालांकि टीम को सफलता नहीं दिला पाये और वह आठवें स्थान पर रही पर माना जा रहा है कि हाल में भारतीय एकदिवसीय टीम की उपकप्तानी मिलने के बाद से ही उनकी नेतृत्व क्षमता बेहतर हुई है। गुजरात के पास शुभमन और इंग्लैंड के जोस बटलर जैसे खिलाड़ी हैं। वहीं मध्यक्रम में उसके पास शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन और मसूद शाहरुख खान रहेंगे। टीम के पास राशिद खान, राहुल तेवतिया, ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और महिपाल लोमरोर जैसे ऑलराउंडर भी हैं।

दूसरी ओर गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास मोहम्मद सिराज जैसा खिलाड़ी है। तेज गेंदबाजी की बात करें तो टीम के पास कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा, दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी और अनुभवी इशांत शर्मा जैसे गेंदबाज हैं। स्पिनर के तौर पर टीम के पास राशिद खान हैं।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएत्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा। साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर

## उरुग्वे और ब्राजील मैच के खिलाफ विश्वकप क्वालीफायर से बाहर रहेंगे मेसी : फुटबॉल संघ



बार्सिलोना , एजेंसी। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने कहा है कि चोटिल होने के कारण स्टार फुटबॉलर लियोनन मेसी उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ होने वाले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले नहीं खेल पायेंगे। फुटबॉल संघ के अनुसार मेसी को फिट नहीं होने के कारा 26 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार, मेसी कोकी बाईं जांघ में खिंचाव है। जिसके कारण वह मंगलवार को ब्राजील और शुक्रवार को उरुग्वे के मैच से भी बाहर रहेंगे। मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने क्वालीफायर के लिए पाउलो डिबाला, जियोवानी लो सेल्सो और गोंजालो मोंटीएल को भी टीम में जगह नहीं दी है। अर्जेंटीना इस ने अभी तक 12 मैचों में 25 अंक हासिल किये हैं। वह 10 टीमों वाली दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं उरुग्वे 20 अंकों के साथ ही दूसरे स्थान पर है।

क्वालीफायर के लिए अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय टीम इस प्रकार है :

गोलकीपरः एमिलियानो मार्टिनेज, जेरोनिमो रुली, वाल्टर बेनिटेज।

डिफेंडरः नाहुएल मोलिना, क्रिस्टियन रोमेरो, जर्मन पेजेला, लियोनार्डो बालेरदी, जुआन फोइथ, निकोलस ओटामेंडी,. फाकुंडो मेडिना, निकोलस टाग्लियाफिको।

मिडफील्डरः लिआंड्रो पारेडेस, एंजो फर्नांडीज, रोड्रिगो डी पॉल, एक्सेकिएल पालासिओस, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, मािक्समो पेरोने, जुलियानो सिमेओने, बेंजामिन डोमिंगुएज, थियागो आल्माडा।

फॉरवर्डः निकोलस गोंजालेज, निकोलस पाज, जूलियन अल्वारेज, लाउतारो मार्टिनेज, सेंटियागो कास्त्रो

## संक्षिप्त समाचार

### ईशान वीडियो में मां का आशीर्वाद लेते हुए नजर आये

नई दिल्ली , एजेंसी। आईपीएल के 18 वें सत्र में पहला शतक लगाने वाले सनराजर्स हैदराबाद के . ईशान किशन का एक पहले का वीडियो सामने आया है। इसमें ईशान अपनी मां का आशीर्वाद लेते हुए नजर आ रहे हैं। वह एक कार में बैठे हैं और कहीं जा रहे हैं। वहीं प्रशंसक ईशान के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शतक को मां के आशीर्वाद के रुप में देख रहे हैं। ईशान का वीडियो इंस्टा पर तेजी से वायरल हो रहा है। ये वीडियो हालांकि कब का है ये अभी पता नहीं चला है। ईशान इससे पहले मुंबई इंडियंस में थे पर मुम्बई ने उन्हें साल 2025 की नीलामी के दौरान रिलीज कर दिया था पर सनराइजर्स हैदराबाद ने इस बार उनको अपने साथ 11.25 करोड़ में जोड़ा। ईशान ने अपने पहले ही मुकाबले में टीम के भरोसे को सही साबित किया। इस बल्लेबाज ने 225.53 के स्ट्राइक रेट से केवल 47 गेंदों पर 106 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे।

### आईपीएल अंक तालिका में आरसीबी दूसरे नंबर पर खिसकी, सनराइजर्स शीर्ष पर पहुंची

नई दिल्ली , एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग यानी (आईपीएल) अंकतालिका में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) दूसरे नंबर पर खिसक गयी है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद नंबर एक पर पहुंच गयी है। आरसीबी ने लीग में पहला मैच जीतकर नंबर एक स्थान हासिल किया था पर कुछ समय में ही वह नीचे फिसल गयी। सनराइजर्स ने अपने पहले ही मैच में रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाकर जीत हासिल कर ली। सनराइजर्स का नेट रन रेट आरसीबी से कहीं अच्छा है जिसका लाभ उसे मिला है। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स (सीसएसके) मुंबई इंडियंस के खिलाफ पहले मैच में जीत के साथ ही तीसरे नंबर पर है। आठवें नंबर पर मुंबई इंडियंस है, जबकि नौवें पायदान पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) है जिन्हें आरसीबी से ने हराया था। राजस्थान रॉयल्स अंतिम स्थान पर है। ये अभी आईपीएल के 18 सत्र की शुरूआत है। ऐसे में अभी अंकतालिका में कई बदलाव होने हैं क्योंकि अभी तक चार टीमों ने अपना एक भी मुकाबला नहीं खेला है। जब सभी टीमें कम से कम एक-एक मैच खेल लेंगी तो फिर अंकतालिका में कुछ बदलाव आयेगा।

### आईपीएल में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने क्लासेन



हैदराबाद , एजेंसी। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे तेजी से 1000 रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। क्लासेन ने 594 गेंदों पर अपने 1000 रन पूरे किये। क्लासेन ने इस प्रकार वीरेंद्र सहवाग, ग्लेन मैक्सवेल और यूसुफ पठान को भी पीछे छोड़ दिया है। वह केवल कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल से पीछे हैं, रसेल ने 545 गेंदों में ही 1000 रन बनाये थे। क्लासेन के शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन से सनराइजर्स को 18 वें सत्र के पहले ही मैच में राजस्थान रॉयल्स पर आसान जीत मिली। इस आक्रामक बल्लेबाज ने आईपीएल में अब तक 28 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 44.14 की औसत और 173.92 की स्ट्राइक रेट से अपने 1000 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और छह अर्धशतक लगाये हैं। सहवाग ने 1000 आईपीएल तक पहुंचने 604 गेंदें खेली थीं जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने 610 गेंदें खेलीं थीं।

## रुतुराज ने पहले ही मैच में जीत पर खुशी जतायी, स्पिनर नूर की भी जमकर प्रशंसा की



चेन्नई , एजेंसी। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत पर खुशी जतायी है। रुतुराज ने मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के रहस्यमयी स्पिनर नूर अहमद की जमकर प्रशंसा की है। इस मैच में नूर ने 18 रन देकर चार विकेट लिए।

जीत के बाद रुतुराज ने अपने स्पिनरों के प्रदर्शन पर उन्होंने कहा, 'हमारे स्पिनरों ने शुरू से ही अच्छी गेंदबाजी की। खलील पिछले दो तीन साल से अच्छा प्रदर्शन कर रह हैं, वह अनुभवी हैं। वहीं नूर ने मैच में अंतर पैदा किया, उनका टीम में होना हमारे लिए अच्छा है। वहीं धोनी हमेशा की तरह हमारे ही टीम के लिए महत्वपूर्ण हैं। वह इस साल पहले से ज्यादा फिट हैं और काफी छक्के लगा रहे हैं.'

वहीं स्वयं पारी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरने को लेकर उन्होंने कहा, ह्यमेरा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना टीम की जरूरत है. इससे नई टीम को संतुलन मिलता है क्योंकि राहुल त्रिपाठी शुरूआत में आक्रामक बल्लेबाजी करता है ह्व वहीं नूर ने कहा कि दुनिया भर में खेलना अच्छा है पर सीएसके और धोनी भाई के लिए खेलना विशेष है अनुभव है।



ब्रिटेन में महिला सुपर लीग फुटबॉल में खेलती हुई एस्टन विला और मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीमें।

## आर्चर पर विवादस्पद टिप्पणी के लिए हरभजन की हुई आलोचना



हैदराबाद , एजेंसी। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्तान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए मैच में अपनी एक टिप्पणी को लेकर विवादों में आ गये हैं। हरभजन ने इस मैच में राजस्थान रॉयल्य की ओर से खेल रहे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की तुलना लंदन में काली टैक्सी से की थी जिसे नस्लवादी माना गया है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया पर लोगों ने इस टिप्पणी की जमकर आलोचना की है। हरभजन पहले भी इस प्रकार की टिप्पणियों को लेकर विवादों में रहे हैं।

हरभजन ने कहा,लंदन में काली टैक्सी का मीटर तेज भागता है, और यहां पर आर्चर साहब का मीटर भी तेज भागा है। इसका कारण ये था कि इस मैच में आर्चर ने काफी रन दिये थे। इस टिप्पणी को लेकर कई प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर हरभजन की आलोचना की और उनसे माफी मांगने को भी कहा। हरभजन पहले भी अपनी बातों के लेकर विवादों में रहे हैं। अपने क्रिकेट करियर के दौरान भी उन्हें कई बार विवादों का सामना करना पड़ा था। इस घटना के बाद हरभजन के कमेंट्री करने पर भी सवाल उठ रहे हैं। कई लोग कह रहे हैं कि उन्हें कमेंट्री नहीं करनी चाहिए। हरभजन ने हालांकि इस मामले पर अपनी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इस मैच में सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 286 रन बनाए। इसके बाद राजस्थान रॉयल्स लक्ष्य का पीछा करते हुए 242 रन ही बना पायी। आर्चर ने इस मैच में 4 ओवर में 76 रन दिए और वह एक भी विकेट नहीं ले पाये।

## बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम को मैच के दौरान पड़ा दिल का दौरा



ढ़ाका , एजेंसी। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को यहां ढाका प्रीमियर लीग क्रिकेट के दौरान ही दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ति कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना पहली पारी के दौरान टॉस के तत्काल बाद की हुई है। तमीम यहां ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग में खेल रहे थे। तभी मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच मैच में उनके सीने में दर्द शुरू हो गया। शुरूआत में उन्हें हेलीकॉप्टर से ढाका ले जाने की व्यवस्था की गई थी पर रास्ते में दर्द बढ़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए फजीलतुन्नेस अस्पताल ले जाया गया था।

वहीं बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के मेडीकल हेड डॉ. देबाशीष चौधरी ने कहा, स्थानीय अस्पताल में उनकी शुरूआती जांच की गई, जहां दिल में हल्की समस्या होने की आशंका जतायी गयी। इसके बाद उन्हें ढाका ले जाने का प्रयास हुआ पर हेलीपैड के रास्ते में ही उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ और इसी कारण उन्हें वापस ले जाना पड़ा। बाद में मेडिकल रिपोर्ट में पता चला कि उन्हें दिल का बड़ा दौरा पड़ा था। देबाशीष ने कहा, यह हम सभी के लिए कठिन समय है। वह फिलहाल निगरानी में है और उम्मीद है कि शीघ्र ही स्वस्थ हो जाएंगे।

## आईपीएल के अपने पहले ही मैच में छाया ऑटो चालाक का बेटा

चेन्नई , एजेंसी। केरल के युवा स्पिनर विग्नेश पुथुर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने डेब्यू मैच में ही शानदार प्रदर्शन कर तीन विकेट लिए हैं। ऑटो चालक के बेटे विग्नेश को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल के अपनी शुरूआती में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर उतारा था। इस कलाई के स्पिनर को बल्लेबाज रोहित शर्मा की जगह पर उतारा गया। रोहित बल्लेबाजी में असफल रहे थे। ऐसे में गेंदबाजी में उनकी जगह विग्नेश को उतारा गया। विग्नेश का डेब्यू अच्छा रहा। उन्होंने आईपीएल के अपने पहले मैच में ही तीन विकेट लिए। पुथुर ने हालांकि घेरेलू क्रिकेट में अबतक सीनियर स्तर पर कोई भी घरेलू मुकाबला नहीं खेला था।

विग्नेश को ने आठवें ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाया। इसे बाद इस युवा गेंदबाजा ने अपने पहले ही ओवर में सीएसके के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को पेवेलियन भेज दिया। वहीं अपने दूसरे ओवर में शिवम दुबे को आउट किया। इसके बाद उन्होंने दीपक हुड्डा का विकेट लिया।

विग्नेश के पिता ऑटो चलाते हैं। इस युवा स्पिनर ने केरल के लिए अंडर-14 और अंडर-19 स्तर पर खेला है। पुथुर ने तमिलनाडु प्रीमियर लीग में भी जॉली रोवर्स क्रिकेट क्लब के लिए शानदार प्रदर्शन के बाद केसीएल टी20 टूनार्मेंट के लिए जगह बनाई। इसके बाद नवंबर 2024 में आईपीएल मेगा नीलामी में मुबई इंडियंस ने उन्हें अपने साथ शामिल किया। विग्नेश ने अपने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। मुम्बई को हालांकि इस मैच में सीएसके से हार का सामना करना पड़ा

## सीएसके के फैसले लेने में अब मेरी भूमिका नहीं : धोनी

### हालात के अनुसार ढ़लने के लिए अपने को बदल रहा

चेन्नई , एजेंसी। अनुभवी क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने कहा है कि वह आईपीएल में बने रहने के लिए अपने को हालातों के अनुरुप ढ़ालने में लगे हैं। धोनी ने कहा कि रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसीके) की कप्तानी सौंपने के बाद से ही उनकी फैसले लेने में किसी प्रकार की कोई भूमिका नहीं है। मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत के बाद धोनी ने कहा, ह्यबल्लेबाज अब जोखिम लेने को तैयार हैं। अब बल्लेबाजों का मानना है कि वे बड़े स्ट्रोक खेल सकते हैं और इसके लिए वे अपने शॉट चयन में सुधार भी कर रहे हैं फिर चाहे वह तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्कूप हो, स्वीप हो या तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप हो। साथ ही कहा कि इस प्रकार खेलने मैं भी उनसे अलग नहीं हूं। मुझे भी अपने को उनके अनुसार ही ढालना होगा। जहां मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं, वहां मेरे लिए ये जरूरी है। इसके लिए आपको कोशिश करनी होगी और प्रासंगिक बने रहना होगा। धोनी ने कहा, 'हमने जिस तरह से साल 2008 में टी20 खेला था और जिस तरह से हम पिछले साल आईपीएल में खेले उसमें बहुत अंतर था। पहले विकेट काफी टर्न वाले थे पर अब भारत के विकेट पहले की तुलना में काफी बेहतर बन गए हैं। यह बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल है। चेन्नई ने धोनी के कप्तान रहते हुए पांच आईपीएल खिताब जीते पर उन्होंने 2024 के सत्र से पहले रुतुराज को कप्तानी सौंप दी थी। धोनी ने कहा कि वह कप्तानी के साथ बात करते हैं पर अपनी सलाह मानने के लिए दबाव नहीं बनाते हैं। उन्होंने कहा, ह्यरुतुराज काफी समय से टीम का हिस्सा हैं। उनका स्वभाव बहुत अच्छा है, वह बहुत शांत हैं, बहुत धैर्यवान हैं। इसलिए उन्हें कप्तानी दी गयी।

धोनी ने कहा, 'मुझे याद है कि टूनार्मेंट शुरू होने से पहले, मैंने उनसे यह भी कहा था, अगर मैं आपको सलाह देता हूं, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपको उसे मानना ही होगा। मैं जितना संभव हो सके फैसलों से दूर रहने का प्रयास करूंगा। बहुत से लोगों को लग रहा है मैं फैसले कर रहा जबकि वास्ताव में सभी फैसले सच तो यह है कि वह 99 फीसदी रुतुराज ले रहे हैं। धोनी ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के साथ उनका संबंध अब दोस्ती में बदल गया है। उन्होंने कहा, ह्ययह रिश्ता पहले एक कप्तान और एक युवा खिलाड़ी के बीच का था लेकिन समय के साथ अब हम बहुत अच्छे दोस्त बन गए। अब हम दोनों कप्तान नहीं हैं और इसलिए हमें मैच से पहले बात करने का अधिक समय मिलता है। धोनी ने आईपीएल की क्षेत्रीय भाषाओं में कमेंट्री के फैसले को भी सही बताया है।

## धोनी ने शानदार प्रदर्शन के लिए उभरते गेंदबाज विग्नेश को बधाई दी





चेन्नई , एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल के अपने डेब्यू मैच में ही शानदार प्रदर्शन करने वाले स्पिनर विग्नेश पुथुर की जमकर प्रशंसा की है। धोनी मैच के बाद विग्नेश से मिले और उन्हें बधाई दी है। साथ ही कुछ सवाल भी किए जिसका पुथुर ने अच्छी तरह से जवाब दिया। विग्नेश ने आईपीएल में मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मैच में 3 बड़े विकेट लिए थे। जिसमें कप्तान रितुराज गायकवाड़, शिवम दुबे और दीपक हुडडा जैसे खिलाड़ी शामिल थे। विग्नेश ने सीनियर स्तर पर बिना कोई घरेलू मैच खेले सीधे ही आईपीएल में पदार्पण किया है। उन्हें मुंबई इंडियंस ने इम्पैक्ट सब के रूप में मैदान में उतारा था। रोहित शर्मा की जगह उतरे विग्नेश ने अपने प्रदर्शन से डेब्यू को यादगार बनाया।

मैच समाप्त होने के बाद विग्नेश एक आम प्रशंसक की तरह ही धोनी से मिले। धोनी ने भी पुथुर की बातों को ध्यान से सुना। धोनी ने पुथुर का हौंसला भी बढ़ाया। ऑटो चालक के बेटे विग्नेश ने 11 साल की उम्र से ही क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उसने अभी तक घरेलू घरेलू क्रिकेट नहीं खेला है। इसके बाद भी उसे मुंबई इंडियंस ने 30 लाख में अपने साथ जोड़ा है। मुंबई ने ही इस गेंदबाज को कोचिंग दी है। विग्नेश ने 4 ओवर में 32 रन देकर 3 विकेट लिए। पुथुर ने केरल की ओर से अंडर 14 और अंडर 19 क्रिकेट खेला है। इसके अलावा इस क्रिकेटर ने केरल में एलेप्पी रिप्पल्स के लिए खेला है।

## बीसीसीआई ने महिला क्रिकेटरों के लिए केन्द्रीय अनुबंध घोषित किया, हरमनप्रीत सहित तीन खिलाड़ी ए ग्रेड में बरकरार



मुम्बई , एजेंसी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने साल 2024-25 सत्र के लिए अनुबंधित महिला क्रिकेटरों की घोषणा कर दी है। इस सत्र के लिए 16 खिलाड़ियों की अनुबंधित किया गया है। जिसमें कुल 16 प्लेयर्स को जगह दी गई है। तीन खिलाड़ी ए ग्रेड में हैं। वहीं ग्रे बी में 4 और ग्रेड सी में 9 खिलाड़ी रखे गए हैं। इसमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को लगातार प्रदर्शन की बदौलत ग्रेड ए में रखा गया है। वहीं रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष और शैफाली वर्मा सभी को ग्रेड बी में रखा रखा गया है जबकि यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर को सी ग्रेड में रखा गया है। । भारतीय टीम श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के साथ 27 अप्रैल से शुरू होने वाली एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज में श्रीलंका से खेलेगी। भारतीय टीम इस सीरीज से महिला विश्व कप 2025 की तैयारी कर रही है जिसका आयोजन इस साल के अंत में भारत में ही होगा।

सूची :

ग्रेड ए : हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा

ग्रेड बी : रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष, शैफाली वर्मा

ग्रेड सी : यास्तिका भाटिया, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, तितास साधु, अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, स्नेह राणा, पूजा वस्त्राकर।

# दूषित हवा से आंखों को कैसे बचाएं?

देश के कई शहरों में प्रदूषण का स्तर अब भी खतरनाक स्तर पर बना हुआ है, जिसकी वजह से जुकाम, गले में खराश, खांसी और सांस से जुड़ी बीमारियों में भी वृद्धि हुई है। जहरीली हवा सिर्फ फेफड़ों को ही नहीं बल्कि दिल, किडनी, दिमाग के साथ आंखों को भी प्रभावित करती है। कोविड-19 और प्रदूषण से बचने के लिए लोग मास्क जरूर पहन रहे हैं, जिससे आपके फेफड़े और अन्य अंगों को नुकसान कम पहुंचेगा, लेकिन आंखों को बचाने के लिए क्या करना है ये कोई नहीं जानता।

### आंखों किस-किस तरह नुकसान पहुंचा सकती है जहरीली हवा?

प्रदूषण का कहर हमारे शहरों और कस्बों में फैल रहा है। सामान्य तौर पर लोगों का मानना है कि प्रदूषण ज्यादातर हमारे फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन यह जान लेना जरूरी है कि यह प्रदूषण हमारी आंखों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर रूप से हानिकारक है। जैसे ही जहरीले प्रदूषण आंख की बाहरी सतह, विशेष रूप से कॉर्निया और कंजाक्टिवा के संपर्क में आते हैं, तो इससे आंखों में खुजली, जलन महसूस होने लगती है। कई बार जलन इतनी तेज होती ही है कि आंखें लाल हो जाती हैं। आंखों को लगातार रगड़ने से कॉर्निया पतला हो सकता है। विशेष रूप से बच्चे अगर लंबे समय तक आंखों को रगड़ते हैं, तो इससे कॉर्नियल पतला हो सकता है और केराटोकोनस नाम की आंखों से जुड़ी गंभीर बीमारी हो सकती है। जिसकी वजह से आंखें कमज़ोर हो जाती हैं और धुंधला दिखने के साथ पास की दृष्टि खराब होती है।



साथ ही आपको ड्राई आइज की दिक्कत शुरू हो सकती है, जिससे एक बार फिर कोर्निया को नुकसान पहुंचता है। विशेष रूप से सर्दियों में स्मॉग के कारण गंभीर रूप से आंखें ड्राई हो सकती हैं और जलन के साथ पानी निकलने के लक्षण पैदा हो सकते हैं। ऐसे में आंखों में संक्रमण होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

### प्रदूषण से आंखों को कैसे बचाएं?

डॉ. ऋषि भारद्वाज ने बताया कि दूषित हवा से आंखों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि लोग बाहर निकलते समय धूप का चश्मा पहनने, खुद को हाइड्रेट रखें, आंखों को जोर से रगड़ने से बचें, अपनी आंखों को छूने से पहले हाथ धोना न भूलें, लैपटॉप और मोबाइल का उपयोग कम से कम करें और आखों को झपकना न भूलें। हर 20 मिनट बाद 20 सेकेंड के लिए आंखों को आराम दें। एक नेत्र चिकित्सक द्वारा बताई गयी आई ड्रॉप को ही आंखों में डालें। हालांकि इनका उपयोग सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही करें।



हंसना हर हाल में अच्छी सेहत की निशानी है। हंसी के ठहाकें हमारी जिंदगी की जरूरत हैं। हंसने से ना सिर्फ हमारी सेहत इंप्रूव रहती है बल्कि बॉडी में ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। खुश रहकर मुस्कुराकर हंस बोल कर आप जिंदगी की हर मुसीबत का मुकाबला कर सकते हैं। हंसी के जरिए आप अपनी इम्यूनिटी बढ़ा सकते हैं, स्ट्रेस को दूर कर सकते हैं। सांस फूलने की समस्या का भी उपचार कर सकते हैं। जरूरी नहीं है कि आपको जब हंसी आए तभी आप हंसे। आप झूटी हंसी भी हंसते हैं तो आपकी सेहत को फायदा पहुंचता है यह बात एक रिसर्च में सामने आई है

# तनाव कम करती है हंसी

### झूठी हंसी से मिलता है एंग्जाइटी से छुटकाराः

अध्ययन के मुताबिक फेक हंसी भी आपको एग्जाइटी और तनाव से छुटकारा दिला सकती है। तनाव और बेचैनी को भगाने के लिए हंसना बेस्ट एक्सरसाइज है। हाल ही में ब्रिटेन के ब्रिंघटन में छठी कक्षा के बाद लाफ्टर थेरेपी को शामिल किया गया है, जिसमें चेहरे पर हंसी लाने का अभ्यास कराया जाता है। इसमें ताली बजाते हुए या डांसिंग करते हुए हा हा हा करके झूठी हंसी हंसने का अभ्यास किया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक झूठी हंसी हंसते हुए हा हा हा करना भी हंसने के बराबर ही फायदा पहुंचाता है।

डेली मेल में छपी रिपोर्ट के मुताबिक बॉडी की सेहत के लिए हंसना बेहद उपयोगी है। रिपोर्ट के मुताबिक एक युवा को रोजाना औसतन 17 बार जरूर हंसना चाहिए। हंसने से शरीर पर कई तरह के असर होते हैं जिनसे तनाव को भगाने में मदद मिलती है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में इवोल्यूशनरी साइकोलॉजी के प्रोफेसर रोबिन डनबार ने बताया कि हंसने की फिजिकल एक्टिविटी लंग्स में मौजूद डायफ्राम को पंप करती है। इससे लंग्स में मौजूद नकारात्मक एयर का निकास होने लगता है। इस प्रक्रिया में ब्रेन से इंडोर्फिन रसायन निकलता है, जो तनाव को कम करता है और हमें खुश रखता है।

> इंडोर्फिन के रिलीज होने से पूरे शरीर को आराम मिलता है। इससे कार्टिसोल हार्मोन का स्तर कम हो जाता है, जो तनाव को बढ़ाता है। इंडोर्फिन के कारण नाइट्रिक ऑक्साइड निकलता है जो मसल्स में आए तनाव को कम करता है। नाइट्रिक ऑक्साइड के कारण ब्लड वेसल्स भी चौड़े होने लगते हैं। यही वजह है कि झूठी हंसी हंसने से भी ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है

### इंडोर्फिन हार्मोन किस तरह हमें रखता है खुशः

इंडोर्फिन के रिलीज होने से पूरे शरीर को आराम मिलता है। इससे कार्टिसोल हार्मोन का स्तर कम हो जाता है, जो तनाव को बढ़ाता है। इंडोर्फिन के कारण नाइट्रिक ऑक्साइड निकलता है, जो मसल्स में आए तनाव को कम करता है। नाइट्रिक ऑक्साइड के कारण ब्लड वेसल्स भी चौड़े होने लगते हैं। यही वजह है कि झूठी हंसी हंसने से भी ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहता है। झूठी हंसी हंसने से भी दिमाग के हाइपोथैलमस सक्रिय हो जाता है जो तनाव और एंग्जाइटी को कम करने में मदद करता है।

# दूध में अदरक मिलाकर पीने से दूर होंगी कई बीमारियां

अदरक हमारी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है और इसमें पाए जाने वाले गुण आपकी सेहत को हमेशा सुरक्षित रखत हैं। अदरक की चाय तो आपने कई बार भी होगी और ये हर किसी को पसंद होता है लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी की अगर आप दूध में अदरक मिलाकर पिया जाए जो इसके फायदे दो गुने हो जाते हैं। सभी जानते हैं कि एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो आपको वायरल फ्लू, जैसी बीमारियों में ठीक कर देता है।



बहुत कम लोग जानते हैं कि अदरक को दूध में डालकर पिया जाए तो इसके फायदे कई गुना बढ़ जाते हैं। ऐसे मे चलिए जानते हैं कि कैसे आप अदरक के दूध का सेवन कर सकते हैं और साथ ही ये आपकी सेहत के लिए किस तरह से फायदेमंद है, तो जानें कि दूध में अदरक मिलाने से क्या-क्या फायदा हो सकता है और आप इसे घर पर कैसे बना सकते हैं।

**पाचन शक्ति** : अगर आपकी पाचन क्षमता अच्छी नहीं है तो ऐसे में आपको इसका सेवन करना चाहिए। साथ ही ये कब्ज,पेट दर्द,एसिडिटी,एसिड रेफ्लक्स से पाचन तंत्र की रक्षा करते हैं। ऐसे में आप नाश्त के बाद अदरक के दूध का सेवन करें ये आपको फायदा पहुंचाएगा।

**हड्डियां होंगे मजबूतः** हड्डियों को मजबूत बनाने का काम करती हैं। दूध का सेवन करने से हड्डियों की कमजोरी दूर होती है और यदि दूध के साथ अदरक को मिलाकर इसका सेवन रोज किया जाए, तो इनमें मौजूद एंटी इंफ्लैमेटरी गुण हड्डियों को मजबूती देने के साथ उसकी सूजन को भी कम कर देते है।

इम्यूनिटी बढ़ाए : कोरोना के काल में अगर आप अपनी इम्यूनिटी बढ़ाने के सीच रहे हैं तो ऐसे में आप अदरक वाले दूध का सेवन कर सकते हैं, क्योंकि अदरक में एंटी बैक्टीरियल गुण पाये जाते है, जो शरीर में मौजूद हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करने में अहम भूमिका निभाते है।

**पेट का दर्द** : अदरक के इस्तेमाल से आपके खराब पेट को भी दुरुस्त किया जा सकता है। दरअसल अदरक में भरपूर मात्रा में एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो आपको पेट दर्द में आराम दिलाएंगे। इसे बनाने के लिए आप एक चम्मच अदरक पाउडर को दूध में मिलाकर पीने से आराम मिलता है।

# दादी-नानी को अपने बच्चों से प्यारे होते हैं पोते-पोतियां



अक्सर दादी-नानी को अपने पोते-पोतियों से गहरा प्यार और लगाव होता है। एक हालिया अध्ययन के आधार पर वैज्ञानिकों ने भी इस बात पर मुहर लगा दी है कि दादी-नानी का लगाव अपने बच्चों से ज्यादा पोते-पोतियों से होता है। नए अध्ययन से पता चला है कि दादी अपनी संतान की तुलना में पोते-पोतियों से अधिक भावनात्मक रूप से जुड़ी हो सकती हैं। अध्ययन के दौरान अमेरिकी वैज्ञानिकों ने प्रतिभागी दादियों के दिमाग को उस वक्त स्कैन किया, जब वे अपने पोते-पोतियों की तस्वीरों का दीदार कर रही थीं। शोधकर्ताओं ने पाया कि अपने पोते-पोतियों की तस्वीरों को देखते हुए दादी के मस्तिष्क के भावनात्मक सहानुभूति से संबंधित क्षेत्र सक्रिय हो गए। भावनात्मक सहानुभूति तब होती है, जब हम किसी अन्य व्यक्ति के समान भावना महसूस करते हैं। जैसे कि सामने वाले को अगर दर्द हो तो उससे हम भी खुद को असहज और संकट में महसूस करें।

इसके विपरीत जब प्रतिभागियों ने पोते-पोतियों की बजाय बेटे और बेटियों की तस्वीरें देखीं तो उनके मस्तिष्क का संज्ञानात्मक सहानुभूति से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्र सक्रिय हुए। संज्ञानात्मक सहानुभूति तब होती है, जब आप किसी दूसरे की भावनाओं को समझ सकते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप बिल्कुल वही महसूस कर रहे हैं, जो सामने वाला महसूस कर रहा हो।

## सुख-दुख महसूस करती हैं दादियां

यह संभव है कि नानी उन्हीं भावनाओं का अनुभव करने में सक्षम होती हैं, जो उनके पोते या पोती अनुभव कर रहे हैं। प्रमुख अध्ययनकर्ता एवं एमोरी यूनिवर्सिटी में ऐन्थ्रपालजी (मानव-शास्त्रत्) के प्रोफेसर जेम्स रिलिंग ने कहा, डाटा में वास्तव में भावनात्मक सहानुभूति से जुड़े मस्तिष्क के क्षेत्रों में सक्रियता देखी गई है। यह अध्ययन, दादी के मस्तिष्क के कार्य की जांच करने वाला पहला अध्ययन है।

## ऐसे निकाला गया निष्कर्ष

- शोधकर्ताओं ने दादी-नानी को पोते-पोती के तस्वीर दिखाकर उनका मस्तिष्क स्कैन किया।
- पोते-पोती की तस्वीर देखकर दादी के मस्तिष्क के भावनात्मक सहानुभूति से जुड़े भाग सक्रिय हुए।
- वहीं अपनी संतानों की तस्वीरों के दीदार से संज्ञानात्मक सहानुभूति से जुड़े मस्तिष्क भाग सक्रिए हुए।
- पोते-पोती, दादी-नानी की देखभाल अधिक प्रभावी तरीके से कर सकते हैं।
- 03 से बारह साल के पोते-पोतियों की तस्वीरें दिखाई गईं बुजुर्ग प्रतिभागी महिलाओं को।

### तस्वीरें दिखाई गईं

शोधकर्ताओं ने 50 दादी-नानी के दिमाग को उस वक्त स्कैन किया। सभी को उनके तीन से 12 साल की उम्र के पोते-पोतियों की तस्वीरें दिखाई गईं। इस दौरान उन्हें अपनी संतानों की तस्वीरें भी दिखाई गईं। प्रतिभागियों ने अपने अनुभवों से जुड़ी प्रश्नावली के जवाब भी दिए। निष्कर्षों से पता चला कि संतानें माता-पिता को अधिक समझती हैं, लेकिन भावनात्मक लगाव पोते-पोती और दादी के बीच अधिक होता है।

### बच्चों की देखभाल में प्रमुख सहयोगी

शोधकर्ता रिलिंग का कहना है, हम अक्सर मानते हैं कि माताओं के बाद पिता ही बच्चों की सबसे अच्छी तरह से देखभाल करने वाले होते हैं, लेकिन कुछ मामलों में, माताओं के लिए बच्चों की देखभाल के मामले में उनकी दादी प्राथमिक सहायक होती हैं। दादी-नानी अपने पोते-पोतियों के जीवित रहने की संभावनाओं को बढ़ाने में मदद करती है।

# शुगर के मरीजों के लिए रामबाण है मखाना

औषधीय गुणों से भरपूर मखाना ऐसा ड्राईफ्रूट है, जो सेहत के लिए बेहद उपयोगी है। कम कौलोरी और फाइबर से भरपूर मखाना किडनी और दिल की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। यह बॉडी की कमजोरी को दूर करता है, साथ ही बॉडी को एनर्जेटिक भी रखता है। कैल्शियम से भरपूर मखाना खाने से हड्डियां मजबूत होती है। डायबिटीज और जोड़ों के दर्द में मखाना बेहद फायदेमंद है, यह तनाव से मुक्ति दिलाता है। मखाना में प्रोटीन और फाइबर के साथ-साथ कैल्शियम, मैग्निशियम, आयरन और फॉस्फेरस होता है। मखाना एंटी ऑक्सिडेंट से भरपूर होता है। यह सूजन और पुरानी बीमारी से हमें बचाता है।

आप जानते हैं कि इतने गुणों से भरपूर मखाना का सेवन करने से बॉडी में ग्लूकोज के स्तर में सुधार होता है, और साथ ही दिल की सेहत भी अच्छी रहती है। इसका सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। शुगर के मरीज अपनी डाइट बेहद सोच-समझ कर लेते हैं ऐसे लोगों के लिए मखाना खाना बेहद उपयोगी है। आइए जानते हैं कि मखाना खाने से सेहत को कौन-कौन से फायदे होते हैं।



## मखाने के फायदे

### शुगर कंट्रोल करते हैं मखानेः

मखाना में ढेर सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो बॉडी को हेल्दी रखते हैं, साथ ही शुगर लेवल को भी कंट्रोल करते हैं। शुगर के मरीजों में इंसुलिन का उत्पादन कम होता है, जिसके कारण डायबिटीज के रोगी हमेशा थकान महसूस करते हैं। डायबिटीज के मरीजों के लिए मखाना बॉडी को एनर्जी देता है, साथ ही शुगर को कंट्रोल भी करता है। मखाना का इस्तेमाल आप मखाना की खीर बनाकर भी कर सकते हैं।

### दिल को सेहतमंद रखते हैं मखानेः

मखाना ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है, जो शरीर में ऑक्सीजन के लेवल को कंट्रोल में रखता है। ये हेल्दी स्नैक्स दिल से जुड़ी बीमारियों को दूर करने में बेहद असरदार है।

### मोटापा कंट्रोल करते हैं:

मखाना में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन होता है, जो वजन को कंट्रोल करने में बेहद असरदार है। फाइबर से भरपूर मखाना पेट को लंबे समय तक भरे रखता है। कम कैलोरी का यह हेल्दी स्नैक्स उन लोगों के लिए अधिक फायदेमंद है, जिन्हें ज्यादा भूख लगती है।

### मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं:

फाइबर से भरपूर मखाना पाचन प्रकिया और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। इसके सेवन से पेट की समस्या जैसे अपच, कब्ज से निजात मिलती है।

### हड्डियां स्ट्रॉन्ग बनाते हैं:

मखाना में कैल्शियम और मिनरल्स भरपूर मात्रा में होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। मखाना खाने से ऑस्टियोपोरोसिस, आर्थराइटिस और ज्वाइंट पेन की समस्या से छुटकारा मिलता है।

# पथरी के दर्द से पाएं छुटकारा

व्यक्ति कब कौन सी बीमारी से घिर जाए, इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। कभी बदलते मौसम की वजह से, तो कभी हमारे अनहेल्दी खानपान की वजह से भी हम बीमार पड़ जाते हैं। कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जिनसे हम कुछ समय बाद ठीक हो जाते हैं, जबकि कई बीमारियां ऐसी होती हैं, जो हमारे साथ हमेशा के लिए जुड़ जाती हैं। व्यक्ति पथरी की समस्या से भी ग्रसित होते हैं, जिसकी वजह से हालत काफी खराब हो जाती है। इसमें बर्दाश्त के बाहर वाला दर्द होता है। ऐसे में दवाओं और कई बार तो पथरी का ऑपरेशन तक करना पड़ता है और तब कहीं जाकर पथरी का इलाज हो पाता है, लेकिन इसके कुछ घरेलू उपाय भी हैं, जो आपको पथरी के दर्द में राहत देने का काम करेंगे। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...

### नारियल पानी

नारियल पानी के अंदर एंटी लिथेजेनिक नाम का एक खास तत्व पाया जाता है, जो किडनी स्टोन के दर्द से निजात दिलाने में कारगर माना जाता है। साथ ही इसमें फाइबर काफी कम मात्रा में होता है।

ऐसे में नारियल पानी का सेवन करने किडनी स्टोन के मरीजों को लाभ मिल सकता है।

### हर्बल चाय

हर्बल चाय में मौजूद गुण पथरी के दर्द में छुटकारा दिलाने का काम करते हैं। ये किडनी स्टोन को रोकने के साथ ही इसके दर्द को कम करने में भी मदद करते हैं। सुबह और शाम के समय आप हर्बल टी का सेवन कर सकते हैं।

### नींबू पानी

नींबू पानी का सेवन करने से ये किडनी स्टोन को बाहर निकालने में मदद कर सकता है। नींबू पानी में पाए जाने वाले सिट्रेट नाम का तत्व कैल्शियम डिपॉजिट को तोड़ने में काम करता है। साथ ही इसका सेवन करने से ये किडनी पथरी के दर्द में भी आराम देने का काम करता है।

आज की रेसिपी

# टेस्टी मैगी



मैगी सेहत के लिए अच्छी नहीं होती लेकिन बच्चों से लेकर बड़ों तक हर कोई इसे बड़े चाव से खाता है। चाय की तरह मैगी भी कई लोगों के लिए इमोशन है। मैगी के एक ही फ्लेवर को खाते-खाते लोग अक्सर बोर हो जाते हैं, तो इसके साथ एक्सपेरिमेंट भी खूब किए जाते हैं। सादा उबालने वाली मैगी से लेकर फ्राई मैगी तक अलग लोगों के हाथ से आपको मैगी का अलग स्वाद मिलेगा। अगर आप मैगी के साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंट करना चाहते हैं और टैंगी फ्लेवर पसंद है तो सूप वाली मैगी की रेसिपी ट्राई कर सकते हैं।

**सामग्री**

- इसके लिए आपको चाहिए टमैटो सूप का पैकेट। आप अपने पसंद का ब्रैंड चुन सकते हैं। मैगी, बटर, पानी, लाल मिर्च पाउडर, हरा धनिया, प्याज।

**विधि**

- सूप वाली मैगी बनाने के लिए आप सबसे पहले पैन में पानी रखें। इसमें सूप का पाउडर डालें। पाउडर घुल जाए तो इसमें कटा प्याज डालें। इसके बाद मैगी तोड़कर डाल लें। मैगी जब उबलने लगे तो इसमें मैगी मसाला और लाल मिर्च पाउडर भी डाल लें। ध्यान रखें सूप में पहले ही नमक होगा, तो अलग से नमक बिल्कुल न डालें। वहीं मैगी मसाले और सूप दोनों में नमक होगा तो जरूरी नहीं आप मैगी मसाला पूरा लें या सूप का पाउडर भी कम कर सकते हैं। मैगी उबल रही हो तो इसमें कटा धनिया डाल लें। मैगी पक जाए तो गैस बंद कर दें। पानी कम या ज्यादा जैसा भी रखना है ये आपकी पसंद पर निर्भर करता है। बस मैगी को इसमें ज्यादा गलाएं नहीं वर्ना फूली हुई मैगी का टेस्ट इतना अच्छा नहीं आएगा।

# दोपहर में नींद की झपकी लेने के फायदे

दोपहर की नींद का नाम सुनते ही फिल्म 3 ईडियट्स में प्रोफेसर सहस्त्रबुद्धे की छवि सामने आ जाती है। इस भूमिका को एक्टर बोमन ईरानी ने बखूबी निभाया था। सहस्त्रबुद्धे हर रोज दिन में सिर्फ 7.5 मिनट की नींद की झपकी लेते थे। वहीं असल लाइफ में भी कई लोग दिन में भी नींद की झपकी लेना बहुत जरूरी मानते हैं, तो कई बार लोग दिन में सिर्फ 5 से 10 मिनट की झपकी लेकर भी बहुत रिलेक्स महसूस करते हैं। अंदाजन 1 से 2 घंटे की झपकी लेना सेहत के लिए अच्छा होता है। वहीं अगर कई लोग सुबह जल्दी उठते हैं, तो दिन में कुछ देर सोना उनके लिए जादू की झप्पी की तरह होता है। नींद का मस्तिषक पर बहुत प्रभाव पड़ता है।



आइए जानते हैं दिन में नींद झपकी लेने से क्या फायदे होते हैं -

- दिन में नींद की 1 घंटे झपकी लेने से शरीर के मसल्स को आराम मिलता है। दिमाग रिलैक्स हो जाता है।

इसलिए अक्सर सो कर उठने के बाद इंसान अधिक तेजी से काम करने लगता है।

- अक्सर महिलाएं सुबह उठकर सभी काम करती है और रात में देर तक काम करती है। दिन में नींद की झपकी से बॉडी को बहुत हद तक आराम मिल जाता है।
- जॉब करने वाले या सुबह 7 बजे स्कूल जाने वाले बच्चों को दिन में 15 मिनट की झपकी भी बहुत रिलैक्स महसूस कराती है। बच्चे दिन में 2 घंटे तक भी सोते हैं और वह उनके लिए फायदेमंद भी है। वहीं जॉब करने वाले दिन में ऑफिस में रहते हैं। लेकिन वक्त मिलने पर 15 मिनट की झपकी जरूर निकालना चाहिए। इससे अलर्टनेस बढ़ती है। और काम भी अधिक अच्छे से होता है।
- कई बार लोग ठीक से नींद पूरी नहीं होने से बहुत चिड़चिड़े हो जाते हैं। मूड स्विंग होने लगता है, दिनभर थकान रहती है, आलसीपन बना रहता है। दिन में सोने मात्र से भी इंसान बहुत रिलैक्स महूसस करता है।
- कुछ लोग होते हैं, जिन्हें दिन में चाय पीने की आदत होती है उसी तरह कुछ लोगों को दिन में 15 मिनट सो जाने मात्र से ही दिमाग की नसें रिलैक्स हो जाती है और काफी रिलैक्स महसूस करता है सच्चाई यह भी है कि जो लोग बहुत अधिक सोते हैं उनका दिमाग तेज चलता है, वह जल्दी और सटीक निर्णय लेने में कुशल होते हैं।

## कविता

मैं तो अपनी मां की कोख में था
यहां तो एक अंधेरी दुनिया है
इस अंधेरे में किसी तरह का खौफ नहीं
इससे बाहर की दुनिया क्या है?
मुझे तो पता भी नहीं
उस दुनिया को देखने के लिए
अभी तो मैं तैयार ही हो रहा था
मैं तो अपनी मां के खाए हुए अंश
और उनकी सांसों से
खुद को बाहर आने के लिए तैयार कर रहा था
लेकिन उससे पहले ही
तुमने (आतंकी)
अपने हथियारों से
मेरी मां को बेमौत मार दिया
भला, मैं कैसे जिंदा रह पाता
मेरी सांसें तो मां की सांसों से जुड़ी थी
और मेरी मां ने तुम्हारा क्या बिगाड़ा था?
वो तो बड़ी प्यारी थी
हर मां के बेटे को
अपने बच्चे की तरह चाहती थी
शायद,
तुम नफरत आंधी में
इतने डूबे हुए थे कि
तुम्हें मेरी मां की ममता का
उसके स्नेह का
रंचमात्र भी एहसास नहीं हुआ
क्या
तुम्हारी मां ऐसी नहीं थी?
शायद,
तुमने उसके प्यार को समझा ही नहीं
और, तुमने मांओं, बच्चों तक पर गोलियां दाग दी
क्या ऐसा किसी धर्म ने पढ़ाया तुम्हें?
तुम्हारे धार्मिक गुरू ने बताया तुम्हें
शायद, सब तुम्हें गुमराह कर रहे हैं
तुम अनपढ़ हो
इसलिए हथियार का धर्म सीख लिया तुमने
इंसानियत को खाक में मिला दिया तुमने
तुम हैवान बन गए
तुम्हें इंसान नहीं चाहिए
बस, तुम खुद आतंकवादी बनकर
इंसानियत का खून कर रहे हो
रब की अनमोल बातों को दरकिनार कर रहे हो
मैं तो यह नहीं कहूंगा-
कि तुमने अपनी मां की कोख को बदनाम किया है
मुझे तो यही पता है
कि हर मां की कोख पवित्र होती है
मैं तो अभी अपनी मां की कोख में हूं
मुझे यही एहसास है
मैं जब अपनी मां की कोख से बाहर आ पाता
तब मुझे पता चलता
कि तुम जैसा बेटा आतंकवादी होता है
जो सिर्फ मां की कोख को बदनाम कर रहा है
तुम जैसे आतंकवादी की हरकतों से
लगता है कि
इस दुनिया में आने से तो अच्छा है
मां की कोख में ही रहा जाए
देखो, तुम्हारी दुनिया में आने की बजाय
मैं तो अपनी प्यारी मां के साथ ही रह गया
शायद, बाहर आता तो देख पाता
तुम जैसे आतंकवादी का चेहरा
यह भी महसूस करता
कि लश्करे तोएबा ने कैसे तुम्हें तुम्हारी मां से अलग किया
हो सके तो कभी
तुम मां के उस दर्द को महसूस करना
जिसने तुम्हें नौ महीने तक अपनी कोख में रखा
मगर आज, जो तुमने अपने आकाओं के कहने पर
तथाकथित धर्म के नाम पर
जेहाद के नाम पर
किसी गर्भवती मां को मारकर
जन्नत पाने का सपना देख रहे हो
जिस जन्नत की चाह में यह सब कुछ कर रहे हो
उसे किसी ने आज तक देखा तक नहीं है
मैंने तो अपनी मां की कोख में रहकर भी
यही सुना है कि
कोई धर्म नहीं सिखाता
कि गर्भवती/मांओं को मारने से जन्नत मिलती है
असली जन्नत तो मां के कदमों में है
और असली धर्म तो मां के सिखाए पाठ में है
जो हमें रोशनी वाली दुनिया में लाती हैं
और इंसानियत का पाठ पढ़ाती हैं
हथियार नहीं उठाना, नफरत नहीं करना
बल्कि,
हर किसी से प्यार करना सिखाती हैं।

-नवीन कुमार
प्रतीक्षा नगर, सायन (पूर्व), मुंबई
मो. 9820664643